# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## देश के सबसे ठंडे टॉप 10 शहरों में 5 मप्र के, राजगढ़ लगातार दूसरे दिन टॉप पर

# 'भयंकर' सर्दी

## भोपाल में 5.2 डिग्री का नया रिकॉर्ड

- भोपाल में सर्दी ने तोड़ा ऑल टाइम रिकॉर्ड
- 5 शहरों में पारा 5 से 7 डिग्री के बीच
- कल के बाद कुछ राहत के आसार

### भीषण सर्दी क्यों ?

उत्तरी हवाओं के साथ राजस्थान से लगातार आ रही ठंडी हवाएं बढ़ा रही सर्दी



करोंद मंडी ब्रिज पर घना कोहरा, रात 9:30 बजे का दृश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में नवंबर में ही दिसंबर-जनवरी से भी अधिक सर्दी महसूस की जा रही है। सोमवार को मैदानी क्षेत्रों में देश के सबसे ठंडे 10 शहरों में 5 शहर मध्य प्रदेश के शामिल रहे हैं।

इनमें राजगढ़ में रात का पारा 5 डिग्री के साथ देश में लगातार दूसरे दिन सबसे ठंडा शहर रहा, जबकि भोपाल का पारा 1.2 डिग्री गिरकर 5.2 के साथ दूसरे नंबर पर रहा है। भोपाल में सर्दी ने अब तक सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए 5.2 डिग्री का नया रिकॉर्ड कायम किया है। साथ ही उमरिया 7, इंदौर 7.2 और नौगांव 7.3 डिग्री के साथ देश के 10 सबसे ठंडे शहरों में शामिल हैं। कड़ाके की सर्दी और कोल्ड वेव को ध्यान में रखते हुए जिला कलेक्टर भोपाल और इंदौर ने सोमवार को स्कूलों के समय में बदलाव किया है। भोपाल में अब सुबह 8:30 और इंदौर में 9 बजे से स्कूल लगेंगे।

### स्कूलों का बदला समय

भोपाल व इंदौर जिले में स्कूलों का समय बदला, भोपाल में सुबह 8:30 बजे और इंदौर में 9 बजे से लगेंगे।

### पांच शहर 7 डिग्री के नीचे

सोमवार को प्रदेश के 5 शहरों में रात का पारा 7 डिग्री के नीचे रहा है। इनमें राजगढ़ 5, भोपाल 5.2, शाजापुर 5.4, शहडोल 6.1 और सीहोर में रात का पारा 6.8 डिग्री दर्ज किया गया है।

### सीवियर कोल्ड वेव के साथ कोल्ड-डे



दिन में भी कोहरा नजर आया

सोमवार को धार, खंडवा, बड़वानी, रीवा, शहडोल, जबलपुर, मालाजखंड (बालाघाट), नौगांव (छतरपुर), बैतूल जिलों में शीतलहर रही। भोपाल, राजगढ़, सीहोर, इंदौर, शाजापुर जिलो में सीवियर कोल्ड वेव रही। साथ ही मलाजखंड में कोल्ड-डे रहा है।

### आज यहां कोल्ड वेव

मंगलवार को भोपाल और राजगढ़ में सीवियर कोल्ड वेव रहेगी, जबकि विदिशा, रायसेन, सीहोर, बैतूल, हरदा, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, धार, देवास, शाजापुर, शिवपुरी, रीवा, सतना, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, सिवनी, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। इंदौर और बालाघाट में कोल्ड डे रह सकता है।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### 50% आरक्षण की सीमा पार की तो चुनाव रोक देंगे



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों से पहले आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। भावी सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत ने चेतावनी दी कि स्थानीय निकाय चुनावों में 50% आरक्षण सीमा से अधिक नहीं दिया जा सकता। उल्लंघन किया तो चुनाव पर रोक लगा देंगे।

### एआई में 40 अरब डॉलर के निवेश का ऐलान



**नई दिल्ली।** गूगल ने अगले कुछ वर्षों में अमेरिका के टेक्सास में 40 अरब डॉलर के निवेश का ऐलान किया है। यह निवेश टेक, क्लिन एनर्जी और डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर के एक प्रमुख केंद्र के रूप में टेक्सास में गूगल के लॉन्गटर्म विश्वास को दर्शाता है।

## शेख हसीना फिलहाल भारत में हैं

### अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने 'मानवता के खिलाफ' अपराध के मामले में दोषी करार दिया

# बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को 'फांसी की सजा'

शेख हसीना समेत अन्य अभियुक्तों पर पिछले साल 5 अगस्त को अशुलिया में छह छात्र प्रदर्शनकारियों की गोली मारकर हत्या करने का आरोप था, जिनमें से पांच को बाद में जला दिया गया था, जबकि छठे को कथित तौर पर जीवित रहते हुए आग लगा दी गई थी



**शेख हसीना ने कहा- राजनीतिक प्रतिशोध के चलते उनके खिलाफ ये मुकदमे और फैसला, यह एक धांधली वाला न्यायाधिकरण**

छात्र आंदोलन को कुचलने का भी आरोप

### हसीना को अब क्या अधिकार?

एक भगोड़ा, फरार रहते हुए अपील करने के अधिकारी नहीं है, सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर करने के लिए दोषी को या तो गिरफ्तार होना होगा या आत्मसमर्पण करना होगा 2. अपील फैसले के 30 दिनों के भीतर दायर की जानी चाहिए, और कानून के अनुसार अपीलीय प्रभाग को अपील दायर होने के 60 दिनों के भीतर उसका निपटारा करना होगा



फैसले से पहले हिंसा की तस्वीरें सामने आईं

एजेंसी ▶▶ढाका

बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को मानवता के खिलाफ अपराध के मामले में दोषी करार दिया गया है। विशेष न्यायाधिकरण ने पूर्व पीएम को सभी पांचों मामलों में दोषी ठहराते हुए फांसी की सजा सुनाई है। बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने शेख हसीना और पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान खान कमाल और ▶▶शेष पेज 4 पर

### ये हैं आरोप

पहला आरोपः अभियोजन पक्ष ने शेख हसीना और अन्य पर हत्या, हत्या के प्रयास, यातना और अन्य अमानवीय कृत्यों का आरोप लगाया। साथ ही शेख हसीना और अन्य पर अवामी लीग और सशस्त्र बलों द्वारा नागरिकों के विरुद्ध किए गए इन अपराधों को बढ़ावा देने, भड़काने, सुगम ▶▶शेष पेज 4 पर

### भारत क्या बोला?

### सभी पक्षों से सकारात्मक संवाद के लिए संपर्क में

**नई दिल्ली।** शेख हसीना को सुनाई गई मौत की सजा के फैसले पर सोमवार को भारत की प्रतिक्रिया सामने आई है। विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि बांग्लादेशी न्यायाधिकरण के फैसले का हमने संज्ञान लिया है। भारत बांग्लादेश में शांति, लोकतंत्र, समावेशिता और स्थिरता को स्थापित करने के लिए सभी संबंधित पक्षों के साथ रचनात्मक व सकारात्मक रूप से हमेशा संपर्क में बना रहेगा। बांग्लादेश का एक निकट पड़ोसी देश होने के नाते हम वहां के सभी नागरिकों के हितों का ध्यान रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ▶▶पढ़ें पेज 08 भी



ढाका में प्रदर्शनकारियों को खदेड़ती पुलिस

### हसीना पर फैसले से पहले ढाका में हिंसा और तनाव

## प्रदर्शनकारियों को गोली मारने के दिए आदेश

बांग्लादेश में हिंसा और अस्थिरता का दौर एक बार फिर तेज हो गया है। बांग्लादेश की राजधानी ढाका समेत कई शहरों में धमाके और आगजनी हुई। इससे खासतौर से ढाका में तनाव बढ़ गया है। हिंसक प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने का आदेश भी जारी कर दिया गया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है, जब शेख हसीना के खिलाफ आईसीटी फैसला सुनाने जा रहा था। शेख हसीना ने अपने खिलाफ फैसला आने से पहले रविवार रात को सोशल मीडिया पर ऑडियो संदेश जारी किया। हसीना ने अपनी पार्टी अवामी लीग के समर्थकों से सरकारी प्रतिबंध के बावजूद विरोध प्रदर्शन जारी रखने के लिए कहा ▶▶शेष पेज 4 पर

### कई जगह धमाके और आगजनी

बांग्लादेश की राजधानी ढाका और दूसरे शहरों में बीते कुछ दिनों में देसी बम विस्फोटों और वाहनों में आग लगाने की घटनाएं हुई हैं। इस कड़ी में रविवार देर रात अंतरिम सरकारी सलाहकार सैयदा रिजवाना हसन के आवास के बाहर दो देसी बम फटे। रविवार को एक विस्फोट कारवां बाजार इलाके में हुआ। इससे किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। ढाका में एक पुलिस स्टेशन परिसर में खड़ी बसों और कचरा डंपिंग स्थल को निशाना बनाकर आगजनी की गई। मेट्रोपॉलिटन पुलिस आयुक्त एसएम सजात अली ने सुरक्षाबलों को हिंसा करने वाले प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने का आदेश दिया है।

### सिंहस्थ पर राज्य सरकार का बड़ा निर्णय

## सिंहस्थ लैंड पूलिंग निरस्त, सीएम बोले किसानों की भावना का किया सम्मान

▶▶ नगरीय प्रशासन विकास विभाग और जिला प्रशासन को आदेश जारी करने के निर्देश दिए



किसान संघ द्वारा मुख्यमंत्री के निर्णय का स्वागत कर आभार जताया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मप्र सरकार ने उज्जैन में 2028 में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसानों की आपत्तियों और भावनाओं का सम्मान करते हुए आयोजन के लिए प्रस्तावित लैंड पूलिंग योजना को निरस्त कर दिया है। यह फैसला सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर हुई एक उच्च-स्तरीय बैठक में लिया गया।

सीएम ने किसान संघ, भाजपा पदाधिकारी, उज्जैन के जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन उज्जैन के साथ बैठक कर सिंहस्थ के आयोजन को लेकर समग्र रूप से चर्चा की। बैठक में सिंहस्थ का आयोजन दिव्य, भव्य और विश्व स्तरीय करने के लिए हर संभव प्रयास करने पर सहमति बनी, जिसमें साधु-संतों, किसानों के हितों का व्यापक रूप से ध्यान रखा जाएगा। सीएम ने नगरीय प्रशासन विकास विभाग और जिला प्रशासन को आदेश जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, किसान संघ की और से महेश चौधरी, कमल सिंह आंजना, अतुल माहेश्वरी, लक्ष्मी नारायण पटेल, भरत बैस, रमेश दांगी, भाजपा संगठन की और से नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल आनंद खींची आदि उपस्थित रहे।

### यह थी योजना

उज्जैन सिंहस्थ क्षेत्र में लगभग 2,800 हेक्टेयर भूमि है। इसमें साढ़े आठ सौ हेक्टेयर शासकीय और शेष निजी भूमि है। सरकार बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए यहां जन सुविधा की दृष्टि से स्थायी निर्माण करना चाहती थी। इसके लिए किसानों की भूमि लैंड पूलिंग के तहत लेना प्रस्तावित था। इसमें जिसकी भूमि ली जाती, उसे एक निश्चित क्षेत्र में स्थायी निर्माण करके सरकार देती और बाजार मूल्य से शेष भूमि का भुगतान भी किया जाता।

### चार दिनी 78वें आलमी तबलीगी इज्तिमा का समापन

## भलाई मांगने लाखों लोगों ने उठाए दुआ में हाथ... एक साथ कहा-आमीन

- ▶▶ मौलाना सआद कांधालवी ने कराई दुआ
- ▶▶ काजीकैंप से करोंद नबीबाग तक मेट्रो बेरिकेड्स बने अड़चन



ईंटखेड़ी रोड पर जत्थे की वापसी के दौरान लाखों लोगों की भीड़ नजर आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

पिछले चार दिनों से ईंटखेड़ी के घासीपुरा में चल रहे 78वें आलमी तबलीगी इज्तिमा का समापन सोमवार सुबह देश में अमनो-अमन की दुआओं के साथ हुआ। मौलाना सआद कांधालवी ने दुआ कराई। आयोजन स्थल से लेकर तीन किमी तक सड़क खेत और घरों में बैठे लोगों ने आमीन कहा। दुआ में शिरकत के लिए बड़ी तादाद में लोगों ने रात से ही इज्तिमागाह पहुंचना शुरू कर दिया था। इंतजामिया कमेटी ने ▶▶शेष पेज 4 पर

### बिहार कैबिनेट में विधानसभा को भंग करने का प्रस्ताव पास

राज्यपाल से मुलाकात कर कैबिनेट के निर्णय की दी जानकारी

## नीतीश 19 को देंगे इस्तीफा, 20 नवंबर को नई सरकार का शपथ-ग्रहण संभव

एजेंसी ▶▶पटना

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के नतीजे आने के बाद राज्य में सरकार बनाने की हलचल तेज है। चुनाव में एनडीए को भारी जीत मिलने के बाद सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया।

उन्होंने सोमवार को कैबिनेट की बैठक बुलाई, जिसमें मौजूदा विधानसभा को भंग करने का प्रस्ताव पास किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में औपचारिक रूप से यह सिफारिश पारित की गई कि वर्तमान विधानसभा 19 नवंबर को भंग मानी जाएगी। कैबिनेट के फैसले के बाद मुख्यमंत्री तुरंत राजभवन पहुंचे और बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को कैबिनेट के निर्णय की जानकारी दी। इससे साफ हो गया है कि नई सरकार के गठन की सभी संवैधानिक प्रक्रियाएं 19 नवंबर के बाद ही शुरू होंगी।



नीतीश कुमार ने राज्यपाल से मुलाकात की

19 नवंबर को नीतीश कुमार राज्यपाल को अपना इस्तीफ़ा सौंपेंगे और माना जा रहा है कि उसके अगले ही दिन यानी 20 नवंबर को नई सरकार का शपथ-ग्रहण होगा। शपथ-ग्रहण समारोह पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए 20 तारीख तक आम लोगों की एंट्री पर रोक लगा दी गई है।

### ये होगा

एनडीए की सभी पार्टियां अपने विधायक दल का नेता चुनेंगी, वहीं जेडीयू की बैठक में नीतीश कुमार को नेता चुना जाएगा। फिर एनडीए की साझा बैठक में नीतीश को सर्वसम्मति से नेता घोषित किया जाएगा

### फिर नीतीश ही बनाएंगे सरकार

अब साफ हो गया है कि आगामी सरकार का नेतृत्व भी नीतीश कुमार ही करेंगे। एनडीए ने 243 में से 202 सीटें जीतकर भारी बहुमत हासिल किया है। इसमें भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, जबकि जेडीयू दूसरे नंबर पर रही।

### छात्रों को उनके सवालों के जवाब दिए और क्रिकेट से जुड़ी अपनी यात्रा व अनुभव

# क्रिकेटर शशांक सिंह पहुंचे श्री भवंस भारती पब्लिक स्कूल, बच्चों के साथ साझा किए खेल अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



केरवा डैम रोड स्थित श्री भवंस भारती पब्लिक स्कूल में मंगलवार को एक खास क्षण देखने को मिला, जब भारतीय क्रिकेटर एवं आईपीएल टीम किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाड़ी शशांक सिंह छात्रों से रूबरू होने पहुंचे। स्कूल परिसर में बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला।

शशांक सिंह ने छात्रों को उनके सवालों के जवाब दिए और क्रिकेट से जुड़ी अपनी यात्रा व अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि वह मूल रूप से भोपाल के ही रहने वाले हैं और यहीं से उन्होंने क्रिकेट की शुरुआत कर अपने सपनों को उड़ान दी।स्पोर्ट्स एक्टिविटी के दौरान बच्चों ने शशांक के साथ क्रिकेट की कई तकनीकें सीखीं और खेल का आनंद लिया। उन्होंने छात्रों को खेल भावना, अनुशासन और नियमित अभ्यास की अहमियत समझाई। शशांक ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग की बारीकियों पर भी बच्चों को सरल भाषा में समझाया।

### बच्चों ने लिए ऑटोग्राफ

इस अवसर पर स्कूल की संचालक हिना राउत ने बताया कि श्री भवंस भारती पब्लिक स्कूल अपने एनुअल डे सेलिब्रेट कर रहा है जिसके चलते आज 11 एनुअल स्पोर्ट्स मीट मीट के उपलक्ष्य में आज क्रिकेटर शशांक सिंह उपस्थित हुए। साथ ही विद्यालय में बच्चों के समग्र विकास के लिए समय–समय पर इस तरह की गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। इसी क्रम में आज स्पोर्ट्स एक्टिविटी को आयोजित किया गया और कहा कि ऐसी पहल से बच्चों में खेल के प्रति रुचि और आत्मविश्वास बढ़ता है।

### अंडर-22 इंटर क्लब/ अकादमी बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट

## सेंचुरियन अकादमी ने राजगढ़ डिस्ट्रिक्ट को 82 रन से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भोपाल डिवीज़न क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-22 बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट में फ़ेथ क्रिकेट क्लब मैदान पर सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी और राजगढ़ डिस्ट्रिक्ट के मध्य मैच खेला गया। सेंचुरियन अकादमी ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 322 रन बनाए, जिसमें आयुष अवस्थी ने शानदार 160 रन की पारी खेली और आर्यन साहनी ने 62 रन बनाए। राजगढ़ डिस्ट्रिक्ट से गेंदबाजी करते हुए हरीश दांगी 3 विकेट, योगेश यादव ने 2 विकेट लिया । जवाब में राजगढ़ डिस्ट्रिक्ट 45.5 ओवर में 240 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिसमें मन प्रताप सिंह ने 74 रन, योगेश यादव 56 रन और राघव सोनी ने नाबाद 36 रन बनाए । सेंचुरियन अकादमी से मोहम्मद अफ्फान ने 4 विकेट एवं आर्यन साहनी ने 2 विकेट लिए । इस तरह सेंचुरियन अकादमी ने राजगढ़ डिस्ट्रिक्ट को 82 रन से हराया ।

## गर्वित ने स्काय मार्शल आर्ट राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जीते 3 गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में खेली गई स्काय मार्शल आर्ट राष्ट्रीय चैंपियनशिप की फाइट में शहर के गर्वित यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीते हैं।

गर्वित ने चैंपियन ऑफ चैंपियनशिप भी अंडर 11 में खेल कर अपने नाम की और जीत हासिल की, जिसमें उसने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मालूम हो कि गर्वित यादव शहर के ख्याति प्राप्त पहलवान गेंदालाल यादव के पोते हैं। महापौर मालती राय ने गर्वित को शुभकामनाएं दी हैं।




### स्व. हुकुम सिंह स्मृति ग्रीन पैराडाइस कप टूर्नामेंट

## मयंक क्रिकेट अकादमी ने अंकुर अकादमी को 7 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वर्गीय ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति अखिल भारतीय ग्रीन पैराडाइस कप क्रिकेट प्रतियोगिता के आज के मुकाबले में मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खब्बू गेंदबाज शिवांश चतुर्वेदी की हैट्रिक और देवांश यदुवंशी की शानदार बल्लेबाजी से अंकुर अकादमी को 7 विकेट से हरा दिया। मुकाबला ओल्ड कैंपियन ग्राउंड में खेला गया। अंकुर टीम 17.3 ओवर में 148 रन बनाए। टीम के आयुष परमार ने 66 रन (75 गेंद) की बेहतरीन पारी खेली। उनके अलावा पुरवेश ने 44 रन बनाए।

मयंक के पीयूष सिंह और शिवांश चतुर्वेदी ने तीन-तीन विकेट लिए ,जिसमें शिवांश चतुर्वेदी ने प्रतियोगिता की पहली हैट्रिक बनाई ,अरबाज उद्दीन ने दो विकेट लिए। मयंक चतुर्वेदी की टीम ने 24 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर जरूरी रन बना लिए। देवांश यदुवंशी ने 50 रन की शानदार पारी खेली।



शिवांश को पुरस्कृत करते अतिथि।

### शिवांश बने मैच के हीरो

अरबाज उद्दीन ने नाबाद 38*, अक्षत बाजपेयी ने 23, शुभम शुक्ला ने 22, प्रियांशु प्राण ने नाबाद 20* रन का योगदान दिया। अंकुर टीम के गेंदबाज रबजीत सिंह, शांतनु खरे और वैभव बाथम ने क्रमशःएक-एक विकेट लिए।मैच में हैट्रिक लेने के लिए शिवांश चतुर्वेदी को मैन ऑफ द मैच क्रिकेट कोच श्री ज्योति प्रकाश त्यागी और श्री पीयूष सिंह बघेल द्वारा प्रदान किया गया ।

## 34 पदकों के साथ कार्मेल कॉन्वेंट जिला स्कूल वर्ग में कराते का ओवरऑल चैंपियन

**भोपाल** । 37वीं भोपाल जिला कराते प्रतियोगिता में 10 स्वर्ण, 10 रजत और 14 कांस्य पदक जीतकर कार्मेल कॉन्वेंट ओवरऑल चैंपियन बन गया है। माउंट कार्मेल उप-विजेता रहा है। क्लब वर्ग में ब्लैक बेल्ट कराते एकेडमी ने 11 स्वर्ण, 8 रजत और 7 कांस्य पदकों के साथ विजेता का खिताब जीता है। योद्धा मार्शल आर्ट 8 स्वर्ण, 12 रजत और 8 कांस्य पदक हासिल कर उपविजेता बना है। भोपाल जिला कराते संघ द्वारा मध्य प्रदेश कराते संघ के तत्वावधान में 37वीं जिला कराते प्रतियोगिता का आयोजन 15 और 16 नवंबर को गुजराती समाज भवन, तुलसी नगर में किया गया।

■ 37 वीं जिला कराते प्रतियोगित में माउंट कार्मेल स्कूल की टीम बनी उप-विजेता

### विभिन्न आयु-वजन वर्ग की स्पर्धाएं

संघ के सचिव संजय थवाइत ने बताया कि विश्व कराते महासंघ के नियमों के अंतर्गत बालक, बालिका, पुरुष, महिला वर्ग के विभिन्न आयु और वजन श्रेणियों में स्पर्धाएं हुईं। मध्य प्रदेश कराते महासंघ के महासचिव जमाल नासिर और कोषाध्यक्ष पीजीवी नायडू द्वारा प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। इसमें भोपाल के स्कूल, कॉलेज और क्लब के कराते खिलाड़ियों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल के एस एन शर्मा, मोहम्मद रियाज, हेमंत देखशमुख, प्रशांत खरे, मुकेश मेहर, अर्जुन सोनी, उत्कृष्ट, नितिन, शुभम, मोहित, रजित और यशवंत ने मुकाबले संपन्न कराए।

### भोपाल के नन्हें जुड़वा मनश्वित-मनोज्ञा और इशवा जैन ने बेहतर प्रदर्शन से किया अंचभित

# राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप में छाए भाई-बहन सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल किए अपने नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पांच और छह साल के नन्हें बच्चों के हाथ कराटे में ऐसे चले कि राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में सिल्वर और ब्रोंज मेडल अपने नाम कर लाए। राजधानी के एक ही परिवार के तीन भाई-बहनों ने दो सिल्वर और एक ब्रोंज मेडल अन्य प्रदेशों के प्रतिभागियों को पटककर झटक लिये। रचना नगर निवासी केजी टू में पढ़ रहे जुड़वा भाई-बहन मनश्वित और मनोज्ञा जैन ने सिल्वर मेडल तो कक्षा दो पढ़ रहीं उनकी कजिन बहिन इशवा जैन ने ब्रोंज मेडल अपने नाम किया। सेज विश्वविद्यालय में यूथ शोतोकान कराटे की राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में राजस्थान, तमिलनाडू, आंध्र, छग सहित अन्य राज्यों के करीब दो सौ प्रतिभागी शामिल हुए। अलग-अलग वेट कैटेगरी में मुकाबले हुए। ट्वेंटी माइनस कैटेगिरी में विजेता रहे मनश्वित सीनियर ओरेंज बेल्ट,मनोज्ञा और इशवा जूनियर ओरेंज बेल्ट धारी हैं। मुकाबलों में अद्विका, चंचल थापा और सार्थक ने गोल्ड व सिल्वर अपने नाम किए।

■ यूथ शोतोकान कराटे के शौर्य कप 2025



मनोज्ञा जैन ( सिल्वर मेडल)



मनश्वित जैन ( सिल्वर मेडल)



इशवा जैन( ब्रॉन्ज मेडल)

### सेल्फ डिफेंस के लिए सिखाया, अब ये इनका जुनून

प्रतियोगिता में मेडल जीते जुड़चा भाई-बहनों के पिता और इश्वा के मामा वैभव जैन ने बताया कि इशवा बचपन से उनके साथ ही रह रही हैं। माता-पिता शासकीय अफसर होने के कारण अन्य जिलों में पदस्थ हैं। सेल्फ डिफेंस के लिए बच्चों को कराटे कर प्रशिक्षण दिलवाना शुरु किया जो अब इनके जुनून में परिवर्तित हो गया है। कोच अमिताभ श्रीवास्तव ने बताया कि तीनों भाई-बहन अन्य स्टूडेंट्स के मुकाबले ज्यादा रुचि लेकर सीखते हैं।




भोपाल
मंगलवार, 18 नवंबर 2025
अगहन मास कृष्ण पक्ष -13
वर्ष : 12, अंक : 228
पृष्ठ : 16+8=24 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 24
न्यून. 12

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## प्रधानमंत्री मोदी ने हादसे पर जताया दुख
### रियाद और जेद्दाह के दूतावास मदद मुहैया करवा रहे



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सऊदी अरब हादसे पर दुख जताया। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा कि मदीना में भारतीय नागरिकों के साथ हुए हादसे से बेहद दुखी हूं। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। मैं हादसे में घायल लोगों के जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। रियाद स्थित हमारा दूतावास और जेद्दाह का महावाणिज्य दूतावास हरसंभव मदद मुहैया करा रहे हैं। हमारे अधिकारी भी सऊदी अरब सरकार के अधिकारियों के संपर्क में हैं।



सोशल मीडिया में आई बस और टैंकर में टक्कर की तस्वीर

उमराह के लिए मदीना जा रहे लोगों की बस तेल टैंकर से टकराई

# बस में सवार सोते हुए 45 भारतीय जिंदा जले, एक ही परिवार के 18 सदस्यों की मौत

**अब मृतकों की पहचान करना भी मुश्किल**

**मरने वालों में अधिकतर हैदराबाद के निवासी**

- जेद्दाह स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने एक कंट्रोल रूम बनाया गया है, जिसका टोल फ्री नंबर है 8002440003
- भारत में इन नंबरों पर ली जा सकती है जानकारी 8002440003 (टोल फ्री), 0122614093, 0126614276, 0556122301 (वाट्सएप नंबर)

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सऊदी अरब में हुए एक भीषण सड़क हादसे में 45 भारतीयों की मौत हो गई है। मरने वालों में अधिकतर हैदराबाद के निवासी थे। यह हादसा उस समय हुआ, जब उमराह के लिए गए लोगों को लेकर जा रही बस एक तेल के टैंकर से टकरा गई। हादसा मदीना के नजदीक हुआ और हादसे में मरने वाले भारतीय उमराह यात्री हैं। हैदराबाद के पुलिस आयुक्त ने इसकी पुष्टि की है। उमराह गए लोगों को ▶▶ शेष पेज 4 पर

हैदराबाद पुलिस आयुक्त ने बताया

### हादसे में सिर्फ एक व्यक्ति जीवित बचा

हैदराबाद पुलिस आयुक्त वीसी सज्जनार ने बताया कि बीती 9 नवंबर को हैदराबाद से 54 लोग उमराह के लिए जेद्दाह गए थे और इन लोगों को 23 नवंबर को वापस आना था। इन 54 में से चार लोग एक कार से मक्का से मदीना जा रहे थे और चार अन्य लोग मक्का में ही रुक गए थे। बाकी लोग हादसे का शिकार हुई बस में सफर कर रहे थे। हादसे के समय बस में 46 लोग सवार थे। हादसे में सिर्फ एक व्यक्ति जीवित बचा है, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।



हैदराबाद के एक ही परिवार की तीन पीढ़ियों के 18 सदस्य एक साथ खत्म हो गए, रिश्तेदार न्याय की मांग कर रहे हैं और हादसे की पूरी जांच चाहते हैं

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

## खबर संक्षेप

### अवैध उत्खनन के दौरान चट्टान ढही, 5 मजदूर दबे



**छिंदवाड़ा।** वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के पेंच क्षेत्र में स्थित इकलहरा की बंद ओपन कास्ट खदान रविवार-सोमवार की रात फिर अवैध उत्खनन का शिकार बनी। देर रात करीब 3 बजे अवैध रूप से कोयला निकाल रहे करीब 15 लोगों के समूह पर अचानक पहाड़ी चट्टान ढह गई। हादसे में 5 लोग मलबे में दब गए। घटना के बाद साथियों ने ही बाहर निकाला।

### बंदर भगाने छत पर चढ़ा युवक हाईटेंशन लाइन से जिंदा जला



**जबलपुर।** गोकलपुर में एक युवक बंदरों को भगाने के चक्कर में जिंदा जल गया। रविवार रात जैसे ही उसने बंदरों को भगाने के लिए लोहे की रॉड ऊपर उठाई, वह हाईटेंशन बिजली की लाइन से टकरा गई। जोरदार धमाका हुआ और युवक जलने लगा। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। हादसा तीन मंजिला इमारत में हुआ। मृतक का नाम संजय है। घटना का वीडियो भी सामने आया है।

### अंधे मोड़ में पलटी पिकअप महिला की मौत, 14 घायल



**विदिशा।** हैदरगढ़ क्षेत्र में सोमवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया। करीला धाम से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलट गई। हादसा हिम्मतपुर गांव के पास का है। मौके पर मौजूद लोगों ने रेस्क्यू शुरू किया और तुरंत पुलिस को सूचित किया। हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि 13 लोग घायल हुए। सभी करीला धाम दर्शन करके लौट रहे थे।

राजधानी के रवींद्र भवन में आयोजित 29वें राज्य स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में सीएम ने कहा

# ढाई लाख भर्तियों का टारगेट, जल्द 1 लाख शासकीय पदों पर मिलेंगे नौकरी के अवसर

*सीएम ने कहा कि राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में 7 लाख युवाओं को स्वरोजगार के लिए 5 हजार करोड़ के ऋण प्रदान किए गए हैं, जिससे वे अपने स्वावलंबी जीवन की नींव रख सकें*



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम

विकसित भारत का भविष्य युवाओं के हाथों में ही सुरक्षित

**11 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विकसित भारत का भविष्य युवाओं के हाथों में ही सुरक्षित है। यही राज्य की भी असली मैनपावर है। इसे ध्यान में रख कर ही हमारी सरकार ने वर्ष 2025 को निवेश, रोजगार और युवाओं के कौशल विकास के लिए महत्वपूर्ण वर्ष के रूप में मनाया। इस दौरान 11 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए गए।

कर्मचारी चयन मंडल एवं मप्र लोक सेवा आयोग के माध्यम से लगभग एक लाख पदों पर भर्ती तेजी से जारी है। सरकार का लक्ष्य इसे 2.5 लाख भर्तियों तक पहुंचाने का है। डॉ. यादव सोमवार को रवींद्र भवन में ▶▶ शेष पेज 4 पर



मुख्यमंत्री यादव खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान करते हुए

**भारत की पश्चिमी अंतर्राष्ट्रीय सीमा भ्रमण के लिए जा रहीं 3 बसों को हरी झंडी दिखाई इसमें 144 युवतियां**

**सभी संभागों के युवाओं द्वारा तैयार प्रादर्शों (मॉडल्स) का अवलोकन किया**

### नृत्याचार्य व खिलाड़ियों का किया सम्मान

डॉ. यादव ने नृत्याचार्य पद्मश्री श्री रामलाल बरेठ को 51 हजार रुपए, शूटिंग प्लेयर ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर को 2 लाख रुपए एवं एथलीट सुश्री रंजना यादव को एक लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि के चेक एवं सम्मान-पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने मां तुझे प्रणाम योजना के ▶▶ शेष पेज 4 पर

### युवाओं ने सभी क्षेत्रों में लगाई लंबी छलांग

मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में विकसित और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए हमारी युवा शक्ति नए-नए कीर्तिमान गढ़ रही है। मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों के खिलाड़ियों ने ओलिंपिक से लेकर अनेकों प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आज युवा शक्ति के माध्यम से भारत ने सभी क्षेत्रों में लंबी छलांग लगाई है। खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि युवा खेल के माध्यम से शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहें, इसके लिए युवाओं को ▶▶ शेष पेज 4 पर

### लोक कलाकारों ने प्रस्तुतियों से किया मंत्रमुग्ध

29वें राज्य स्तरीय युवा उत्सव के उद्घाटन समारोह में बुंदेलखंड के कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण पर केंद्रित लोकगीत एवं श्रीकृष्ण की विविध लीलाओं को प्रदर्शित करते लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके अलावा युवा तबला वादक समर्थ शर्मा ने सितार के साथ जुगलबंदी पेश कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। युवा ▶▶ शेष पेज 4 पर

सीएम आज करेंगे राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का शुभारंभ

## 31 प्रदेशों के 900 से ज्यादा विद्यार्थी करेंगे 'सहभागिता'

**23 नवंबर तक होंगी विज्ञान पर केंद्रित गतिविधियां**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में 18 नवंबर मंगलवार को प्रातः 9:45 पर 52वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे। प्रदर्शनी का आयोजन राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, श्यामला हिल्स, भोपाल में किया जा रहा है। प्रदर्शनी के आयोजन में स्कूल शिक्षा विभाग सहभागिता कर रहा है। इसमें 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 900 से ज्यादा विद्यार्थी एवं शिक्षक विज्ञान पर केंद्रित प्रोजेक्ट एवं मॉडल प्रदर्शित करेंगे। कार्यक्रम में देश के समस्त प्रदेश एवं केंद्र शासित प्रदेशों के 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग के स्कूली विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से विभिन्न वैज्ञानिक संस्थाओं जैसे आंचलिक विज्ञान केंद्र, आईसर, मैनिट, आईसेक्ट एवं ग्लोबल स्किल पार्क के वैज्ञानिक सहभागी विद्यार्थियों के ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 240 साइंस मॉडल का होगा प्रदर्शन

प्रदर्शनी में प्रतिदिन 2 हजार विद्यार्थी एवं नागरिक अवलोकन करने पहुंचेंगे। प्रदर्शनी में 240 साइंस मॉडल का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसमें प्रतिभागी विद्यालयों की संख्या 229 है। यह प्रदर्शनी देश के विभिन्न भागों के युवाओं एवं बच्चों को विज्ञान, गणित तथा पर्यावरण संबंधी मुद्दों के विभिन्न पहलुओं के विषय में जानकारी प्राप्त करने और एक-दूसरे के साथ अपनी विविध संस्कृतियों को साझा करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगी।

दिल्ली ब्लास्ट का महू से कनेक्शन

## अल फलाह विवि. अध्यक्ष के भाई पर शिकंजा, महू पुलिस ने दबोच लिया

**हमूद के संपर्कों और पिछले कुछ वर्षों की गतिविधियों की जांच**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



अल फलाह विश्वविद्यालय

दिल्ली विस्फोट मामले में जांच के घेरे में आए अल फलाह विश्वविद्यालय के अध्यक्ष जावेद सिद्दीकी के भाई को मप्र पुलिस ने महू में वित्तीय धोखाधड़ी के सिलसिले में हैदराबाद से गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार 25 साल पहले महू में बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी करने के आरोपी हमूद अहमद सिद्दीकी को रविवार को हैदराबाद से गिरफ्तार किया गया। महू के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी ललित सिंह सिकरवार ने बताया कि हमूद 2000 में कथित तौर पर एक फर्जी निजी बैंक स्थापित करने और सैकड़ों निवासियों को उनकी जमा राशि दोगुनी करने का वादा करके उन्हें लुभाने के बाद महू से गायब हो गया था। घोटाला सामने आने के तुरंत बाद वह अपने परिवार के साथ भाग गया था, जिससे अधिकारी दशकों तक उसकी तलाश करते रहे। उसे हैदराबाद ▶▶ शेष पेज 4 पर

कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट पर रोक

### ममता बेनर्जी के सांसद भतीजे अभिषेक को हाईकोर्ट से राहत



विजयवर्गीय के बेटे के लिए अभद्र शब्द बोला था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के सांसद भतीजे अभिषेक बेनर्जी को हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की एकलपीठ ने उनके खिलाफ मानहानि के प्रकरण में एमपी-एमएलए कोर्ट भोपाल द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है। एकलपीठ ने अनावेदक को नोटिस जारी करते हुए याचिका पर अगली सुनवाई 8 ▶▶ शेष पेज 4 पर

मुरैना में तीन युवक नदी में डूबे

### एक की मौत, ग्रामीणों ने दूसरे को बचाया, तीसरा युवक लापता



क्वारी नदी में कपड़े धोने गए थे चारों युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना

यहां नदी में कपड़े धो रहे तीन लोग तेज बहाव में बह गए। इनमें से एक की मौत हो गई, दूसरे को लोगों ने नदी में बहने से बचा लिया। वहीं तीसरा लापता है। उसकी तलाश की जा रही है। ब्रिज पर खड़े होकर लोग जुटे हुए हैं। घटना कैलारस तहसील के नेपरी पुल क्वारी नदी की है। तीन युवक टेंट के कपड़े धोने के लिए गए थे। तेज बहाव के कारण नदी में डूबे। स्थानीय लोगों ने एक ▶▶ शेष पेज 4 पर

जिंदगी भर की जमापूंजी साफ

### बेंगलुरु में महिला को डिजिटल अरेस्ट कर ठगे 32 करोड़ रुपए



सीबीआई आरबीआई अफसर बन ठगी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

बेंगलुरु में 57 साल की महिला को डिजिटल अरेस्ट कर दो महीने के भीतर 32 करोड़ रुपए ठगे गए। ठगों ने डीएचएल कर्मचारी, साइबर अपराध विभाग, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के वरिष्ठ अधिकारियों का रूप धारण कर महिला को कथित तौर पर एक महीने तक डिजिटल अरेस्ट रखा। 14 नवंबर को दर्ज की गई एफआईआर ▶▶ शेष पेज 4 पर

धर्मेंद्र की तबीयत में हो रहा सुधार

### हेमा मालिनी से मिले शत्रुघ्न ड्रीम गर्ल के चेहरे पर मायूसी

**धर्मेंद्र 8 दिसंबर को 90 साल के हो जाएंगे**

परिवार में जन्मदिन मनाने की प्लानिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई





शत्रुघ्न सिन्हा पत्नी पूनम सिन्हा के साथ हेमा मालिनी

कुछ दिन पहले ब्रीच कैंडी अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र फिलहाल अपने घर पर डॉक्टर्स की देखरेख में हैं। धर्मेंद्र अब धीरे धीरे रिकवर हो रहे हैं। एक्टर शत्रुघ्न सिन्हा पत्नी पूनम सिन्हा के साथ हेमा मालिनी से मिलने गए और धर्मेंद्र के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। हेमा मालिनी से मिलने के बाद, शत्रुघ्न सिन्हा ने अपने एक्स अकाउंट पर हेमामालिनी के साथ अपनी मुलाकात की कुछ तस्वीरें शेयर कीं और लिखा- पूनम सिन्हा के साथ, हमारी बहुत प्यारी पारिवारिक दोस्त, बेहतरीन इंसानों में से एक, बेहतरीन स्टार, उच्चतम ▶▶ शेष पेज 4 पर

जापान में अनोखी शादी: लेकिन, एआई इंसानी इंटिमेसी की जगह नहीं ले सकता

महिला ने ब्रेकअप के बाद चैटजीपीटी से बनाए गए एआई पार्टनर से प्रतीकात्मक शादी की

## 32 वर्षीय महिला ने एआई को बनाया जीवनसाथी कहा- अब इंसानों से ज्यादा 'एआई' पर ही भरोसा

अलग खबर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल अब सिर्फ आपकी मदद करने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि ये इससे कहीं आगे बढ़ चुका है। एआई के इन्वेंशन ने तकनीक के इस्तेमाल का तरीका पूरी तरह बदल दिया है। अब इंसान इससे केवल मदद ही नहीं ले रहे, बल्कि भावनात्मक रिश्ता भी जोड़ रहे हैं।

हैरानी की बात तो ये है कि अब यह इंसानों के बीच के रिश्तों को भी प्रभावित करने लगा है। कई मामलों में देखा गया है कि लोग इंसानों के बजाए एआई को अपना बेहतर ▶▶ शेष पेज 4 पर

निजी समारोह में रिंग एक्सचेंज से लेकर पारंपरिक रीति-रिवाज तक सभी रस्में निभाई गईं



एआई फोटो के साथ महिला कानो

### अकेलेपन में एआई बना इमोशनल सपोर्ट

महिला ने बताया कि वह तीन साल पुराने रिश्ते के टूटने से बेहद परेशान थीं। इसी दौरान एआई चैटबॉट से बातचीत ने उन्हें भावनात्मक सहारा दिया। उनके मुताबिक आज की दुनिया में जहां प्यार जल्दी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### क्या एआई इंसानी नजदीकी दे सकता है?

मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि जब इंसान भावनात्मक रूप से कमजोर या अकेले पड़ जाते हैं तो ऐसी स्थिती में एआई उन्हें उस स्थिती से उबरने में मदद करता है। एआई इंसानी इंटिमेसी की जगह ▶▶ शेष पेज 4 पर

**एआर ग्लासेज पहन कर पहनाई अंगूठी**

चूंकि दूल्हा एक एआई था इसलिए उसे एआर ग्लास के उपयोग से एक वर्चुअल माहौल में लाया गया ताकि असली जैसा महसूस हो। एआर ग्लास में वह महिला के सामने खड़ा दिख रहा था। ग्लास पहने ही महिला ने एआई से रिंग एक्सचेंज किया। हालांकि, यह विवाह पूरी तरह प्रतीकात्मक था और इसे कोई कानूनी वैधता नहीं मिली।

# एमपी के 122 अफसरों की मसूरी में ट्रेनिंग-एसआईआर के बीच 39 कलेक्टरों का भी सिलेक्शन, चीफ सेक्रेट्री को लिखा पत्र

39 कलेक्टरों का सिलेक्शन लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी मसूरी में मिड करियर ट्रेनिंग के लिए किया गया, इसमें उज्जैन संभागायुक्त के अलावा भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, सागर, रीवा जैसे बड़े शहरों के कलेक्टर शामिल हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग की सख्ती के बीच लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी ने मोहन सरकार के 39 कलेक्टरों, एक संभागायुक्त समेत 122 आईएएस अफसरों को 5 जनवरी से 30 जनवरी तक मसूरी में प्रशिक्षण के लिए तलब किया है। इसको लेकर मुख्य सचिव को पत्र लिखकर इन अधिकारियों का समय से रजिस्ट्रेशन कराने और रिलीव करने की बात कही गई है। हालांकि इन 122 अफसरों में से 39 कलेक्टरों का ट्रेनिंग में नहीं जाना भी तय माना जा रहा है क्योंकि चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन सरकार की पहली प्राथमिकता है।

इसलिए इन्हें मिड करियर ट्रेनिंग के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रदेश के 39 कलेक्टरों का सिलेक्शन लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी मसूरी में मिड करियर ट्रेनिंग के लिए किया गया है। इसमें उज्जैन संभागायुक्त के अलावा भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, सागर, रीवा जैसे बड़े शहरों के कलेक्टर शामिल हैं। इसके साथ ही मंत्रालय और अलग-अलग विभागों में विभाग प्रमुख के उप सचिव और सचिव के रूप में काम करने वाले आईएएस अधिकारियों को भी ट्रेनिंग के लिए सिलेक्ट किया गया है।

## 2016 बैच के अधिकारियों के लिए यह आखिरी मौका

24 वें मिड करियर ट्रेनिंग प्रोग्राम के शेड्यूल जारी करते हुए मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। पांच जनवरी 2026 से 30 जनवरी 2026 तक चलने वाले मिड करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम के फेज थ्री के लिए 2010 बैच के अधिकारियों का चयन मामला दर मामला के आधार पर किया गया है जबकि 2016 बैच के अधिकारियों के लिए यह तीसरा और अंतिम अवसर है। 2017 बैच के अफसरों के लिए दूसरा और वर्ष 2018 बैच के अफसरों के लिए पहला प्रशिक्षण अवसर है।

### ये कलेक्टर ट्रेनिंग के लिए चयनित

जिन कलेक्टरों का चयन ट्रेनिंग के लिए किया गया है उसमें भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, ग्वालियर कलेक्टर रुचिका चौहान, धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, खरगोन कलेक्टर भव्या मित्तल, बड़वानी कलेक्टर जयति सिंह, झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना, आलीराजपुर कलेक्टर नीतू माथुर, खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता, बुरहानपुर कलेक्टर हर्ष सिंह, उज्जैन कलेक्टर रौशन कुमार सिंह शामिल हैं।

### पहली बार बने कलेक्टर भी ट्रेनिंग में होंगे शामिल

साथ ही देवास कलेक्टर ऋतु राज, शाजापुर कलेक्टर रिजु बाफना, आगर मालवा कलेक्टर प्रीति यादव, मंदसौर कलेक्टर अदिति गर्ग, नीमच कलेक्टर हिमांशु चंद्रा, दतिया कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े, मुरैना कलेक्टर लोकेश रामचंद्र जांगिड़, श्योपुर कलेक्टर अर्पित वर्मा को भी ट्रेनिंग के लिए चुना गया है। इसके अलावा रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल, सीधी कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, सतना कलेक्टर सतीश कुमार एस, अनूपपुर कलेक्टर हर्षल पंचोली, उमरिया कलेक्टर धरणेंद्र कुमार जैन, हरदा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, बैतूल कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, नरसिंहपुर कलेक्टर रजनी सिंह, छिंदवाड़ा कलेक्टर हरेंद्र नारायण, सिवनी कलेक्टर शीतला पटले, बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीना और पांढुर्णा कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ का भी चयन किया गया है।

### 12 दिसंबर तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा

इसमें कहा गया है कि ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए सिलेक्ट किए गए अधिकारियों का रजिस्ट्रेशन 12 दिसंबर तक ऑनलाइन कराने की कार्रवाई कराएं। साथ ही अधिकारियों से कहा गया है कि 19 दिसंबर तक प्रस्तावित प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए संबंधित अधिकारियों के नामांकन की स्वीकृति भेजें। सभी अफसरों को 4 जनवरी को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी मसूरी के लिए भेजना सुनिश्चित करें। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए उन अधिकारियों का चयन किया गया है जो 31 दिसंबर 2029 के पहले सेवानिवृत्त नहीं हो रहे हैं।

### भोपाल कलेक्टर, उज्जैन कमिश्नर को भी बुलाया

मिड करियर ट्रेनिंग के लिए 2010 बैच के एमपी कैडर के दो आईएएस अधिकारी चुने गए गए हैं। इनमें भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, उज्जैन कमिश्नर आशीष सिंह शामिल हैं। सागर कलेक्टर संदीप जी आर, दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, छतरपुर कलेक्टर पार्थ जायसवाल, निवाड़ी कलेक्टर जमुना भिडे, सीहोर कलेक्टर बालागुरु के, रायसेन कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा, राजगढ़ कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा, विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता, नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना को भी बुलाया गया है।

---

बिहार चुनाव में जीत, चलते चुनाव में छुट्टी पर जाने वालों के लिए सबक, बोले सीएम डॉ यादव

# बिहार चुनाव के दौरान कहीं भी देखने को नहीं मिला उपद्रव, न हुई बूथ केप्चरिंग, न ही हिंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीएम डॉ. यादव ने बिहार जीत पर कहा कि यह कुशल नेतृत्व की जीत है। साथ ही कहा कि बिहार चुनाव में जीत, चलते चुनाव में छुट्टी पर चले जाने वालों के लिए सबक है। प्रधानमंत्री के 2014 के बाद एनडीए के नायक के रूप में कमान संभालने के बाद हमने सबने देखा है कि देश में किस तरह से सुशासन के मापदंड स्थापित हो रहे हैं।

यह बिहार चुनाव में कहीं भी उपद्रव, हिंसा नहीं हुई। कहीं बूथ कैप्चरिंग नहीं हुई। साथ ही सीएम ने सीएम नीतीश कुमार को भी बधाई दी है। सोमवार को दोपहर करीब 1 बजे के करीब सीएम का विमानतल पर आगमन हुआ। मुख्यमंत्री का एयरपोर्ट पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं विधायकों ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगमन को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। एयरपोर्ट से लेकर कार्यक्रम स्थल दीनदयाल नगर तक पुलिस के जवान तैनात रहे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सीएम एयरपोर्ट से विवाह स्थल तक पहुंचे, लेकिन उससे पहले एयरपोर्ट पर वह मीडिया से रूबरू हुए हैं।

### बिहार जीत पर जताई खुशी, नीतीश को दी बधाई

सीएम ने कहा कि एनडीए ने गैर कांग्रेसी पूर्ण बहुमत की सरकार तीन बार बनाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में हम धीरे-धीरे कई प्रदेश में आगे बढ़ रहे हैं। यह लोकतंत्र की खूबसूरती का समय है, जब दुनिया हमारी तरफ देख रही है। प्रधानमंत्री की विजय यात्रा आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री सिर्फ कहते नहीं है कि सबका साथ सबका विकास बल्कि सब विकास समानता के लिए, जातिवाद के लिए सबके विकास को साथ लेकर चल रहे हैं। बिहार जीत में प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष व नीतीश कुमार को बधाई देता हूं।

### राहुल गांधी पर कसा तंज

एयरपोर्ट पर बातचीत करते हुए सीएम ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना ही उन पर तंज कसा है। सीएम ने कहा कि बिहार चुनाव की जीत, चलते चुनाव में छुट्टी मनाने जाने वालों के लिए भी सबक है। बता दें कि बिहार चुनाव के बीच में राहुल गांधी ने छुट्टी मनाई थी। इससे पहले रविवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी समारोह में शामिल होने आए थे। दो दिन से लगातार मध्य प्रदेश शासन के मंत्री व संगठन के नेताओं का आना-जाना जारी है।

सिंहस्थ-2028 से जुड़ी तैयारियों एवं परियोजनाओं पर हुई विस्तृत चर्चा

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री डॉ. खट्टर से की सौजन्य भेंट



केन्द्रीय मंत्री डॉ खट्टर से मुख्यमंत्री डॉ यादव ने की सौजन्य भेंट।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रविवार की शाम नई दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री डॉ मनोहर लाल खट्टर से उनके आवास पर सौजन्य भेंट की। इस दौरान डॉ यादव ने केन्द्रीय मंत्री डॉ खट्टर को सिंहस्थ-2028 आयोजन से जुड़ी तैयारियों एवं अन्य प्रमुख परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने सिंहस्थ क्षेत्र में अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों और इसके विस्तार प्रस्तावों, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता, शुचिता, नदी संरक्षण, पेयजल व्यवस्था, अस्थायी आवास निर्माण आदि विषयों के संबंध में केंद्रीय मंत्री को विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ-2028 को अंतरराष्ट्रीय स्तर का सर्वोत्कृष्ट आयोजन बनाने के लिए राज्य सरकार विभिन्न बहुआयामी योजनाओं पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं स्वच्छ भारत अभियान, अमृत मिशन, स्मार्ट सिटी पहल और शहरी आधारभूत ढांचे से संबंधित अन्य योजनाओं की प्रगति की भी जानकारी दी। बैठक में अपर मुख्य, मुख्यमंत्री कार्यालय नीरज मंडलोई, केंद्रीय विद्युत, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के प्रमुख अधिकारी तथा राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

---

8.57 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों पर धरातल पर काम है जारी

# बायो-टेक्नालॉजी सेक्टर में है बड़ा स्कोप, इस दिशा में आगे बढ़ें-सीएम

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट–2025 के संदर्भ में लिए निर्णयों एवं विभागवार मिले निवेश प्रस्तावों की समीक्षा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश की पुण्यधरा में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट–2025 में सरकार को 30.77 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इन सभी निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन के लिए निवेशकों से सतत संवाद करें, उनके प्रश्नों का समाधान करें, जिससे वे जल्द से जल्द अपने निवेश प्रस्ताव को जमीन पर अमलीजामा पहनाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दिसम्बर में वर्तमान सरकार के दो वर्ष पूरे हो रहे हैं। इसलिए नवम्बर माह अंत तक अधिक से अधिक औद्योगिक निर्माण इकाइयों का सामूहिक भूमिपूजन कराएं। उन्होंने कहा कि दो से ढ़ाई लाख करोड़ रुपए के कामों के एक साथ भूमिपूजन से प्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य तेजी से बदलेगा। बैठक में फरवरी 2025 में भोपाल में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्राप्त निवेश प्रस्तावों के संबंध में राज्य सरकार द्वारा लिये गए निर्णयों एवं विभागवार मिले निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन की अद्यतन प्रगति की गहनता से विस्तारपूर्वक समीक्षा की।

बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने समिट के दौरान प्राप्त निवेश प्रस्तावों, एमओयू के क्रियान्वयन और वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट–2025 में प्राप्त उत्साहजनक निवेश प्रस्तावों से मध्यप्रदेश में उद्योग और अधोसंरचना विकास को नई दिशा मिलेगी और हमारा राज्य तेज गति से प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि निवेश से जुड़े सभी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स की समय-सीमा निर्धारित कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार निवेशकों को सुरक्षित, पारदर्शी और उद्योगों के अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ें और आर्थिक विकास को गति मिले। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि जिन निवेश प्रस्तावों पर काम प्रारंभ हो चुका है, उनकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाए।



ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में निवेशकों के साथ बैठक करते सीएम डॉ यादव

### विभागों को आपस में समन्वय बनाने के लिए निर्देश

मुख्यमंत्री ने निवेश प्राप्त करने वाले सभी विभागों को आपसी समन्वय से काम करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश पर्यटन (एमपीटी) अब एक ब्रांड बन चुका है। इसका लाभ प्रदेश में उद्योग -धंधों और पर्यटन के विकास पर भी लिया जाए। उन्होंने कहा कि सम्पर्ण पर्यटन क्षेत्र को उद्योग का दर्जा देने की दिशा में आगे बढ़ें, इससे पर्यटन क्षेत्र में कोई बड़ा निवेश आने पर सरकार निवेशक को उद्योग विभाग द्वारा दी जा रही सब्सिडी प्रोत्साहन योजना का भी लाभ दे सकेगी।

---

कांग्रेस ने प्रदेश भर में तैनात किए बीएलए

# जीतू ने एसआईआर प्रक्रिया और खाद संकट पर बोला हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोमवार को प्रेस से बातचीत में एसआईआर प्रक्रिया, खाद की कमी और भाजपा नेताओं की विवादित भाषा को लेकर राज्य सरकार पर तीखे आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूरे प्रदेश में बूथ स्तर तक संगठित हो चुकी है और मताधिकार की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है। पटवारी ने दावा किया कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान कांग्रेस ने मजबूत ढांचा तैयार किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी बूथों पर 100% बीएलए तैनात कर दिए गए हैं और जिला स्तर पर मॉनिटरिंग की व्यवस्था लागू है।



### चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश

उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है। पटवारी ने कहा कि प्रदेश को 1047 ब्लॉकों में बांटकर प्रत्येक ब्लॉक की जिम्मेदारी वरिष्ठ नेताओं को दी गई है और पीसीसी से लेकर कार्यकर्ता तक हर स्तर पर सक्रियता बढ़ाई गई है।

---

भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री, प्रदेश संगठन महामंत्री ने ग्वालियर में की बैठक

# पार्षदों को सलाह-एसआईआर में दें रोज दो घंटे, बूथों का करें नियमित भ्रमण

एसआईआर को लेकर पार्षदों, पार्षद प्रत्याशियों की बैठक को संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने सोमवार को ग्वालियर में एसआईआर के संबंध में नगर निगम पार्षदों एवं पार्षद प्रत्याशियों की बैठक को संबोधित किया।

बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि एसआईआर का काम निर्वाचन आयोग का है और वह अपने स्तर पर इसको करेगा, लेकिन हमें भी अपने स्तर पर इस काम में सहभागिता कर निर्वाचन आयोग की सहायता करनी है। एसआईआर के काम के लिए प्रत्येक पार्षद प्रतिदिन दो घंटे का समय नियमित रूप से निकालें। प्रत्येक पार्षद और पार्षद प्रत्याशी रहे कार्यकर्ता अपने वार्ड के प्रत्येक बूथ पर रोजाना जाएं। इसके बाद में जामवाल ने संभागीय कार्यालय मुख़र्जी भवन में प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मतदाता शुद्धिकरण अभियान लोकतंत्र को शुद्ध, पारदर्शी और सशक्त बनाने का माध्यम है।



क्षेत्रीय संगठन महामंत्री, प्रदेश संगठन महामंत्री ने ग्वालियर में की बैठक ।

### कौन बाहरी इस पर नजर रखें : अजय जामवाल

भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने पार्षदों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यह देखें कि उनके क्षेत्र के कौन-कौन से मतदाता काम के सिलसिले में बाहर गए हैं, किन की मृत्यु हो चुकी है और कौन सा मतदाता बाहरी है। उन्होने कहा कि यदि आपकी जानकारी में ऐसे प्रकरण आते हैं, कि किसी एक व्यक्ति का नाम अनेक जगहों पर मतदाता सूची में दर्ज है, तो इस बात को निर्वाचन आयोग की जानकारी में लाएं और यह सुनिश्चित कराएं कि उस मतदाता का नाम एक ही स्थान पर रहे। उन्होंने पार्षदों एवं पार्षद प्रत्याशी रहे कार्यकर्ताओं से उनके वार्डों की स्थिति की जानकारी भी ली।

---

केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर गठन

# एसपी-कलेक्टर की टीम जिलों में करेगी मादक पदार्थों की निगरानी

समिति के कलेक्टर अध्यक्ष होंगे, जबकि पुलिस अधीक्षक संयोजक रहेंगे, इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय, वन, कृषि, प्रभावित क्षेत्रों के एसडीएम, जिला औषधि निरीक्षक इसमें सदस्य होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मादक पदार्थों पर निगरानी के लिए अब जिलों में एक समिति बनाई जाने वाली है। इस समिति में कलेक्टर के साथ एसपी भी रहेंगे। हाल ही में राज्य में मादक पदार्थों को लेकर हाईलेवल कमेटी बनाने के बाद अब जिलों में समितियां बनाने की तैयारी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय कमेटियों का गठन किया जा रहा है।

मई महीने में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर के संबंध में नीतिगत विषयों पर बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा क्षेत्रीय स्तर पर उत्पन्न समस्याओं के समाधान के लिए और वर्तमान तंत्र को प्रभावी बनाने की दिशा में राज्य और जिला स्तरीय नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर समिति का पुर्नगठन करने को कहा था।

अब जिलों में बनाई जाने वाली है यह समिति

केंद्रीय गृह मंत्रालय के इस आदेश पर राज्य स्तरीय नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर समिति का गठन पूर्व में कर दिया गया है। अब जिलों में यह समिति बनाई जाने वाली है। इस समिति के कलेक्टर अध्यक्ष होंगे, जबकि पुलिस अधीक्षक संयोजक रहेंगे। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय, वन, कृषि, प्रभावित क्षेत्रों के एसडीएम, जिला औषधि निरीक्षक इसमें सदस्य होंगे।

### यह करेगी समिति काम

इस समिति को अपने जिले में मादक पदार्थों की तस्करी की स्थिति की निगरानी करना होगी। ड्रग कानून प्रवर्तन और नशीली दवाओं के दुरूपयोग से संबंधित मामलो पर जिले के विभिन्न विभागों के बीच समन्वय के मुद्दों पर समय-समय पर चर्चा करना होगी। जिला स्तर पर नशीली दवाओं के दुरूपयोग के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना होगा। जिलों में मादक फसलों की अवैध खेती से प्रभावित क्षेत्रों में वैकल्पिक विकास कार्यक्रम तैयार करना और कार्यान्वित करना होगा। जिलों में नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों की स्थापना करवाने की इस समिति की जिम्मेदारी होगी।

---

सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देश, एमपी कैडर के आईएएस कर सकेंगे आवेदन

# आईएएस अफसरों को यूपीएस चुनने का एक और मौका- 30 नवंबर तक नेशनल पेंशन स्कीम के बजाए यूनिफाइड पेंशन स्कीम चुन सकेंगे अधिकारी

मोहन यादव सरकार ने इसको लेकर एक कमेटी का गठन किया है, पर इसे राज्य के कर्मचारियों के लिए लागू नहीं किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी कैडर के आईएएस अधिकारी अब यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) का लाभ लेने के लिए 30 नवम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने इसको लेकर नए निर्देश जारी कर आईएएस अफसरों को इस योजना से जुड़ने का मौका दिया है। पूर्व में इसके लिए 30 जून की तारीख तय की गई थी। वर्ष 2005 से एमपी कैडर में सेवा देने आए आईएएस अफसरों के लिए नेशनल पेंशन स्कीम के स्थान पर अब यूनिफाइड पेंशन स्कीम मंजूर करने का विकल्प केंद्र और राज्य सरकार ने दिया है। यह विकल्प अखिल भारतीय सेवा के अफसरों के लिए ही है। अभी मोहन यादव सरकार ने इसको लेकर एक कमेटी का गठन किया है, पर इसे राज्य के कर्मचारियों के लिए लागू नहीं किया है। इसी तारतम्य में केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय के निर्देश पर सामान्य प्रशासन विभाग ने एमपी कैडर के आईएएस अफसरों के लिए यूपीएस चुनने का एक और मौका दिया है। जीएडी द्वारा इसको लेकर जारी निर्देश में कहा गया है कि जो आईएएस अधिकारी यूपीएस चुनना चाहते हैं, उन्हें रिटायरमेंट पर अंतिम वेतन के 50 प्रतिशत के बराबर मासिक पेंशन मिलने की सुविधा मिलेगी। यूपीएस चुनने के लिए जीएडी को संबंधित अधिकारी फिजिकली तीन कॉपी में आवेदन देंगे।



### सेंट्रल रिकॉर्ड कीपिंग एजेंसी के पोर्टल होगा दर्ज

यह विकल्प केंद्र सरकार के सेंट्रल रिकॉर्ड कीपिंग एजेंसी के पोर्टल पर भी ऑनलाइन दिया जा सकता है। एक बार इसे स्वीकार करने के बाद इसे बदला नहीं जा सकेगा। पहले इसके लिए केंद्र के निर्देश पर राज्य शासन ने 30 जून 2025 की समय-सीमा तय की थी लेकिन अब इसे बढ़ाकर तीस नवम्बर तक कर दिया गया है। यानी अगले 13 दिनों में इस विकल्प का चयन कर आईएएस अधिकारी एनपीएस से यूपीएस का चयन कर सकेंगे।

# वर्मा ट्रेवल्स की बस के पहिये निकले, यात्रियों में मची चीख पुकार


यात्री बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से जाम के हालात बन गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नर्मदापुरा रोड पर बागसेवनिया थाने से करीब दौ सौ मीटर की दूरी पर सोमवार सुबह बड़ा हादसा होते होते टल गया। दरअसल, वर्मा ट्रेवल्स की बस सवारियों से भरी हुई थी और बावड़िया ब्रिज के पास एकाएक उसके पिछले पहिये निकल गए। पहिए निकलने से करीब 15 फीट तक बस सड़क पर घिसट गई। इस हादसे में सवारियों को मामूली चोट आई है। घटना के समय बस बालाघाट से इंदौर जा रही थी। करीब 400 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद बागसेवनिया थाने के पास पहुंचते ही यह हादसा हो गया। गनीमत रही कि ट्रैफिक सिग्नल पास होने के कारण बस की गति धीमी थी, नहीं बड़ा हादसा हो सकता था। साथ ही बस के आसपास कोई दूसरा बड़ा वाहन नहीं था।

## नर्मदापुरम रोड पर बड़ा हादसा टला, बालाघाट से इंदौर जा रही थी वर्मा ट्रेवल्स

### बीच सड़क में फंसी, बुलाना पड़ी क्रेन


पहिए निकलने के बाद बीच सड़क पर खड़ी बस।

हादसे की सूचना मिलते ही बागसेवनिया पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। पहिये निकलने से बस सड़क के बीच में फंस गई। थाने में मौजूद ट्रैफिक अमले ने क्रेन की मदद से बस को हटवाया और यातायात शुचारू किया। पुलिस का कहना है कि बस ड्राइवर और ट्रैवल्स कंपनी के जिम्मेदारों को बुलाया गया था। उनसे परमिट और फिटनेस मांगा गया है। बस के पेपर देखने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


बस से निकले दोनों टायर।

## शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी शुरू, जनवरी में आ सकती है टीम


फाइल फोटो

**भोपाल।** स्वच्छता सर्वेक्षण को देखते हुए नगर निगम ने शहर में तैयारियां शुरू कर दी हैं। सर्वेक्षण टीम के जनवरी-26 में आने की संभावना है। निगम आयुक्त खुद शहरभर के वार्ड और जोन स्तर पर सफाई व्यवस्था को लेकर लगातार औचक निरीक्षण कर रही हैं। निगम के अपर आयुक्त सफाई व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं। एएचओ को भी जिम्मा दिया गया है। स्वयं सेवी संगठन भी अपने-अपने स्तर पर स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर तैयारियों में लगे हैं।

## कलेक्टर ने रात एक बजे तक अफसरों की ली बैठक

# एसआईआर के काम में लापरवाही के चलते सुपरवाइजर और बीएलओ सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिले की सात विधानसभाओं में 21 लाख 25 हजार 908 में से 20 लाख 71 हजार 502 मतदाताओं को गणना पत्रक बांट दिए गए हैं, जबकि इनकी वापसी का प्रतिशत दस तक भी नहीं पहुंचा है। ऐसे में अफसरों के हाथ-पांव फूल रहे हैं। बीती रात कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के काम में तेजी नहीं आने पर कलेक्टोरेट में रात दस बजे बैठक बुलाई, जो रात एक बजे तक चली। जिसमें उत्तर के मतदान केंद्र दो के बीएलओ अनंतलाल मिश्रा और गोविंदपुरा के बीएलओ सुपरवाईजर शुभम प्रताप सिंह को काम नहीं करने पर सस्पेंड कर दिया।

जिले के 21 लाख 25 हजार 908 मतदाताओं के गणना पत्रक भरे जाने हैं। जिसको देखते हुए जिले के 2029 बीएलओ ने अब तक 20 लाख 71 हजार 502 मतदाताओं को गणना पत्रक बांट दिए हैं। जबकि 54 हजार 406 मतदाताओं को पत्रक देने के लिए बीएलओ तलाश में जुटे हैं। इधर बीएलओ ने बांटे गए गणना पत्रकों को भरकर अब तक वापस लेना शुरु नहीं किया है। जिसको देखते हुए रविवार रात दस बजे कलेक्टर ने बैठक बुलाकर अफसरों को फटकार लगाई।


देर रात तक अफसरों के साथ बैठक करते भोपाल कलेक्टर।

### बीएलओ एप में गणना पत्रक नहीं किए डिजिटाइज

विधानसभा क्षेत्र उत्तर के मतदान केंद्र दो के बीएलओ अनंतलाल मिश्रा ने एक भी गणना पत्रक बीएलओ एप पर डिजिटाईज नहीं किया। जबकि गोविंदपुरा के बीएलओ सुपरवाईजर शुभम प्रताप सिंह बीएलओ से रोजाना सौ पत्रकों को डिजिटाईज नहीं करा पाए, लिहाजा सस्पेंड कर दिया है।

### अपर कलेक्टर्स को विस का दायित्व

राजधानी में एसआईआर का काम पिछड़ने के बाद कलेक्टर ने विस स्तर पर चल रहे काम को लेकर अपर कलेक्टर्स को जिम्मेदारी सौंपी है। जिसके तहत जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी बैरसिया, अपर कलेक्टर अंकुर मेश्राम उत्तर, सुमित पांडेय दक्षिण-पश्चिम, पीसी शाक्य मध्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जबकि डिप्टी कलेक्टर मुकेश शर्मा को नरेला का जिम्मा दिया गया है।

### बीएलओ ने गणना पत्रक लिए एप पर नहीं किए अपलोड

जिले के 2029 बीएलओ ने करीब बीस फीसद मतदाताओं से गणना पत्रक भरकर वापस ले लिए हैं, लेकिन उन्हें बीएलओ एप पर अपलोड नहीं किया है। जिसकी वजह से काम की प्रोग्रेस ऑनलाइन नहीं नजर आ रही। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को हिदायत दी है कि वह बीएलओ से ऑनलाइन फीडिंग को लेकर लगातार संपर्क में रहें, जिससे काम की प्रगति सामने आ सके।

### दस दिन में काम करेंगे पूरा

बीएलओ ने लगभग सभी मतदाताओं को गणना पत्रक बांटे दिए हैं। जिन्हें वापस लेने के काम में तेजी लाने की हिदायत दी गई है। एसआईआर की रोजाना समीक्षा की जा रही है। जल्द ही बीएलओ एप पर भी काम की प्रगति दिखाई देगी। अगले दस दिन में काम पूरा कर लेंगे।

कौशलेंद्र विक्रम सिंह, कलेक्टर

## राजस्व वसूली को लेकर एक्शन मोड में नगर निगम...

# 29 वार्ड प्रभारियों का सात दिन का वेतन काटा, जेडओ को भी थमाए गए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- निगम आयुक्त से लगाई गुहार

राजस्व वसूली को लेकर नगर निगम एक्शन मोड में है। एक तरफ समीक्षा बैठक में लगातार वसूली को तेज करने के निर्देश दिए जा रहे हैं तो वहीं वसूली में पिछड़ने पर वार्ड प्रभारियों पर गाज गिर रही है। शहर के 85 वार्डों में से 29 वार्ड प्रभारियों का एक सप्ताह का वेतन काटा गया है। इससे वे मुश्किल में पड़ गए हैं। हालांकि कई जेडओ को भी नोटिस दिए गए हैं।

निगम द्वारा बीते माह साप्ताहिक वसूली का लक्ष्य तय किया गया था। इसके तहत 186 करोड़ रुपए की वसूली करना है। साप्ताहिक लक्ष्य से पीछे रहने वाले वार्डों के वार्ड प्रभारियों पर गाज गिरना शुरू हो गई है। निगम के 21 जोन और 84 वार्डों को लक्ष्य वसूली के लिए टारगेट दे दिया गया कि वे 13 दिसंबर को होने वाली लोक अदालत तक 89 करोड़ रुपए टैक्स वसूली करें।

### निगम आयुक्त को दिया आवेदन-पत्र

जागरुक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय कल्याण समिति ने निगम आयुक्त को आवेदन पत्र देकर वार्ड प्रभारियों के सात दिन के काटे गए वेतन के आदेश को शिथिल करने का अनुरोध किया है। समिति के अध्यक्ष अशोक वर्मा ने बताया कि राजस्व वसूली में पीछे रहने पर केवल वार्ड प्रभारियों का वेतन काटना उचित नहीं है। इससे उन्हें आर्थिक संकट झेलना पड़ेगा।

### इन वार्ड प्रभारियों पर की कार्रवाई

गगन सोनी वार्ड-3, सुनील मालवीय वार्ड-4, दिनेश जाटव वार्ड-13, कुलदीप कठैत वार्ड-15, कपिल गौतम वार्ड-17, प्रवेश मीना वार्ड-18, कौलेंद्र तिवारी वार्ड-20, दीपक भालेराव वार्ड-47, राहुल समुद्रे वार्ड- 48, बबीता कापसे वार्ड-51, राजेंद्र पाण्डवा वार्ड-31, रघुवीर तिवारी वार्ड-33, हरिकशन यादव वार्ड-34, मधुर जैन वार्ड-35, दीपक मुंशी वार्ड-36, अंकित वार्ड-38, कपिल बंसल वार्ड-69, द्वारका प्रसाद साहू वार्ड- 49, विजेंद्र सिंह चौहान वार्ड-50, संकल्प जैन वार्ड-44 व अन्य।






राहुल नगर फेस-1 में रहने वाले 300 से ज्यादा परिवारों के लिए धुआं बना हुआ था मुसीबत

# निर्माणाधीन भवन व मशीनें ग्रीन नेट से ढंकी पानी का किया छिड़काव, अब मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हरिभूमि इंपैक्ट...

राजधानी के राहुल नगर फेस-2 में चल रहे भवन निर्माण कार्यों के चलते मशीनों से रोज उठ रहे धुएं के गुबार और धूल से परेशानी नहीं होगी। सोमवार को हरिभूमि समाचार पत्र में समाचार प्रकाशित होने के बाद निगम प्रशासन तत्काल हरकत में आया और यहां लगी मशीनों व निर्माणाधीन कार्यों वाले स्थलों को ग्रीन नेट से ढंका गया।

मौके पर निगम के कई अधिकारी भी पहुंचे। यहां पानी का छिड़काव भी करवाया गया है ताकि धूल हवा में न उड़े। कलेक्टर और निगम आयुक्त के संज्ञान में मामला आने के बाद यह कार्रवाई सोमवार को की गई।

जानकारी के अनुसार राहुल नगर में हाउसिंग फॉर आल प्रोजेक्ट के तहत भवनों का निर्माण कार्य चल रहा है। यह मशीनें रात में चलती हैं तो धुएं का गुबार आसपास छा जाता है। इसके कारण फेस-1 में रहने वाले 300 से ज्यादा परिवार लंबे समय से परेशान थे। इस समस्या से उन्होंने हाउसिंग फॉर आल के अधिकारियों को भी अवगत कराया था, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही थी।

स्थिति यहां तक बन गई थी कि लोग अपने घरों के दरवाजे और खिडकियां तक खोलने से बच रहे थे। निर्माण कार्यों के कारण धूल से भी दिक्कत हो रही थी।


निर्माणाधीन भवन में ग्रीन नेट न पानी का छिड़काव, रातभर मशीनों से निकलता है धुआं, घरों में रहना मुश्किल

हरिभूमि समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित खबर का चित्र।

### रातभर मशीनों के चलने से छाया रहता था धुआं

स्थानीय रहवासियों ने बताया कि बीते एक साल से रातभर निर्माण स्थल पर मशीनें काम करती हैं। इससे धुएं का गुबार आसमान में छाया रहता था। इससे बहुत दिक्कतें हो रही थीं। अब उक्त स्थल पर सुरक्षा और बचाव के इंतजाम हुए हैं।


जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।

भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।


### निगम के 40 करोड़ के नए भवन में परिषद हॉल नहीं

**भोपाल।** राजधानी में 40 करोड़ रुपए से बन रहे नगर निगम मुख्यालय भवन में हाल का प्रावधान नहीं किया गया है। इसके चलते नगर निगम परिषद की होने वाली बैठकें अगली व्यवस्था तक आईएसबीटी परिसर के हाल में ही होंगी। निगम प्रशासन परिषद की बैठक के लिए एक नया हाल बनाने की तैयारी कर रहा है। इसके निर्माण पर 10 करोड़ रुपए अतिरिक्त खर्च होंगे। इसके लिए निगम ने निर्माणाधीन भवन के पास खाली जमीन कलेक्टर से मांगी है। जब तक अतिरिक्त भवन में हाल का निर्माण नहीं हो जाता तब तक आईएसबीटी परिसर के हाल में ही परिषद की बैठकें आयोजित होंगी।




## कीमतों में राहत मिल सकती है और भारत-अमेरिका व्यापार संबंध भी मजबूत होंगे

# रसोई गैस सिलेंडर जल्द होंगे सस्ते, भारत ने एलपीजी आयात के लिए किया एक साल के लिए समझौता

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत की सरकारी तेल कंपनियों ने अमेरिका से 22 लाख टन एलपीजी आयात के लिए एक वर्ष का अनुबंध किया है, जिससे रसोई गैस सिलेंडर जल्द सस्ते होने की उम्मीद बढ़ गई है। यह अनुबंध भारत के कुल एलपीजी आयात का लगभग 10 फीसदी है और पहली बार अमेरिकी एलपीजी भारतीय बाजार में सीधे पहुंचेगा। इस कदम से आपूर्ति स्थिर होगी, कीमतों में राहत मिल सकती है और भारत-अमेरिका व्यापार संबंध भी मजबूत होंगे।




### 22 लाख टन एलपीजी का आयात अनुबंध

बयान के अनुसार भारत ने अमेरिकी गल्फ कोस्ट से लगभग 22 लाख टन एलपीजी आयात करने के लिए एक वर्षीय संरचित अनुबंध पूरा कर लिया है। यह मात्रा भारत के कुल सालाना एलपीजी आयात का लगभग 10 फीसदी है। यह पहली बार है, जब भारतीय बाजार के लिए अमेरिकी एलपीजी का अनुबंध किया गया है।

### सभी कंपनियां 48 बड़े गैस वाहक जहाजों के बराबर एलपीजी का करेंगी आयात

वर्ष 2026 में भारत की प्रमुख सरकारी कंपनियां इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) मिलकर करीब 48 बहुत बड़े गैस वाहक (वीएलजीसी) जहाजों के बराबर एलपीजी का आयात करेंगी। अमेरिका की प्रमुख कंपनियां चेवरॉन, फिलिप्स और टोटल एनर्जीज ट्रेडिंग एसए इनकी आपूर्ति सुनिश्चित करेंगी।

### भारत का व्यापार अधिशेष कम करने की रणनीति

अमेरिका के साथ भारत का व्यापार अधिशेष लंबे समय से चर्चा में रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस मुद्दे को विशेष महत्व देते रहे हैं और इसी कारण उन्होंने भारत से अमेरिका में आने वाले उत्पादों पर 50 फीसदी तक शुल्क लगाया है। भारत की ओर से एलपीजी का आयात बढ़ाने का उद्देश्य व्यापार संतुलन को बेहतर करना है, ताकि अमेरिका के साथ आर्थिक संबंध और मजबूत हो सकें।



### द्विपक्षीय ऊर्जा वार्ता का परिणाम

भारत ने पिछले कई महीनों से जारी द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं के दौरान अमेरिका से ऊर्जा आयात बढ़ाने का प्रस्ताव रखा था। वर्तमान में भारत अपने कच्चे तेल की लगभग 8 प्रतिशत जरूरतें अमेरिका से पूरी करता है।एलपीजी आयात का यह नया करार भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं को सुरक्षित करने के साथ-साथ अमेरिका के साथ रणनीतिक संबंधों को गहरा करता है।

### हरदीप सिंह पुरी ने 'एक्स' पर किया ऐलान



पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पुराना ट्विटर) पर इस अनुबंध की जानकारी साझा करते हुए इसे ऐतिहासिक कदम बताया। पुरी ने लिखा, "ऐतिहासिक शुरुआत! दुनिया के सबसे बड़े और सबसे तेजी से बढ़ते एलपीजी बाजारों में से एक अब अमेरिका के लिए खुल रहा है। उन्होंने आगे लिखा कि भारत के लोगों को सुरक्षित और सस्ती एलपीजी उपलब्ध कराने के लिए हम आपूर्ति स्रोतों में विविधता ला रहे हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों ने 2026 के लिए 22 लाख टन अमेरिकी एलपीजी आयात का पहला अनुबंध पूरा किया है।

---

## फुटपाथ से लेकर शॉपिंग मॉल और शोरूमों में गरम कपड़ों की भरमार

# ठिठुरन बढ़ने के साथ ही गर्म कपड़ों के बाजार में आई रौनक



कंबलों की बिक्री करता दुकानदार

### हर तबके के मुताबिक बाजार में उपलब्ध हैं गरम कपड़े

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

राजधानी में ठिठुरन बढ़ने के साथ ही घरों में रखें स्वेटर, गर्म कपड़े का इस्तेमाल शुरू हो गया है। तो वहीं ठंड की दस्तक के साथ गर्म कपड़ों के बाजार में रौनक आ गई है। ठंड बढ़न के साथ बाजार में गरम कपड़ों की भरमार होने लगी है। बड़े-बड़े दुकानों से लेकर फुटपाथ के दुकानों तक बस और बस गरम कपड़े ही दिख रहे हैं।

ठंड से निजात को लेकर लोगों के सामने विकल्प के रूप में गरम कपड़ा ही है। जिसकी खरीदारी के लिए वे बाजारों का रूख कर रहे हैं। बच्चे, बूढ़े, जवान और महिलाओं के लिए गरम कपड़े की खरीदारी शुर हो गई। गरम कपड़े डिमांड बढने और खरीदारी शुरू हो जाने व्यवसायियों के चेहरे पर चमक बढ़ गई है।

विक्रेता सुरेश साहू के अनुसार ठंड में उपयोग में लाए जाने वाले मोजा, टोपी, स्वेटर, जैकेट, मफलर, शॉल आदि की बाजार में भरमार हो गई है। हर तबके के लोगों की पसंद और सामर्थ्य के मुताबिक बाजार में गरम कपड़े उपलब्ध हैं। जिसकी खरीदारी शुरू हो गई है। बाजार के मार्ट, मॉल और शोरूम भी गरम कपड़े से सजे-संवरे हैं। शॉपिंग मॉल और शोरूम में कम कीमत से लेकर अधिक कीमत तक के गरम कपड़े मौजूद हैं।



शोरूम में स्वेटर्स

### कंबल व रजाई की बढ़ी मांग

बाजारों में रजाई और कंबल की दुकानों पर ग्राहक पहुंचने लगे हैं। रजाई की नए सिरे से भराई का भी काम चल पड़ा है। बाजार में रजाई और गद्दे तैयार करने वाले कारीगर काम में जुट गए हैं। लोगों ने ठंडक की दस्तक को देखते हुए पुरानी रजाई की दोबारा भराई, तगाई के अलावा गरम चादरें खरीदना शुरू कर दिया है।

### इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की भी शुरू हो गई खरीदारी

गर्ग ट्रेडर्स के राधेश्याम गर्ग के अनुसार सर्दी के असर के साथ ही रूम हीटर, गीजर और इमरशन रॉड जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की भी मांग बढ़ गई है। लोग कमरों को गर्म रखने के लिए ब्लोअर और रूम हीटर खरीद रहे हैं। गीजर की बिक्री भी तेजी से बढ़ी है।

---

### एचईसी इंफ्रा का राजस्व 97 फीसदी उछला

**अहमदाबाद।** इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर की अग्रणी कंपनी एचईसी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही और पहली छमाही के अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। कंपनी ने दूसरी तिमाही में 40.82 करोड़ रुपए कुल आय अर्जित की। एबिटडा 3.86 करोड़ रुपए, शुद्ध लाभ 2.23 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। एचईसी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स के प्रबंध निदेशक गौरांग शाह ने कहाकि हमें एक और मजबूत तिमाही साझा करते हुए खुशी हो रही है।

### सुमीत का मुनाफा 230 फीसदी उछला

**सूरत।** सुमीत इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 के पहली तिमाही में अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी की कुल आय 520.83 करोड़, एबिटडा 31.17 करोड़ रुपए, कर पश्चात लाभ 17.84 करोड़ रुपए और कर पश्चात लाभ मार्जिन में 3.42 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई। कंपनी के प्रबंध निदेशक, प्रतीक आर. जाजू ने कहाकि दूसरा क्वार्टर हमारे लिए लगातार परिचालन प्रदर्शन का समय रहा।

# एफएचआरएआई का एफपीओ एवं किसान लाभ शिखर सम्मेलन 24 को

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) जो मध्यप्रदेश सहित देश में एक लाख से अधिक होटलों और पांच लाख रेस्टोरेंट का प्रतिनिधित्व करता है के द्वारा 24 नवंबर 2025 को एफपीओ-आतिथ्य एवं किसान लाभ शिखर सम्मेलन कर रहा है।

नई दिल्ली में आयोजित होने वाले इस शिखर सम्मेलन में समावेशी विकास के लिए कृषि–आतिथ्य संबंधों को मजबूत करना थीम पर होगा। जिसमें आतिथ्य उद्योग, किसान उत्पादक संगठन और विभिन्न सरकारी मंत्रालयों के नेताओं एक मंच पर आएंगे। ताकि कृषि और हॉस्पिटैलिटी के बीच सहयोग को और मजबूत किया जा सके और इसे टिकाऊ व समावेशी विकास की दिशा में आगे बढ़ाया जा सके।

कार्यक्रम में पर्यटन मंत्रालय, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, नाबार्ड, एपीडा, एसएफएसी और नाफेड सहित कई प्रमुख सरकारी संस्थान और अग्रणी हॉस्पिटैलिटी समूह शामिल होंगे।




सम्मेलन से यह उम्मीद है कि एफपीओ और होटलों व रेस्तरां के बीच प्रत्यक्ष संस्थागत खरीद मॉडल विकसित होंगे और स्थानीय सोर्सिंग तथा ग्रामीण साझेदारी के महत्व पर व्यापक जागरूकता बढ़ेगी। एफएचआरएआई के अध्यक्ष, सुरेंद्र कुमार जायसवाल ने कहाकि भारत के किसान और आतिथ्य उद्यमी हमारी अर्थव्यवस्था के दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। उन्हें सीधे जोड़कर, हम एक ऐसा मॉडल बना सकते हैं जिससे ग्रामीण उत्पादकों और सेवा क्षेत्र, दोनों को लाभ हो।

ग्रामीण उत्पादकों के उत्थान और दीर्घकालिक, स्थायी भागीदारी को प्रोत्साहित करने के मिशन के साथ, यह शिखर सम्मेलन एक एकीकृत पारिस्थितिकी तंत्र का मार्ग भविष्य तैयार के लिए प्रशस्त करेगा जो सामुदायिक कल्याण और राष्ट्रीय आर्थिक विकास दोनों को बढ़ावा देगा। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य एक ऐसा राष्ट्रीय मंच तैयार करना है जो एफपीओ, आतिथ्य श्रृंखलाओं और नीति निर्माताओं के बीच सीधे संपर्क को सक्षम बनाए, और दीर्घकालिक साझेदारियों और स्थायी व्यावसायिक मॉडलों को प्रोत्साहित करे।

**Change of Name**

I SHEETAL VERMA D/O SHAYAM KARAN VERMA, Widow OF Army No. 14632054H Rank NAYAK, Name SHAYAM KARAN VERMA, resident 14, GRAM NARELA, POST TEELAKHEDI, DISTRICT BHOPAL 462030 (M.P.) do hereby solemnly affirm and declare as

a) That I want to change name from SHITAL VERMA to SHEETAL VERMA.

b) I am enclosing copy of Aadhar Card and PAN Card self attested as proof.

---

## खबर संक्षेप

### ग्लोब का शुद्ध लाभ 446 लाख रुपए पहुंचा

**अहमदाबाद।** ग्लोब एंटरप्राइजिस (इंडिया) लिमिटेड ने अर्धवार्षिक वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी ने इस अवधि में मजबूत परिचालन प्रदर्शन और निरंतर कारोबारी गति दर्ज की है। कंपनी ने दूसरी तिमाही में 15,856.26 लाख की आय दर्ज की है, जो पिछली तिमाही की 14,844.87 लाख की तुलना में 6.81 फीसदी की वृद्धि दर्शाती है। कर के बाद लाभ 446.38 लाख रहा, जो पिछली तिमाही के 139.52 लाख की तुलना में 219.94 फीसदी की मजबूत बढ़ोतरी दिखाता है।

### पाटिल ऑटोमेशन का मुनाफा 23 फीसदी बढ़ा

**पुणे।** पाटिल ऑटोमेशन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही के शानदार नतीजे घोषित किए हैं। कंपनी ने 30 सितंबर 2025 को समाप्त अवधि में शुद्ध लाभ में 23 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज करते हुए 7.53 करोड़ का मुनाफा कमाया, जबकि कुल आय 21.6 फीसदी बढ़कर 73.55 करोड़ तक पहुंच गई। पहली छमाही में कंपनी की कुल आय 73.55 करोड़, एबिटडा 12.96 करोड़, शुद्ध लाभ 7.53 करोड़ रुपए दर्ज हुई। कंपनी के प्रबंध निदेशक, मनोज पाटिल ने कहा कि वर्ष की पहली छमाही पाटिल ऑटोमेशन के लिए बेहद उत्साहजनक रही है।

### फोकस लाइटिंग की आय 86 करोड़ रुपए

**मुंबई।** फोकस लाइटिंग एंड फिक्स्चर लिमिटेड ने वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही और पहली छमाही के लिए अपने ऑडिट न किए गए वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी के अनुसार कुल आय 86.44 करोड़ रुपए रही। एबिटडा 9.03 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। कंपनी का शुद्ध लाभ 3.16 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित शेट ने कहा कि हमने परियोजनाओं को लगातार निष्पादित किया और नए ऑर्डर प्राप्त किए, जिससे उच्च प्रदर्शन हमारी प्राथमिक भागीदार के रूप में स्थिति और मजबूत हुई।

## सभी बैंक खातों और निवेश के पैसों का पूरा हिसाब एक क्लिक में

# जियोफाइनेंस ने बनाया 'मनी ट्रैकिंग' आसान, सब कुछ एक एप पर मिलेगा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

जियोफाइनेंस के ग्राहक अब अपने पैसे पर पूरा कंट्रोल रख पाएंगे। जियोफाइनेंस एप ने एक नया फीचर लांच किया है, जिससे उपयोगकर्ता अपने सभी बैंक खाते, म्यूचुअल फंड और शेयर पोर्टफोलियो को एक प्लेटफॉर्म पर लिंक कर, आसानी से ट्रैक और विश्लेषण कर सकेंगे। खाता चाहे किसी भी बैंक में हो या किसी भी फाइनेंशियल एप से निवेश किया जा रहा हो, यूजर को अपनी पूरी वित्तिय तस्वीर अब जियोफाइनेंस ऐप पर मिल जाएगी। इससे अलग-अलग एप्स पर अपना निवेश देखने का झंझट खत्म हो जाएगा।

जियोफाइनेंस का यह नया फीचर उपयोगकर्ताओं को कैश फ्लो, खर्चों और निवेश की पूरी तस्वीर रियल-टाइम में देता है और एआई आधारित स्मार्ट सुझावों के जरिए बेहतर मनी मैनेजमेंट में भी मदद करता है। कंपनी के मुताबिक मनी ट्रैकिंग के लिए ऐप में तीन मुख्य फीचर्स जोड़े गए हैं। पहला है 'यूनिफाइड फाइनेंशियल डैशबोर्ड', इसमें जियोफाइनेंस के सभी लोन और डिपॉजिट के साथ-साथ बाहरी बैंक खाते और निवेश को भी रियल-टाइम में एक ही जगह दिखाया जाता है। यानी पूरी वित्तीय तस्वीर एक ही जगह पर देखी जा सकती है। जियो फाइनेंस प्लेटफॉर्म एंड सर्विस लिमिटेड के सीईओ सुरभे एस.शर्मा ने कहा कि जियोफाइनेंस एप का यह फीचर हर भारतीय के वित्तीय जीवन को सरल और पारदर्शी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### जियो ने की ट्राई से मांग : नेट न्यूट्रैलिटी के पुराने नियमों को दोबारा रिव्यू किया जाए

इंटरनेट की दुनिया में इन दिनों नेट न्यूट्रैलिटी पर फिर से चर्चा होने लगी है। इधर भारत की टेलिकॉम इंडस्ट्री इस समय बड़े बदलाव के मोड़ पर खड़ी है। रिलयंस जियो ने ट्राई से नेट न्यूट्रैलिटी के पुराने नियमों को दोबारा रिव्यू करने की मांग की है। ऐसे में अब दूरसंचार नियामक नेट न्यूट्रैलिटी नियमों पर विचार-विमर्श कर सकता है। जियो का मानना है कि नियामक ट्रैफिक प्रबंधन और 5जी नेटवर्क स्लाइसिंग जैसी नई तकनीकों को मान्यता दे। जियो को पहले से ही इस तकनीक पर आधारित टैरिफ उत्पादों के प्रस्ताव मिल रहे हैं। नेट न्यूट्रैलिटी नियमों के अस्तित्व में आने के बाद से टेक्नोलॉजी काफी विकसित हुई है। उस वक्त 5जी स्लाइसिंग मौजूद नहीं थी।

# एनीमल बेस्ड फूड की तुलना में प्लांट बेस्ड फूड ज्यादा फायदेमंद : डॉ.जीशान

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में नागरिकों से खाद्य तेलों की खपत कम करने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का आग्रह किया है, ताकि देशभर में बढ़ रही दीर्घकालिक खतरनाक बीमारियों से मुकाबला किया जा सके। वहीं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने भी बेहतर खानपान की आदतें अपनाने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया है, ताकि मधुमेह, हृदय रोग और मोटापे जैसी जीवनशैली संबंधी बीमारियों को रोका जा सके।



न्यूट्रिशन साइंटिस्ट डॉ. जीशान अली का कहना है कि दुनियाभर में अभी तक हुई रिसर्च और स्टडी में यह साबित हुआ है कि एनीमल बेस्ड फूड की तुलना में प्लांट बेस्ड फूड हमारे शरीर के लिए ज्यादा फायदेमंद है और इससे आप डायबिटीज, हार्ट डिसीज और मोटापे जैसी बीमारियों से हमेशा के लिए निजात पा सकते हैं। भोपाल के निवासी सम्पूर्ण एवं पौधा-आधारित आहार अपनाकर इन राष्ट्रीय अपीलों को व्यवहार में ला सकते हैं एवं खाद्य तेल के उपयोग को कम करके संपूर्ण स्वास्थ्य में सुधार ला सकते हैं। इनसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप व फैटी लिवर जैसी बीमारियों को उलटने में भी मदद मिलती हैं। डॉ. अली ऐसे आहार संबंधी सुझाव देते हैं जो स्थानीय खाद्य परंपराओं के अनुरूप हों और शहर के सभी सामाजिक-आर्थिक वर्गों के लिए व्यवहार्य हों। अंतरराष्ट्रीय स्तर के गैर-लाभकारी संगठन फिजिशियन कमेटी फॉर रिस्पॉन्सिबल मेडिसिन (पीसीआरएम) के प्रवक्ता डॉ. जीशान अली का कहना है कि प्लांट बेस्ड वीगन फूड्स लंबे और स्वस्थ्य जीवन जीने में सहयोग करते हैं। एनीमल बेस्ड फूड जैसे दूध, दही, घी, बटर, मांस, मछली, चिकन, और अंडे में वसा और कोलेस्ट्रॉल होता है। वहीं प्लांट बेस्ड नैचुरल फूड्स जैसे फल-सब्जी, दाल-चावल इत्यादि में मूल रूप से जीरो कोलेस्ट्रॉल और बहुत कम वसा होता है और साथ ही इनमें भरपूर फाइबर भी होता है जो पाचन तन्त्र के लिए आवश्यक है। फिजिशियन कमेटी फॉर रिस्पॉन्सिबल मेडिसिन की स्थापना 1985 को अमेरिका में नील बनार्ड ने की थी और आज इसके पूरी दुनिया में 10 लाख से ज्यादा सदस्य हैं जिनमें लगभग विभिन्न देशों के 17000 डॉक्टर्स हैं।

**न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ़ चीचली वृत्त तहसील कोलार भोपाल म.प्र.**

प्रकरण क्रं. RS/444/0760/17644/2025

// इश्तहार //

आवेदक अभिषेक कुमार चौधरी आ. एस.एल.चौधरी निवासी माया अपार्टमेंट Sector-B द्वारा ग्राम रसूलिया जागीर स्थित खसरा नंबर 22, 23, 24, 25, 72 व अन्य का अंशभाग क्षेत्रफल 1208 वर्गफिट पर विक्रयपत्र / फौती / वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 02/12/2025 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 17/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील - कोलार , भोपाल

**नाम परिवर्तन के संबंध में जाहिर सूचना**

निवेदन है कि मैं, श्रीमती रश्मिता कोसे पत्नी श्री राजेश कोसे, आयु लगभग 48 वर्ष, निवासी-एल.आई. जी 530, फेस-5 पार्ट-2 अयोध्या बायपास रोड, अयोध्या नगर, भोपाल म.प्र. की निवासी हूँ। मेरा नाम विवाह के पूर्व से ही कंचन कोसे था और विवाह के पश्चात् मेरा नाम परिवर्तित कर मेरे पति द्वारा मेरा नाम रश्मिता कोसे लिखवा दिया गया है मेरा एक पुत्र सिंदल राज कोसे एवं एक पुत्री गुंजन कोसे है इन दोनों की अंकसूची में भी मेरा नाम रश्मिता कोसे लिखा हुआ है किंतु मेरे आधार कार्ड में कंचन कोसे लिखा गया है इस कारण आधार, पेन एवं निर्वाचन कार्ड में भूलवश कंचन कोसे लिखा गया है जबकि मुझे रश्मिता कोसे के नाम से ही जाना पहचाना जाता है। इस प्रकार स्पष्ट है कि मेरे कुछ दस्तावेजों में कंचन कोसे लिखा गया है तथा कुछ रश्मिता कोसे लिखा गया है। इसलिए मुझे कंचन कोसे के स्थान पर रश्मिता कोसे के नाम से ही जाना व पहचाना एवं संबोधित किया जावे।

**नया नाम-(रश्मिता कोसे)**
**पुराना नाम-(कंचन कोसे)**

## बिजनेस न्यूज

### सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी में 'गर्भ संस्कार' पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन




**भोपाल।** सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा आरोग्य भारती एवं विश्व आयुर्वेद परिषद् के संयुक्त तत्वाधान में 'प्राचीन ज्ञान और विज्ञान के माध्यम से 'सुजनन विज्ञान (युजेनिक्स) की विरासत' विषय पर 'सुसंतति 2.0' नाम से दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का समापन हुआ । इस सेमिनार के अंतिम दिनए सेमिनार में प्रतिष्ठित वक्ताओं ने अपने-अपने विशिष्ट क्षेत्रों में शोध और अनुभव साझा किए । प्रमुख वक्ताओं के ज्ञानवर्धक संबोधन प्रो. डॉ. सुजाता कदम (डीन (अकादमिक और प्रशासन), आल इंडिया इन्स्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेद, गोवा) ने आयुर्वेद में वर्णित 'गर्भिणी परिचर्या' (गर्भावस्था के दौरान की दिनचर्या) के महत्व पर प्रकाश डाला। उनका मानना था कि परिचर्या, आधुनिक एंटीनेटल केयर के साथ मिलकर, माँ और शिशु दोनों के लिए सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुनिश्चित करती है। डॉ. श्वेता डंगारे (गर्भ संस्कार काउन्सलर एवं क्वाण्टम विशेषज्ञ) ने बताया कि कैसे गर्भ संस्कार के माध्यम से माँ की सकारात्मकता बच्चे के व्यक्तित्व में संस्कार के रूप में परिवर्तित होती है। डॉ. सीमा द्विवेदी (प्रोफेसर, प्रसूति एवं स्त्री रोग, जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज, कानपुर) ने साक्ष्य-आधारित अध्ययनों का हवाला देते हुए बताया कि गर्भ संस्कार, माँ के तनाव और प्रसवोत्तर अवसाद के जोखिम को काफी कम करता है। प्राचार्य-सम्मेलन का आयोजन इस सेमिनार में मध्यप्रदेश के विभिन्न आयुर्वेद महाविद्यालयों के प्राचार्यों द्वारा एक 'प्राचार्य-सम्मेलन' स्वस्थ एव संस्कारी संतान के जन्म में गर्भ संस्कार की भूमिका' विषय पर रखा गया जिसमें प्राचार्यों ने सर्वसम्मति से निष्कर्ष निकाला कि गर्भाधान से लेकर प्रसव तक की समग्र देखभाल ही स्वस्थ, मेधावी और संस्कारी संतान को जन्म देने की कुंजी है। सेमिनार में देश भर से उपस्थित सभी करीब 1200 प्रतिभागियों ने भारतीय परंपराओं और आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के इस समन्वय की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी की चांसलर इंजी. प्रीति सलूजा द्वारा की गई । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि माननीय विधायक निर्मला भूरिया (मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, म.प्र. शासन) थीं । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. सुश्रुत कन्नौजिया (सदस्य, मार्बिज्म, एनसीआईएसएम, भारत सरकार) एवं डॉ. के. के. द्विवेदी (सदस्य, बोर्ड ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, एनसीआईएसएम, भारत सरकार) थे । कार्यक्रम में चेयरमैन डॉ. हरप्रीत सलूजा भी उपस्थित रहे । आभार प्रदर्शन डॉ. अखिलेश कुमार सिंह (डीन आयुर्वेदा, सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी) द्वारा किया गया ।

### पीएनबी ने किया ग्राहकों से 30 नंबवर तक केवाईसी विवरण अद्यतन करने का आग्रह

**भोपाल।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए पंजाब नेशनल बैंक ने अपने ग्राहकों से अपने खातों में अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) जानकारी अपडेट करने का आग्रह किया है। चल रहे (केवाईसी) अनुपालन अभ्यास के तहत, पीएनबी के जिन ग्राहकों के खातों में 30.09.2025 तक केवाईसी अपडेट होना था, उनसे अनुरोध है कि वे अपनी अपडेट की गई केवाईसी जानकारी - जैसे पहचान प्रमाण, पते का प्रमाण, नवीनतम तस्वीर, पैन/फॉर्म 60, आय प्रमाण, मोबाइल नंबर या कोई अन्य आवश्यक केवाईसी दस्तावेज - 30 नवंबर 2025 तक या उससे पहले जमा कर दें। ग्राहक किसी भी पीएनबी शाखा में जाकर या पीएनबी वन, इंटरनेट बैंकिंग सेवाएँ (आईबीएस), व्हाट्सएप, एसएमएस सहित डिजिटल माध्यमों से, या पंजीकृत ईमेल या डाक के माध्यम से अपनी मुख्य शाखा को आवश्यक दस्तावेज़ भेजकर अपने केवाईसी विवरण अपडेट कर सकते हैं। कृपया ध्यान दें कि निर्धारित समय सीमा के भीतर केवाईसी अपडेट न करने पर नियामक दिशानिर्देशों के अनुसार खाता संचालन पर प्रतिबंध लग सकता है।

### गोपाल स्नैक्स ने मोडासा संयंत्र में नमकीन का उत्पादन शुरू किया

**राजकोट।** गोपाल स्नैक्स लिमिटेड कंपनी ने उत्तरी गुजरात के मोडासा स्थित अपने विनिर्माण संयंत्र में नमकीन का उत्पादन शुरू किया है। पहले इस प्लांट में आलू वेफर्स और फ्राइज़ का उत्पादन होता था और अब इस विस्तार के साथ यहां नमकीन का उत्पादन भी शुरू कर दिया गया है, जिससे कंपनी के राजकोट और नागपुर प्लांट के साथ-साथ मौजूदा उत्पादन क्षमता में भी वृद्धि हुई है और साथ ही कंपनी का समग्र उत्पादन नेटवर्क भी मजबूत हुआ है। यह विस्तार, गोपाल स्नैक्स की भारतभर में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने और अपनी उत्पादन इकाइयों के बीच परिचालन और तालमेल में सुधार करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। कंपनी के सीईओ राज हदवानी ने कहा कि नमकीन उत्पादन की शुरुआत के साथ मोडासा संयंत्र का विस्तार, आपूर्ति श्रृंखला दक्षता में सुधार करने और पूरे भारत में हमारे उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी ने कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करने और पूरे वर्ष निर्बाध उत्पादन और आपूर्ति बनाए रखने के लिए मोडासा में लगभग 40,000 मीट्रिक टन की कोल्ड स्टोरेज सुविधा भी स्थापित की है।



FORM NO.14
[See Regulation 33(2)]
For Publication

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**
2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhavan (BSNL Building), Near Head Post Office Residency Road, Jabalpur -482001, MP.

**DEMAND NOTICE**

NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.

RC/214/2024 10-11-2025

**PUNJAB NATIONAL BANK**
**Versus**
**ASHOK KUMAR TARACHANDANI TARACHANDANI**

To,
(CD 1) ASHOK KUMAR TARACHANDANI TARACHANDANI
BULCHAND TARACHANDANI
H.N. LIG-43, EXTENSION HOUSING BOARD , LAHARPUR, BHOPAL (MP)
Bhopal, MADHYA PRADESH - 462043

This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in **OA/268/2022** an amount of **Rs. 2406649.64 (Rupees Twenty Four Lakhs Six Thousand Six Hundred Forty Nine And Paise Sixty Four Only)** along with pendentellite and future interest @ 12% Simple Interest Yearly w.e.f. **17/02/2022** till realization and costs of **Rs.27000 (Rupees Twenty SevenThousands Only)** has become due against you (Jointly and severally/ Fully/Limited).

2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.

3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing,

4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on **07/01/2026** at 10:30 a.m. for further proceedings.

5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:

(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate/execution proceedings.

(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **10/11/2025.**

**Ms Priti Desai**
**Recovery Officer-I, Debts Recovery Tribunal**
**Govt. of India, Ministry of Finance**
**Jabalpur (M.P. & C.G. State)**

## चिंतन

# शेख हसीना को फांसी की सजा पर उठे गंभीर सवाल

जिसका डर था वही हुआ, बांग्लादेश की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मानवता के खिलाफ अपराध का दोषी ठहराते हुए फांसी की सजा सुनाई है। वह पिछले साल उग्र आंदोलन के बाद ढाका छोड़कर भारत आई थीं और 15 महीनों से दिल्ली के एक सेफ हाउस में रह रही हैं। बांग्लादेश ने अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के फैसले के बाद भारत से शेख हसीना को सौंपने का आग्रह किया है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने प्रत्यर्पण संधि का हवाला देते हुए कहा है कि दोनों देशों के बीच मौजूदा प्रत्यर्पण संधि के अनुसार, यह भारत का अनिवार्य कर्तव्य है।' उसने यह भी कहा कि शेख हसीना को शरण देना अमित्रतापूर्ण और न्याय के प्रति अवमानना होगा। यह बात सही है कि भारत-बंग्लादेश के बीच 2013 में एक्स्ट्रडिशन ट्रीटी साइन हुई थी, जिसमें दोनों देशों के बीच अपराधियों के एक्सचेंज की शर्ते हैं, लेकिन बांग्लादेश का विदेश मंत्रालय शायद इस समझौते की शर्तों को भूल गया है। इसके ट्रीटी के आर्टिकल 8 के तहत अगर आरोपी की जान को खतरा हो, उसे निष्पक्ष ट्रायल नहीं मिला हो या ट्रिब्यूनल का उद्देश्य न्याय नहीं, बल्कि राजनीतिक हो तो भारत प्रत्यर्पण से मना कर सकता है। कौन नहीं जानता कि बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हरीना के खिलाफ किस तरह मुकदमा चलाया गया। किसी भी मुकदमे का पहला वाक्य यही होता है कि चाहे सौ गुनाहगार छूट जाएं, किसी एक बेगुनाह को सजा नहीं होनी चाहिए। कौन नहीं जानता कि शेख हसीना पर चलाए गए केस में उनका पक्ष ही नहीं है। सबसे पहले तो यह देखा जाता है कि जिस पर आरोप लगाया गया है, उसने अपने बचाव में क्या कहा, लेकिन पूरे मुकदमे और सुनवाई में शेख हसीना पक्ष है ही नहीं। हसीना को अपना पक्ष रखने के लिए वकील तक नहीं मिला। जब से इस मामले की सुनवाई शुरू हुई है, अनेक रिपोर्ट सामने आ चुकी हैं कि केस की सुनवाई करने वाले जज सरकारी दबाव में थे। इस पूरे केस की जांच पर अनेक अंतरराष्ट्रीय संगठन चिंता जता चुके हैं। खुद हसीना लगातार राजनीतिक बदले का आरोप लगा रही हैं। महज दो दिन पूर्व ही कार्रवाई को राजनीतिक बदला बताते हुए उन्होंने कहा था कि मेरे खिलाफ चल रहा मुकदमा झूठा तमाशा है। यह पूरी तरह राजनीतिक बदले की कार्रवाई है। मैं ट्रायल में न तो अपनी सफाई पेश कर सकी और न ही अपने वकील नियुक्त कर सकी। भारत-बांग्लादेश समझौते के आर्टिकल 6 के मुताबिक अगर अपराध राजनीतिक माना जाए तो भारत प्रत्यर्पण से इनकार कर सकता है। वैसे भी यह आदेश बांग्लादेश की सर्वोच्च अदालत का नहीं है। शेख हसीना ट्रिब्यूनल के फैसले को बांग्लादेश की ऊपरी अदालत में चुनौती दे सकती हैं। वे सबूतों की दोबारा जांच और अनफेयर ट्रायल का हवाला देकर रिव्यू करने की मांग कर सकती हैं। हसीना निष्पक्ष ट्रायल न होने को लेकर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों या कानूनी संस्थाओं में शिकायत कर सकती हैं। इससे पहले ही बांग्लादेश का भारत को पत्र लिखकर हसीना को सौंपने का आग्रह करने का कोई औचित्य नजर नहीं आता। भारत ने इस फैसले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन साफ है कि कार्यवाही होगी जो न्यायसंगत हो।



बम विस्फोट
योगेंद्र माथुर

# भारत के अगले कदम का इंतजार

> सुबह फरीदाबाद में डॉक्टर की गिरफ्तारी और विस्फोटक बरामदगी के कुछ घंटों में ही देश की राजधानी दिल्ली में आत्मघाती विस्फोट कर आतंकी आखिर क्या संदेश देना चाहते थे? क्या देश में कुछ बड़ा करने का षड्यंत्र रचा जा रहा था या अन्य कहीं रखे विस्फोटक को पकड़े जाने के डर से दूसरी जगह स्थानांतरित करने की हड़बड़ी में बीच में ही यह विस्फोट हो गया अथवा अपने साथियों के पकड़े जाने के बाद अन्य आतंकी देश की राजधानी में विस्फोट कर सरकार को देश में अपनी मौजूदगी व सक्रियता का संदेश देना चाहते थे? एक यह भी वजह हो सकती है कि जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद वहां लौटा अमन चैन आतंकियों को रास नहीं आ रहा।

देश की राजधानी दिल्ली में सोमवार को आतंकियों ने एक बार फिर कायराना कृत्य का परिचय देते हुए कार में आत्मघाती विस्फोट कर कई बेगुनाह लोगों की जान ले ली। दिल्ली में एक दशक से अधिक समय बाद हुई इस आतंकी घटना से समूचा देश स्तब्ध भी है और खासा गुस्से में भी। लगभग समूचा देश यह बात तय मानकर कि इस घटना में पाकिस्तान और वहां बैठे दहशतगर्दों का ही हाथ है, सरकार के जवाबी कदम की प्रतीक्षा में है।

सोमवार की सुबह ही दिल्ली से सटे हरियाणा के फरीदाबाद से खबर मिली थी कि वहां एक डॉक्टर को संदिग्ध आतंकी कनेक्शन में हिरासत में लिया गया है और उसके पास से करीब 3 हजार किलो विस्फोटक असला बरामद किया गया है। साथ ही उसकी निशानदेही व सम्बन्धों के आधार पर देश के विभिन्न क्षेत्रों से बाद में और कई लोगों को हिरासत में लिया गया है।


इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक असला बरामद होना और आतंकियों का पकड़ा जाना सभी के लिए बड़ी खबर थी। लोग एक प्रकार से राहत की सांस ले रहे थे कि शाम को दिन ढलते-ढलते यह बुरी खबर देश को मिल गई कि दिल्ली के लाल किले के समीप एक कार में विस्फोट हो गया है और उस कार सहित वहां रखी अन्य कुछ कारों में खासे नुकसान के साथ आग लगने से बड़ी संख्या में वहां मौजूद लोग हताहत हुए हैं।

सुबह फरीदाबाद में डॉक्टर की गिरफ्तारी और विस्फोटक बरामदगी के कुछ घंटों में ही देश की राजधानी दिल्ली में आत्मघाती विस्फोट कर आतंकी आखिर क्या संदेश देना चाहते थे? क्या देश में कुछ बड़ा करने का षड्यंत्र रचा जा रहा था और पकड़े जाने पर तुरत-फुरत में विस्फोट की घटना को अंजाम दिया गया या अन्य कहीं रखे विस्फोटक को पकड़े जाने के डर से दूसरी जगह स्थानांतरित करने की हड़बड़ी में बीच में ही यह विस्फोट हो गया अथवा अपने कुछ साथियों के पकड़े जाने के बाद अन्य आतंकी देश की राजधानी के व्यस्ततम व संवेदनशील क्षेत्र में विस्फोट कर सरकार को देश में अपनी मौजूदगी व सक्रियता का संदेश देना चाहते थे? एक यह भी वजह हो सकती है कि जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद वहां लौटा अमन चैन आतंकियों को रास नहीं आ रहा हो और देश की राजधानी में आतंकी घटना कर समूची दुनिया का ध्यान अपनी मौजूदगी व सक्रियता के साथ कश्मीर मुद्दे की तरफ पुनः खींचना चाहते हों। ऐसा इसलिए लगता है कि विस्फोट की घटना से जुड़े लोगों के तार कश्मीर से भी जुड़ रहे हैं।

फिलहाल सरकार पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहकर इसे लेकर मंथन कर रही है और सुरक्षा एजेंसियां घटना के तार जोड़कर पूरे षड्यंत्र की जांच करने में तेजी से जुट गई हैं। सरकार ने घटना की जांच का जिम्मा एनआईए को सौंप दिया है और घटना से जुड़े आतंकियों के सीमा पार पड़ोसी देश से जुड़े होने के सबूत खोजे जा रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों को आरंभिक जांच में घटना से जुड़े आतंकियों के तार पाकिस्तान सहित तुर्किये तक से जुड़ने के संकेत मिलने लगे हैं।

आने वाले दिनों में स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगी और जैसा कि प्रधानमंत्री, गृह मंत्री व रक्षामंत्री तक ने कहा है, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

विगत अप्रैल में कश्मीर में हुई बड़ी आतंकी घटना के



बाद भी देश में खासा आक्रोश देखा गया था। निसंदेह सरकार भी गुस्से में थी। जिसका परिणाम यह हुआ था कि घटना के चंद दिनों बाद ही सरकार की हरी झंडी मिलने पर सेना ने पड़ोसी आतंकी देश पाकिस्तान को सबक सिखाने और वहां सरकार व सेना के संरक्षण में पल-बढ़ रहे जेहादियों को जहन्नुम पहुंचाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर लांच किया था।

उस समय हमारा लक्ष्य एक पूर्ण युद्ध नहीं बल्कि केवल वहां बैठे आतंक के आकाओं व उनके अड्डों को समाप्त करना था। हमने हमारे लक्ष्य को बड़ी तेजी से प्राप्त भी कर लिया था। हालांकि बाद में वहां की सेना द्वारा ड्रोन हमले के द्वारा प्रतिक्रिया देने का दुस्साहस करने पर हमारी सेना ने उनके हवाई ठिकानों को भी नष्ट कर उसे खासा नुकसान पहुंचाया था।

भारतीय सेना की जोरदार कार्रवाई से शीघ्र ही हौसला पस्त व घबराई वहां की सेना के डीजीएमओ द्वारा भारत के समक्ष घुटने टेकने और कार्रवाई रोकने की प्रार्थना पर भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को स्थगित तो कर दिया, लेकिन साथ ही यह सख्त चेतावनी भी दे दी थी कि भविष्य में भारत में होने वाली किसी भी आतंकी घटना को भारत के विरुद्ध युद्ध माना जाएगा और इससे भी कड़ा व मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

ऑपरेशन सिंदूर स्थगित होने के बाद हाल ही के कुछ महीनों में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ व सेना प्रमुख मुनीर द्वारा दुनिया के कुछ बड़े देशों की यात्रा कर भारत से भविष्य के लिए सुरक्षा को लेकर कवायद की गई। इन देशों के साथ आधुनिक हथियारों की खरीद के साथ-साथ सुरक्षा समझौते भी किए गए। इसके लिए पाकिस्तान द्वारा इन देशों को कई प्रकार के अन्य लाभ व प्रलोभन भी दिए गए हैं।

वहां की सरकार व सेना यह मानकर चलने लगी है कि भविष्य में भारत के साथ उसके किसी भी प्रकार के संघर्ष में ये देश उसकी सहायता व सहयोग करेंगे और वह भारत को मात देने में सक्षम होगा। वहां की सरकार में बैठे कुछ लोग व सेना प्रमुख मुनीर द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई को भूल कर या नजर अंदाज कर भारत को एक बार फिर परमाणु धमकी दी जाने लगी है।

लेकिन पाकिस्तान संभवतः यह भूल गया है कि भारत अब पहले से कहीं अधिक शक्ति सम्पन्न देश है और किसी भी वैश्विक स्थिति या संकट से निपटने में सक्षम है। वह 47, 65, 71 व कारगिल में भारत की सेना की शक्ति देख चुका है। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना का शौर्य व साहस उसके सहित समूची दुनिया ने देखा है। फिर भी वह अपनी फ़ितरतों से बाज नहीं आ रहा है।

निःसंदेह भारत सरकार व सेना हर स्थिति और संकट का सामना करने में सक्षम है और पूरी तरह से सतर्क व तैयार भी है। भारत अपने हितों व संप्रभुता का संरक्षण करने में पूर्ण सक्षम है। भारत अब किसी दबाव में आने वाला भी नहीं है। ताजा घटनाक्रम के बाद इस बात की प्रबल संभावना है कि भारत दहशतगर्दों के संरक्षक व पालन-पोषण करने वाले पड़ोसी देश पाकिस्तान के विरुद्ध कड़ी जवाबी कार्रवाई करेगा और पाकिस्तान ने कोई दुस्साहस करने की कोशिश की तो संभवतः पाकिस्तान टुकड़ों में बंट जाए और पाकिस्तान के तौर पर उसकी पहचान नक्शे से मिट जाए, इसमें भी आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

भारत के लिए कश्मीर का पाक अधिगृहीत हिस्सा लेने का यह महत्वपूर्ण अवसर है और भारत को अब देर नहीं करना चाहिए। हालांकि सब कुछ इतना सरल व आसान भी नहीं है लेकिन आने वाले दिनों में भारत की जवाबी कार्रवाई की प्रतीक्षा पूरी दुनिया को है।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विशेष
डॉ. रमेश ठाकुर



# बाल अपराध प्रतिबंध पर संयुक्त राष्ट्र की पहल

बाल अपराधों पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य ये संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष-2022 को 18 नवंबर की तारीख को 'विश्व बाल यौन शोषण, दुर्व्यवहार और हिंसा की रोकथाम' दिवस मुकर्रर किया था। दिवस का मकसद बच्चों के यौन शोषण व दुर्व्यवहार को रोकना और प्रभावित बच्चों को कानूनी सहायता प्रदान करवाने के प्रति जागरूक करना था। जिस हिसाब से अपराध बढ़ रहे हैं, उन्हें देखकर लगता है कि ये कृत्य सीधे-सीधे बाल अधिकारों का घोर उल्लंघन है। ये एक वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या में भी तब्दील हो चुकी है। ये असहनीय कृत्य किशोरों के स्वास्थ्य पर कितना प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं जिसका अंदाजा कोई नहीं लगा सकता है।



आज इस खास दिन पर बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत तमाम सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाएं बकायदा कैंप लगाकर पीड़ित बच्चों और उनके अभिभावकों को कानूनी मदद और अन्य सहायता के लिए जागरूक करती हैं। साथ ही नौनिहालों की रक्षा-सुरक्षा के संबंध में जागरुकता फैलाना और शोषण के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाने के लिए भी यह दिन अति-महत्वपूर्ण है। निश्चित रूप से ऐसे दिवस पीड़ितों को यौन शोषण के आघात से उबरने में काफ़ी मददगार साबित होते हैं। एनसीआरबी और 'जोनल इंटीग्रेटेड पुलिस नेटवर्क'(जिपनेट) की हालिया रिपोर्ट ने भी बच्चों से जुड़े अपराधों में बेहताशा वृद्धि बताई है।

एनसीआरबी रिपोर्ट ने ना सिर्फ शासकीय महकमों में खलबली मचाई है,बल्कि जनमानस में भी भय का माहौल उत्पन्न किया है। ऐसे नौनिहाल जो या तो पार्कों में खेलने गए या ट्यूशन पढ़ने, बाद में वापस ही नहीं लौटे। बिहार, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना, हरियाणा व दिल्ली में ऐसे राज्य हैं जहां ऐसे मामलों में खासी वृद्धि हुई। बाल अपराध कैसे रूकें, इसके लिए क्या किया जाना चाहिए, इन्हीं सभी बातों पर मंथन आज किया जाएगा। कई क्षेत्रों में बाल यौन शोषण को छुपाया और कलंकित किया जाता है, जबकि ऐसा कतई नहीं किया जाना चाहिए। इस समस्या से निपटने और चुप्पी व प्रतिरोध की सांस्कृतिक बाधाओं को तोड़ने के लिए, सामुदायिक स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक ज्ञान और प्रभावी रणनीतियों का प्रसार आवश्यक है।

संयुक्त राष्ट्र की मैनुअल रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2023-24 में लगभग 190 देशों के बच्चों के साथ जितनी यातनाएं बढ़ी, उतनी इसके पूर्व कभी नहीं रही? इसमें भारत भी शामिल है। दुनिया भर में बच्चों के अधिकारों के साथ खुलेआम उल्लंघन और दुर्व्यवहार होता है। इस तरह के उल्लंघन सभी देशों और सामाजिक स्तरों में व्याप्त हैं। बच्चों, विशेषकर लड़कियों के साथ जबरन यौन संबंध, शारीरिक शोषण, दुर्व्यवहार व हिंसा के मामले बढ रहे हैं जिसमें ऑनलाइन और डिजीटल अपराध सबसे ज्यादा हैं। बच्चों की गरिमा और हिंसा से मुक्त जीवन जीने के उनके अधिकारों को सशक्त बनाने के लिए ही संयुक्त राष्ट्र ने करीब 90 देशों के साथ 2030 तक एक एजेंडा तय किया, जिसमें यह सुनिश्चित हुआ कि विभिन्न बाल अपराधों को रोकने में अपने कानूनों को धारदार बनाएंगे। बाल अपराध तभी रूक पाएंगे, जब हुकूमती शक्तियां कठोर होंगी। वैसे, कई मुल्कों में बाल अपराध पर फांसी की सजा निर्धारित हैं। दुबई में बाल अपराध न के बराबर हैं। लक्ष्यों और उद्देश्यों की श्रृंखला को कार्यान्वयन करने के लिए सभी पीड़ित देश अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंडे के साथ जुड़े हैं। ये पहल बाल शोषण, दुर्व्यवहार, बाल तस्करी, यातनाएं और बच्चों के खिलाफ सभी प्रकार की हिंसा को समाप्त करने के साथ-साथ बाल विवाह और महिला जननांग विकृति जैसी हानिकारक प्रथाओं को समाप्त करने में मदद करेगी।

( लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# अनासक्त हुए बिना करे दूसरों की भलाई



संकलित
## दर्शन

यह सोचना भूल है कि हमने संसार का भला किया। इस विचार से दुख उत्पन्न होता है। हम किसी की सहायता करने के बाद सोचते हैं कि वह हमें इसके बदले में धन्यवाद दे, पर वह धन्यवाद नहीं देता, तो हमें दुख होता है। हम जो कुछ भी करें, उसके बदले में किसी चीज की आशा क्यों रखें? बल्कि उल्टे हमें उसी के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिसकी हम सहायता करते हैं, उसे साक्षात नारायण मानना चाहिए। मनुष्य की सहायता द्वारा ईश्वर की उपासना करना क्या हमारा परम सौभाग्य नहीं है? यदि हम वास्तव में अनासक्त हैं, तो हमें यह प्रत्याशा जनक कष्ट क्यों होना चाहिए? अनासक्त होने पर तो हम प्रसन्नतापूर्वक संसार में भलाई कर सकते हैं। अनासक्त किए हुए कार्य से कभी भी दुख अथवा अशांति नहीं आएगी। यदि हम यह जान लें कि आसक्ति रहित होकर किस तरह कर्म करना चाहिए, तभी हम दुराग्रह और मतांधता से परे हो सकते हैं। जब तुम दुराग्रह और मतांधता से परे हो जाओगे, तभी अच्छी तरह कार्य कर सकोगे। जो ठंडे मस्तिष्क वाला और शांत है, जो उत्तम ढंग से विचार करके कार्य करता है, जिसके स्नायु सहज ही उत्तेजित नहीं होते तथा जो अत्यंत प्रेम और सहानुभूति संपन्न है, केवल वही व्यक्ति संसार में परोपकार कर सकता है और इस तरह वह अपना भी कल्याण कर सकता है। यह संसार चरित्र गठन की एक विशाल व्यायामशाला है। इसमें हम सभी को अभ्यास रूप में कसरत करनी पड़ती है, जिससे हम आध्यात्मिक बल से अधिकाधिक बलवान बनते रहें।

# दूसरों की भलाई करने वालों का स्थान सबसे ऊंचा



संकलित
## प्रेरणा

कन्फ्यूशियस चीन के एक दार्शनिक थे। उनका जन्म करीब 551 ईसा वर्ष पूर्व हुआ था। कन्फ्यूशियस इतने विद्वान थे कि उनके पास कई राजा-महाराज भी मिलने पहुंचे थे। एक बार चीन के राजा ने कन्फ्यूशियस से पूछा था कि आप मुझे किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में बताएं, जिसका स्थान सबसे ऊंचा है। कन्फ्यूशियस ने राजा से कहा कि वह इंसान आप खुद ही हैं, क्योंकि आप हमेशा सत्य जानना चाहते हैं। राजा ने कहा कि आप तो मुझे मुझसे भी अच्छे व्यक्ति के बारे में बताइए। कन्फ्यूशियस ने तुरंत कहा कि आपसे अच्छा व्यक्ति तो मैं ही हूं, क्योंकि मैं भी आपकी तरह ही सत्य को जानना चाहता हूं। राजा बोला कि आपसे भी अच्छा और कौन है? इसके बाद कन्फ्यूशियस ने कहा कि मैं ऐसे एक व्यक्ति को जानता हूं, जो हम दोनों से भी महान है। चलिए, मैं आपको उससे मिलवाता हूं। कन्फ्यूशियस राजा को लेकर एक बूढ़े के पास पहुंचे। वह बूढ़ा व्यक्ति कुआं खोद रहा था। कन्फ्यूशियस ने कहा कि महाराज, ये व्यक्ति सबसे महान है, उसका स्थान हम सबसे बहुत ऊंचा है, क्योंकि ये दूसरों को पानी मिल सके, इसलिए कुआं खोद रहा है। ये दूसरों की भलाई के लिए अपनी सुख-सुविधा का भी त्याग कर देता है। इसका शरीर बूढ़ा हो गया है, लेकिन अभी भी ये दूसरों के लिए सेवा का काम कर रहा है। इसलिए इसका स्थान सबसे ऊंचा है।

## सटाका




## आज की पाती

### बिहार चुनाव में मुद्दे आए काम

हाल ही में बिहार विधानसभा चुनाव में जो एनडीए को प्रचंड बहुमत मिला उस पर सभी के अपने-अपने विचार हो सकते हैं। इसके लिए कोई नीतीश कुमार के कामों को कारण बता रहा है, तो कोई वहां भी महागठबंधन में कमियों को दोषी मान रहा है। लोकतंत्र में हर चुनाव में ऊंट किस करवट मतदाता बिठा दे, इसका अंदाजा लगाया नहीं जा सकता। आम चुनाव में मतदाता राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को ध्यान में रखता है। जबकि स्थानीय निकाय और विधानसभा चुनाव में मूलभूत सुविधाओं और अन्य स्थानीय मुद्दों को। इस विधानसभा चुनाव में भाजपा को ज्यादा सीटों पर जीत मिलना यह भी साबित कर रहा है कि मतदाता अब डबल इंजन की सरकार को ध्यान में रख रहा है।

*- विवेक पाठक, दुर्ग*

## ट्रेंड

### बातचीत का अवसर

निर्माणाधीन बुलेट ट्रेन स्टेशन का दौरा किया और मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की प्रगति की समीक्षा की। पहली बुलेट ट्रेन परियोजना पर काम कर रही टीम से बातचीत करने का अवसर भी मिला।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### नाइंसाफी और जुल्म

सत्ता के गुरूर में जो नाइंसाफी और जुल्म की हदें पार कर देते हैं, वो ख़ुद एक दिन क़ुदरत के फैसले की गिरफ़्त में आकर एक बेहद बुरे अंत की ओर जाते हैं। वो सब देख रहा है। किसी के साथ भी बेइंसाफ़ी पर वो जरूर सुनता है।


**- अखिलेश यादव, सपा नेता**



### गर्व का अनुभव

मुझे यह बताते हुए गर्व और प्रसन्नता हो रही है कि मेरी बेटी निहारिका ने ओलिवा, वेलेंसिया, स्पेन में मेडिटेरेनियन इक्वेस्ट्रियन टूर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उसकी इस कामयाबी पर गर्व का अनुभव कर रहा हूं।


**- गौतम सिंघानिया, उद्योगपति**



### दर्शकों का शुक्रिया

मेरे नाटक कुछ भी हो सकता है के लिए प्यार, गर्मजोशी, प्रशंसा और अंतहीन तालियों के लिए दिल्ली के दर्शकों का शुक्रिया। आयोजकों और सभी स्वयंसेवकों ने एक शानदार और कठिन काम को इतनी सहजता और सहजता से अंजाम दिया।

**- अनुपम खेर, अभिनेता**



**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# टाइम्स स्क्वायर पर महिला सशक्तिकरण का जश्न


न्यूयॉर्क के प्रसिद्ध टाइम्स स्क्वायर में भारतीय प्रवासी समुदाय और अन्य देशों की महिलाओं ने एक विशेष कार्यक्रम के दौरान साड़ी की खूबसूरती, विरासत, कलात्मकता और समुदाय के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण का जश्न मनाया। इस दौरान रंग-बिरंगी और विभिन्न शैलियों की साड़ियां इस लोकप्रिय स्थल पर छा गईं। 'साड़ी गोज़ ग्लोबल' कार्यक्रम के दूसरे संस्करण का आयोजन रविवार को न्यूयॉर्क स्थित परोपकारी संगठन 'उमा ग्लोबल' ने न्यूयॉर्क के भारतीय वाणिज्य दूतावास के सहयोग से किया। उमा ग्लोबल द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, इस वर्ष के उत्सव में भारत, बांग्लादेश, ब्रिटेन, वेस्ट इंडीज, मलेशिया, सिंगापुर, श्रीलंका, अमेरिका के कई शहरों और स्थानीय न्यूयॉर्क निवासियों ने हिस्सा लिया। न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में काउंसलर (चांसरी प्रमुख) प्रज्ञा सिंह ने साड़ी के गहन सांस्कृतिक इतिहास और विविधता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ''साड़ी दुनिया के सबसे पुराने लगातार पहने जाने वाले परिधानों में से एक है, जिसकी परंपरा हजारों साल पुरानी है। इसकी अनगिनत शैलियां, पहनने के तरीके और कपड़े भारत की असाधारण विविधता और कलात्मक विरासत को प्रतिबिंबित करते हैं।'



## ऑफ बीट

# हिंसा कई बच्चों के जीवन का एक सामान्य हिस्सा

दुनियाभर के कई देशों में बच्चे हिंसा के बीच बड़े हो रहे हैं। यह हिंसा घर पर, उनके पड़ोस में या दोनों जगह हो सकती है। इससे कुछ बच्चों को सीधे तौर पर नुकसान पहुंचता है जबकि कुछ बच्चों को उनकी देखभाल करने वालों के बीच या अपने समुदायों में हिंसा के कारण अप्रत्यक्ष नुकसान होता है। किसी भी प्रकार से हिंसा के बीच बड़े होने का बच्चों पर गहरा असर पड़ सकता है। साक्ष्य दर्शाते हैं कि हिंसा और खराब मानसिक स्वास्थ्य के बीच संबंध बच्चे के स्कूल की आयु से पहले ही देखा जा सकता है। शोधकर्ताओं के अनुसार, बचपन में हिंसा के संपर्क में आने से इसका असर जीवन भर नजर आता है। हम बाल चिकित्सा तंत्रिका विज्ञान एवं मनोविज्ञान के शोधकर्ता हैं और यह समझने का प्रयास कर रहे हैं कि निम्न और मध्यम आय वाले देशों में हिंसा के शुरुआती अनुभव छोटे बच्चों के संज्ञानात्मक और भावनात्मक स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित कर रहे हैं। यहां हम 20 देशों में किए गए अध्ययनों की समीक्षा और दक्षिण अफ्रीका में बच्चों के एक बड़े समूह से प्राप्त नए आंकड़ों से प्राप्त निष्कर्षों पर चर्चा कर रहे हैं। हमने पाया कि जिन देशों का हमने अध्ययन किया, उन सभी में बच्चों के लिए हिंसा का सामना करना बेहद आम है और मानसिक स्वास्थ्य पर इसका प्रभाव बचपन में ही दिखाई देने लगता है।



केरल में विशेष गहन पुनरीक्षण पर रार

# अधिकारी की आत्महत्या के बाद बीएलओ ने किया काम से बहिष्कार, जांच की मांग

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल में सोमवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पूरे राज्य में प्रभावित रही क्योंकि बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) ने कथित तौर पर काम के तनाव के कारण एक अधिकारी की आत्महत्या के बाद काम का बहिष्कार कर दिया। जानकारी के मुताबिक, कन्नूर जिले के पय्यान्नूर में बीएलओ, 44 वर्षीय अनीश जॉर्ज रविवार को अपने घर में फंदे से लटके पाए गए। मामले में परिवार के सदस्यों और स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े काम के दबाव के कारण उन्होंने यह कदम उठाया। इस बीच, सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद जॉर्ज का शव उनके रिश्तेदारों को सौंप दिया गया।


अनीश जॉर्ज

राज्य कर्मचारी संघों ने मांग की है कि सभी कर्मचारियों को ठीक से प्रशिक्षित किया जाए और ब्लॉक लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के रूप में काम करने के लिए अतिरिक्त कर्मियों की नियुक्ति की जाए। इस विरोध में राजस्व विभाग के साथ-साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मिड-डे मील कर्मचारी, नगर निगम और पंचायत कर्मी भी शामिल होंगे।संघ

## माकपा और कांग्रेस ने एक दूसरे पर लगाए आरोप

राज्य सरकार के कई संगठनों ने भी किया विरोध


घर-घर जाकर विशेष गहन पुनरीक्षण का काम करते बूथ स्तर के अधिकारी

### ट्रेड यूनियनों का प्रदर्शन

वहीं राज्य सरकार के कर्मचारियों के कई ट्रेड यूनियनों, जिनमें राज्य सरकार के कर्मचारियों और शिक्षकों की कार्य परिषद और शिक्षक सेवा संगठनों की संयुक्त समिति शामिल हैं, ने जिला कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया और मांग की कि अधिकारी बीएलओ पर अत्यधिक दबाव न डालें और एसआईआर को स्थगित करने पर विचार करें। केरल एनजीओ एसोसिएशन ने भी राज्य भर में विरोध प्रदर्शन किया।

### माकपा कार्यकर्ताओं की भूमिका की जांच हो: सतीशन


वीडी सतीशन

विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने कहा कि जॉर्ज की आत्महत्या में माकपा कार्यकर्ताओं की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए। जॉर्ज को तब धमकाया गया था जब कांग्रेस का एक बूथ-स्तरीय एजेंट उनके साथ गणना के लिए गया था।

### माकपा कार्यकर्ताओं ने बीएलओ को धमकाया: जोसेफ


सनी जोसेफ

केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के अध्यक्ष सनी जोसेफ ने कहा कि गणना के दौरान कांग्रेस के बूथ-स्तरीय एजेंटों के साथ जाने पर माकपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें धमकी दी थी।

**बहिष्कार करेंगे राजस्व कर्मचारी**

तमिलनाडु के राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने 18 नवंबर से शुरू होने वाले एसआईआर का बहिष्कार किया है। कर्मचारी संघों का कहना है कि उन पर बहुत अधिक काम का बोझ डाला जा रहा है, जबकि उपलब्ध जनशक्ति, प्रशिक्षण और संसाधन बेहद कम हैं।

असम में शुरू होगा एसआईआर

### 1 जनवरी तक जोड़े जाएंगे योग्य लोगों के नाम

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने असम में भी मतदाता सूची के एसआर का आदेश दिया। आयोग की ओर से असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को जारी निर्देशों के अनुसार, एक जनवरी 2026 को वह तारीख मानी जाएगी, जिसके आधार पर यह विशेष पुनरीक्षण किया जाएगा। यानी उस दिन तक योग्य होने वाले लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़े जा सकेंगे। यह वार्षिक विशेष सारांश पुनरीक्षण और मतदाता सूची के एसआईआर दोनों के बीच की प्रक्रिया जैसा है।

## खबर संक्षेप

### अंता उपचुनाव को लेकर विधायक सिंघवी नाराज

**बारां।** राजस्थान के बारां के अंता विधानसभा उपचुनाव के बाद छबड़ा से भाजपा विधायक प्रताप सिंह सिंघवी ने पार्टी द्वारा की गई उपेक्षा पर नाराजगी जताई है। उनकी यह नाराजगी वायरल हो रहे एक पत्र से सामने आई है जो उन्होंने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को लिखा था। पत्र में सिंघवी ने अपना दर्द बयां किया है।



### ईडी के समक्ष फिर पेश नहीं हुए अनिल अंबानी

**नई दिल्ली।** रिलायंस एडीएजी ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी जयपुर-रींगस हाइवे प्रोजेक्ट से जुड़ी फेमा जांच में सोमवार को दूसरे समन के बाद भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए। हालांकि, उन्होंने वर्चुअल पेशी का प्रस्ताव रखा है। इससे पहले शुक्रवार को भी वे पूछताछ के लिए नहीं आए।



### सहारा की संपत्ति बिक्री पर सुनवाई छह हफ्ते टली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सहारा समूह की कंपनी की ओर से दायर उस याचिका पर सुनवाई छह सप्ताह के लिए टाल दी है, जिसमें अदाणी समूह को अपनी कुछ संपत्तियां बेचने की अनुमति मांगी गई है। अदालत ने मामले में न्यायमित्र वरिष्ठ अधिवक्ता शेखर नाफड़े की ओर से दाखिल नोट पर केंद्र सरकार से भी जवाब मांगा है।



### शिंदे की शिवसेना का पवार के साथ गठजोड़

**मुंबई।** नासिक जिले के येओला में राज्य के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने नगर पालिका परिषद चुनाव के लिए विपक्षी दल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) के साथ हाथ मिलाने का फैसला किया। येओला राज्य के मंत्री एवं राकांपा नेता छगन भुजबल का गृह क्षेत्र है। उनका मुकाबला भाजपा से होगा।



बिहार चुनाव में मिली करारी हार के बाद राजद का फैसला

# चुनाव परिणाम के खिलाफ कोर्ट जाएगी पार्टी तेजस्वी यादव विधायक दल के नेता चुने गए

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त मिलने के बाद सोमवार को डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेताओं के साथ समीक्षा बैठक की। पटना के पोलो रोड स्थित तेजस्वी आवास पर या बैठक हुई है। करीब चार घंटे तक बैठक चली। राजद नेताओं के साथ तेजस्वी ने बिहार विधानसभा चुनाव में हार की समीक्षा की गई।

नवनिर्वाचित विधायकों ने सोमवार को सर्वसम्मति से तेजस्वी यादव को विधायक दल का नेता चुन लिया। बैठक में विधायक आलोक मेहता ने कहा कि चुनाव के गड़बड़ी हुई है। इसीलिए ऐसा चौंकाने वाला परिणाम आया है। राजद के महज 25 प्रत्याशी ही विधानसभा चुनाव जीत पाए। मामले में राजद नेता रामानुज यादव ने बताया कि बैठक के हर एक नेता से बातचीत की गई। रिपोर्ट कार्ड देखा गया। इसके साथ ही चुनाव के परिणाम को लेकर कोर्ट जाने पर भी चर्चा हुई। इसे लेकर महागठबंधन के नेताओं की भी राय ली जाएगी। इधर, लालू परिवार जारी घमासान के बीच इस बैठक में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, पूर्व सीएम राबड़ी देवी, सांसद मीसा भारती भी शामिल हुईं।

तेजस्वी यादव ने सभी हारे उम्मीदवारों से व्यक्तिगत तौर पर सुझाव भी लिया। उन्होंने बताया कि समीक्षा का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि गलती कहां हुई-क्या संगठन कमजोर पड़ा, बूथ प्रबंधन ढीला रहा, या चुनावी संदेश जनता तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुंच पाया

**हार पर विधायकों से वन-टू-वन चर्चा**

महागठबंधन के नेताओं से भी करेंगे बात

## सभी राजद नेता रिपोर्ट कार्ड लेकर आए


पटना के पोलो रोड स्थित तेजस्वी आवास पर बैठक में लालू यादव और तेजस्वी यादव

बैठक में तेजस्वी यादव ने चुनाव में जीते और हारे हुए विधायकों को बुलाया है। सभी राजद नेता अपना अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर आए हैं। राजद सूत्रों ने बताया कि तेजस्वी यादव ने सभी हारे उम्मीदवारों से व्यक्तिगत तौर पर सुझाव भी लिया। उन्होंने बताया कि समीक्षा का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि गलती कहां हुई-क्या संगठन कमजोर पड़ा, बूथ प्रबंधन ढीला रहा, या चुनावी संदेश जनता तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुंच पाया।

### निर्वाचन आयोग पर लगाया आरोप

पूर्व विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाया कि वोटिंग से पहले करोड़ों लोगों के खातों में दस-दस हजार रुपए भेजे गए तथा जनता से कहा गया कि सरकार बनवा दीजिए तो दो लाख रुपए और दिए जाएंगे। मतदान से ठीक पहले बाहरी राज्यों से हजारों लोग ट्रेन से बिहार पहुंचे। सवाल उठता है कि उन्हें छुट्टी तथा पैसा किसने दिया।

**हार की वजह खोजी जा रही**

इस बैठक का मकसद यह पता करना था कि आखिर चूक कहां रह गई? जिन सीटों पर बेहद ही कम अंतर से हार मिली है उन सीटों की भी समीक्षा की जा रही। साथ ही सीमांचल में राष्ट्रीय जनता दल की जड़ें कमजोर होने की वजह भी खोजी जा रही। बैठक में आए विधायकों और प्रत्याशियों ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पर कई आरोप लगाए।

### राज्यपाल को नवनिर्वाचित विधायकों की सूची सौंपी


राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को 243 नवनिर्वाचित सदस्यों की सूची सौंपी।

बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के दो दिन बाद, बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) विनोद सिंह गुंजियाल ने पटना स्थित राजभवन में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को राज्य विधानसभा के 243 नवनिर्वाचित सदस्यों की सूची सौंपी। सीईओ विनोद गुंजियाल और ईसीआई के अरविंद आनंद ने विधानसभा चुनाव-2025 की निर्वाचित सदस्यों की सूची और भारत के चुनाव आयोग द्वारा प्रकाशित अधिसूचना बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को सौंप दी।

राजभवन में हथियार होने का आरोप

# राज्यपाल बोस ने सुरक्षा बलों के साथ तलाशी अभियान चलाया


पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आनंद बोस

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने सोमवार को राजभवन में तलाश अभियान चलाने वाली सुरक्षाकर्मियों की टीम का नेतृत्व किया। यह तलाश अभियान तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बेनर्जी के इस आरोप के मद्देनजर चलाया गया कि राजभवन परिसर में हथियार और गोला-बारूद जमा करके रखा गया है। कोलकाता पुलिस और केंद्रीय बलों की एक संयुक्त टीम ने सोमवार को पूरे राजभवन की तलाशी ली। बता दें, बोस उत्तर बंगाल के दौरे पर थे और वह इस तलाश अभियान का नेतृत्व करने के लिए अपनी यात्रा बीच में ही छोड़कर कोलकाता लौट आए हैं। तलाश अभियान को सुविधाजनक बनाने के लिए, सोमवार दोपहर राजभवन परिसर को खाली करा लिया गया।

### माफी मांगे सांसद

टीएमसी सांसद के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए राज्यपाल ने कानूनी कार्रवाई की धमकी दी है। राज्यपाल ने कहा कि जब सत्ताधारी पार्टी के सांसद कहते हैं कि राजभवन में हथियार उपलब्ध हैं तो इसका मतलब ये है कि उनका अपने ही राज्य की पुलिस पर भरोसा नहीं है? राज्यपाल ने चेतावनी दी है कि टीएमसी सांसद अपने बयान के लिए या तो माफी मांगें नहीं तो वे कानूनी कार्रवाई कर सकते हैं। राज्यपाल ने टीएमसी सांसद के आरोप पर कानून सलाह भी मांगी है। टीएमसी सांसद कल्याण बेनर्जी ने शनिवार को आरोप लगाया था कि बंगाल के राज्यपाल को कह दें कि वे भाजपा के अपराधियों को राजभवन में बुलाना बंद करें। वह उन्हें वहां रख रहे हैं और उन्हें हथियार दे रहे हैं ताकि वे टीएमसी कार्यकर्ताओं पर हमले कर सकें। जब तक ये राज्यपाल, राजभवन में हैं, तब तक बंगाल के साथ कुछ अच्छा नहीं हो सकता।

### एसआईआर को विफल करने में जुटी ममता

भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार की आलोचना की और आरोप लगाया कि 'बीएलओ और बीडीओ के एक वर्ग की गहरी सांठगांठ' का उद्देश्य सत्तारूढ़ दल को 'फर्जी मतदाताओं और अवैध प्रवासियों' को बाहर निकालने के निर्वाचन आयोग के प्रयासों को विफल करने में मदद करना है। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया ने तृणमूल कांग्रेस के भीतर 'घबराहट' पैदा कर दी है, जिसके कारण 'अपमानजनक टिप्पणियां व खुली धमकियां' दी जा रही हैं।

विधायकों की अयोग्यता का मामला

# सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना स्पीकर को भेजा अवमानना नोटिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बीआरएस विधायकों के अयोग्यता मामले पर तेलंगाना के स्पीकर को अवमानना नोटिस जारी किया है। यह नोटिस, विधायकों की अयोग्यता पर फैसला लेने के निर्देश का पालन न करने के लिए जारी किया। बीती 31 जुलाई को मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने विधानसभा स्पीकर को निर्देश दिया था कि वे तीन महीने के भीतर बीआरएस के 10 विधायकों की अयोग्यता पर फैसला लें। हालांकि स्पीकर ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद तय समयसीमा के भीतर फैसला नहीं लिया। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई, जिस पर सुनवाई के दौरान पीठ ने इसे अदालत की घोर अवमानना माना और स्पीकर को नोटिस जारी किया है। हालांकि पीठ ने तेलंगाना स्पीकर को अभी अगले आदेश तक अदालत में पेश होने से छूट दे दी है।

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री गोयल बोले

# जल्द ही प्लास्टिक का 100% रियूज और रिसाइक्लिंग करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि केंद्र सरकार भारत के डीप टेक इकोसिस्टम को मजबूत करने, ईज-ऑफ-डूइंग बिजनेस को बेहतर बनाने और इनोवेशन-एंटरप्रेन्योरशिप को प्रमोट करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इनोवेशन और सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देने के क्रम में आईआईएम कलकत्ता इनोवेशन पार्क (आईआईएमसीआईपी) और प्लास्टइंडिया फाउंडेशन की स्टार्टअप सर्च पहल को लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि इस पहल के साथ प्लास्टिक इंडस्ट्री प्लास्टिक के 100 प्रतिशत रियूज और रिसाइक्लिंग की ओर एक महत्वपूर्ण छलांग लगाएगी। यह पहल देश के राष्ट्रीय सस्टेनेबिलिटी लक्ष्यों और एनवायरमेंटली रिस्पॉन्सिबल प्रोडक्ट्स को लेकर बढ़ती वैश्विक मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

'बहुत खराब' एक्यूआई पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला

# निर्माण कार्य पर कोई 'प्रतिबंध' नहीं लाखों लोगों की कमाई इस पर निर्भर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में 'बहुत खराब' वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के बावजूद निर्माण पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को निर्माण कार्य में पूर्ण प्रतिबंध लगाने से इनकार करते हुए कहा कि पर्यावरण संबंधी चिंताओं को विकास के साथ संतुलित करने की जरूरत है। सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि वह दिल्ली में तेजी से बढ़ते प्रदूषण के स्तर को रोकने के सख्त निर्देश जारी नहीं कर सकते। समस्या से निपटने के लिए दीर्घकालिक समाधान तैयार करने होंगे। पीठ ने केंद्र से 19 नवंबर तक संकट से निपटने के लिए एक योजना भी मांगी।


दिल्ली की सड़क पर एंटी स्मोग वाहन पानी की बौछार करते हुए

### केंद्र को आगे आना चाहिए

अदालत ने दोहराया कि वह दिल्ली के प्रदूषण प्रबंधन को साल-दर-साल नहीं चला सकती और इसकी प्राथमिक जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है। पीठ ने कहा कि लाखों परिवार आजीविका के लिए निर्माण और उससे जुड़ी गतिविधियों पर निर्भर हैं। कोर्ट ने कहा कि व्यापक प्रतिबंध के गंभीर सामाजिक-आर्थिक परिणाम होंगे।

### शीघ्र ही बुलाएंगे बैठक

केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने बताया कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने 11 नवंबर को दिल्ली-एनसीआर के पर्यावरण मंत्रियों के साथ बैठक की थी तथा शीघ्र ही एक अन्य बैठक में तत्काल उपायों की रूपरेखा तैयार की जाएगी। मानव अधिकारों को प्रभावित किए बिना प्रदूषण पर कितना अंकुश लगाया जा सकता है।

एशियाई बीज कांग्रेस में केंद्रीय मंत्री शिवराज बोले

# अमानक बीज बेचने वालों पर लेंगे एक्शन किसान हित में निजी कंपनियां दाम घटाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुंबई में एशियाई बीज कांग्रेस 2025 का उद्घाटन किया। केंद्रीय मंत्री ने निजी क्षेत्र से बीजों की कीमतें कम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र के बीज महंगे हैं और अधिकांश किसान वंचित वर्ग से हैं और इन बीजों का खर्च वहन करने में असमर्थ हैं। उन्होंने मोटे अनाज उत्पादन के क्षेत्र में शोध एवं विकास की और अधिक आवश्यकता बताई। उन्होंने निजी कंपनियों से सरकार के समक्ष अपनी समस्याएं रखने को कहा। उन्होंने कंपनियों से बाजार में नए बीज लाने में कम समय लगाने को कहा और इन बीजों के परीक्षण में लगने वाले समय में कमी लाने के प्रयास पर सहमति व्यक्त की।


शिवराज सिंह चौहान

### बीजों के अवैध कारोबार पर लगाएंगे अंकुश

खराब बीजों और इसके अवैध कारोबार में शामिल लोगों को सख्त चेतावनी देते हुए उन्होंने सरकार और निजी क्षेत्र से ऐसे लोगों पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कार्रवाई करने को कहा।

### हर साल बीज बदलने की जरूरत न पड़े

चौहान ने कहा कि अगर किसानों को ऐसे बीज उपलब्ध कराए जाएं जिन्हें हर साल बदलने की आवश्यकता न पड़े, तो कृषक समुदाय की एक बड़ी चिंता दूर हो जाएगी। उन्होंने कंपनियों को खराब गुणवत्ता वाले, बिना अंकुरण क्षमता वाले या बहुत कम अंकुरण क्षमता वाले बीजों की समस्या का समाधान करने और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि उच्च गुणवत्तापूर्ण बीज के लिए निजी क्षेत्र का भी योगदान आवश्यक है।

वार्षिक तीर्थयात्रा के दिन केरल भाजपा का एक करोड़ हस्ताक्षर अभियान शुरू

# सबरीमाला सोना चोरी मामले में पीएम से हस्तक्षेप की मांग

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल भाजपा ने सोमवार को सबरीमाला के सोने से जुड़े विवाद को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने के लिए बड़ा कदम उठाया। पार्टी ने अयप्पा भक्तों से एक करोड़ हस्ताक्षर जुटाने का अभियान शुरू किया है, ताकि पीएम नरेंद्र मोदी से सीधे हस्तक्षेप की मांग की जा सके। यह अभियान मलयालम महीने वृश्चिकम के पहले दिन शुरू हुआ, यानी वह दिन जब सबरीमाला में वार्षिक तीर्थयात्रा की शुरुआत होती है। शुभारंभ तिरुवनंतपुरम के प्रसिद्ध पाझवंगड़ी गणपति मंदिर के सामने भाजपा राज्य महासचिव एस. सुरेश ने किया।

### सबरीमाला और त्रावणकोर देवस्वम बोर्ड की कैग से विशेष ऑडिट कराएं


पीएम नरेंद्र मोदी


सबरीमाला मंदिर

### परत चढ़ाने के कामों में भारी अनियमितताएं

भाजपा के राज्य अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि सबरीमाला में सोने की परत चढ़ाने से जुड़े कामों में अनियमितताएं हुई हैं, और यात्रियों के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी बनी हुई है। यह भी मांग की कि त्रावणकोर देवस्वम बोर्ड की पिछले 30 वर्षों का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) से विशेष ऑडिट कराया जाए।

### एसआईटी ने मंदिर में वैज्ञानिक परीक्षण किए

एसआईटी ने सोमवार को वैज्ञानिक जांच के लिए श्रीकोविल (गर्भगृह) के ठीक बाहर से सोने की परत हटायीं। यह प्रक्रिया 'देव अनुज्ञा' अनुष्ठान और 'उच्च पूजा' के बाद मंदिर के बंद होने के बाद अपराह्न 1.15 बजे शुरू हुई। यह प्रक्रिया अपराह्न 3 बजे तक जारी रही, जब मंदिर को अनुष्ठानों के लिए फिर से खोल दिया गया। विशेष जांच दल (एसआईटी) में पुलिसकर्मियों के अलावा फोरेंसिक विशेषज्ञों और रासायनिक विश्लेषकों सहित 20 सदस्य शामिल थे। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी की गई।

### ईडी की याचिका मुख्य न्यायाधीश के समक्ष भेजी

केरल उच्च न्यायालय ने सबरीमला सोना चोरी मामले से संबंधित दस्तावेजों की मांग संबंधी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका को सोमवार को मुख्य न्यायाधीश के समक्ष भेज दिया। मामले की सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति सीएस डायस ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय की याचिका एसएससीआर संख्या: 23/2025 से आंतरिक रूप से जुड़ी हुई है। यह वैसा मामला है जिसमें एक खंडपीठ ने विशेष जांच दल से जांच कराने का आदेश दिया था।

# फिर याद आएः शेख मुजीबुर रहमान के जैसा ही है घटनाक्रम, जब बेटी की तरह पिता को भी मिली थी मौत की सजा, बाद में हुई हत्या

**बंगबंधु के नाम से भी जाना जाते शेख हसीना के पिता, उनका बड़ा योगदान**

एजेंसी ▶▶ढाका

बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मानवता के खिलाफ अपराध का दोषी पाते हुए मौत की सजा सुनाई है। शेख हसीना पर पिछले साल जुलाई-अगस्त में हुए विद्रोह के दौरान मानवता के विरुद्ध अपराध के आरोप तय किए गए थे।

शेख हसीना वर्तमान में भारत में रह रही हैं। यह मुकदमा उनकी गैरमौजूदगी में चलाया गया था। इससे पहले उनके पिता शेख मुजीबुर रहमान को भी ऐसे ही आरोपों में मौत की सजा सुनाई गई थी। हालांकि, बाद में चुनाव जीतने के बाद पाकिस्तान की सरकार को उन्हें रिहा करना पड़ा था। लेकिन, बाद में एक तख्तापलट के दौरान शेख मुजीबुर रहमान की उनके परिवार के कई सदस्यों के साथ हत्या कर दी गई थी। शेख मुजीबुर रहमान को बंगबंधु के नाम से भी जाना जाता है। वह न सिर्फ बांग्लादेश के संस्थापक थे, बल्कि उन्होंने ही पाकिस्तान के कब्जे से तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान को आजाद भी कराया था। 1970-71 के चुनावों में शेख मुजीबुर रहमान के नेतृत्व वाली अवामी लीग ने प्रांतीय विधानसभा में 300 में से 288 सीटें जीतीं। उनकी पार्टी ने पश्चिमी पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में 300 में से 167 सीटों पर भी जीत दर्ज की। इतनी भारी जीत के बावजूद, अवामी लीग को पाकिस्तान के तत्कालीन जनरल याह्या खान के नेतृत्व वाले पाकिस्तान के सैन्य प्रशासन ने सरकार बनाने की अनुमति नहीं दी।

## पाकिस्तानी सेना ने शेख के आवास पर बोला था धावा


शेख हसीना

उसी रात पाकिस्तानी सेना की एक टुकड़ी 32 धनमंडी स्थित शेख मुजीबुर रहमान के आवास पर पहुंची। सैनिकों ने पहुंचते ही गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे शेख की सुरक्षा में तैनात एक स्थानीय सुरक्षा कर्मी को भी एक गोली लगी और उसकी तुरंत मौत हो गई। इस दौरान सेना के अफसर ने लाउडस्पीकर पर चिल्लाकर कहा कि वह शेख मुजीबुर रहमान को पकड़ने आए हैं। उन्होंने शेख से नीचे आकर आत्मसमर्पण करने को कहा। पाकिस्तानी सैनिकों की गोलीबारी को देखते हुए शेख मुजीबुर रहमान नीचे आए और सैनिकों ने उन्हें पकड़ लिया। शेख को बंदूकों के बट से धक्का देकर जीप पर बैठाया गया।

### रहमान को सुनाई गई मौत की सजा

शेख मुजीबुर रहमान मियांवाली जेल में करीब 9 महीने तक रहे। इस दौरान 6 दिसंबर को भारत-पाकिस्तान युद्ध की समाप्ति की घोषणा की गई, लेकिन अपनी हार से बौखलाई पाकिस्तानी सेना ने शेख मुजीबुर रहमान के लिए कुछ और ही प्लान करके रखा था। पाकिस्तान की सैन्य ट्राइब्यूनल ने शेख मुजीबुर रहमान को मौत की सजा सुनाई।

### जुल्फिकार ने रख दी थी शर्त

पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो, शेख मुजीबुर रहमान से मिलने के लिए रावलपिंडी के गेस्ट हाउस पहुंच गए। उन्होंने शेख को ऑफर दिया कि अगर बांग्लादेश विदेश मामले, रक्षा और संचार को पाकिस्तान के साथ मिलकर चलाए को वह उन्हें तुरंत रिहा कर सकते हैं। हालांकि कई दौर की बातचीत के बाद ऑफर को मानने से इनकार कर दिया।

### पाकिस्तान ने शेख मुजीबुर रहमान को बाद में रिहा किया

पाकिस्तान ने 7 जनवरी 1972 को शेख मुजीबुर रहमान को रिहा कर दिया। उन्हें पाकिस्तान से विदा करने के लिए खुद जुल्फिकार अली भुट्टो चकलाला एयरपोर्ट पहुंचे। हालांकि, इस दौरान दोनों नेताओं में कोई बातचीत नहीं हुई। शेख पहले लंदन गए और वहां से दो दिन बाद नई दिल्ली लौटे। नई दिल्ली एयरपोर्ट पर उनकी भव्य अगवानी की गई। इस दौरान भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति वी वी गिरी, प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, उनका पूरा मंत्रिमंडल, तीनों सेनाओं के प्रमुख और दूसरे कई गणमान्य लोग मौजूद थे। इसके बाद शेख मुजीबुर रहमान ढाका पहुंचे, जहां 10 लाख लोगों की भीड़ ने उनका स्वागत किया और अगले ही दिन उन्होंने राष्ट्रपति पद की शपथ ली।

### रहमान को सैनिकों ने गोलियों से भूना

1975 आते-आते चीजें उनके हाथ से निकलना शुरू हो गईं। देश में भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, लूटमार की घटनाएं बढ़ने लगी। 15 अगस्त, 1975 की सुबह बांग्लादेशी सेना के कुछ जूनियर अफसरों ने शेख मुजीबुर रहमान के 32 धनमंडी स्थित आवास पर हमला बोल दिया। इसके बाद उन सैनिकों ने जो भी सामने दिखा, उसे निशाना बनाना शुरू कर दिया। शेख ने बांग्लादेश सेना के शीर्ष अधिकारियों को फोन किया और हालात के बारे में बताया, लेकिन कोई एक्शन नहीं हुआ। इस दौरान हमलावर सैनिकों ने शेख मुजीबुर रहमान को गोलियों से छलनी कर दिया और उनकी मौत हो गई।

---

**खबर संक्षेप**

### रूस से स्वदेश लाया गया भारतीय छात्र का शव

**जयपुर।** रूस में लापता हुए राजस्थान के अलवर जिले के 22 वर्षीय मेडिकल छात्र अजीत



चौधरी का शव सोमवार सुबह उनके पैतृक गांव लाया गया। उनके गांव कफनवाड़ा में मातम पसरा रहा, जहां परिवार और ग्रामीण युवा छात्र को अंतिम विदाई देने के लिए जुटे। अजीत चौधरी रूस के उफा शहर के बश्किर स्टेट मेडिकल पढ़ाई कर रहे थे। वे 19 अक्तूबर से लापता थे। करीब दो हफ्ते बाद, 6 नवंबर को उनका शव व्हाइट रिवर के पास एक बांध में मिला।

### आईपैड पर अश्लील तस्वीरें देखते मिले सांसद

**वॉशिंगटन।** डेमोक्रेट सांसद ब्रैड शर्मन एक पैसेंजर फ्लाइट में आईपैड पर अश्लील तस्वीरें देखते



पकड़े गए। उनके बगल में बैठे यात्री ने यह शर्मनाक पल तीन फोटो में कैद कर लिया। हर फोटो में सांसद का मुंह खुला हुआ है, आंखें स्क्रीन पर टिकी हैं और आईपैड पर अर्धनग्न महिलाओं की तस्वीरें साफ नजर आ रही है। नेताजी की इस हरकत को उसी फ्लाइट के एक अन्य यात्री ने अपने फोन में कैद कर लिया।

---

## दिल्ली ब्लास्ट के बाद सेना प्रमुख की पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी

# ऑपरेशन सिंदूर 88 घंटे का ट्रेलर था...तो हम पड़ोसी राष्ट्र का व्यवहार भी सिखा देंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶नई दिल्ली

सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को पाकिस्तान को साफ शब्दों यह बता दिया कि पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र सेनाओं द्वारा 7 से 10 मई 2025 तक संयुक्त रूप से की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्यवाही तो सिर्फ एक ट्रेलर थी। जो 88 घंटे यानी 4 दिन में ही समाप्त हो गई थी। लेकिन हम भविष्य में सामने आने वाली किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। अगर पाकिस्तान हमें दोबारा से कोई मौका देता है तो हम उसे सिखा देंगे कि कैसे जिम्मेदारी के साथ अपने एक पड़ोसी देश के साथ बर्ताव किया जाता है? यह जानकारी जनरल द्विवेदी ने 17 नवंबर को नई दिल्ली के मानेकशॉ केंद्र में इस महीने के अंत में होने वाले चाणक्य रक्षा संवाद-25 नामक कार्यक्रम के पूर्व में आयोजित किए गए एक प्रश्नोत्तरी संवाद सत्र के दौरान दी है।

सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को पाकिस्तान को साफ शब्दों यह बता दिया कि पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र सेनाओं द्वारा 7 से 10 मई 2025 तक संयुक्त रूप से की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्यवाही तो सिर्फ एक ट्रेलर थी। जो 88 घंटे यानी 4 दिन में ही समाप्त हो गई थी। लेकिन हम भविष्य में सामने आने वाली किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। अगर पाकिस्तान हमें दोबारा से कोई मौका देता है।

**भविष्य में किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए सेना तैयार** | *अब लड़ाइयां मल्टी-डोमेन होती हैं, कब तक चलेगी पता नहीं*

### हमारे पास लंबे वक्त तक चलने वाली सप्लाई



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी

ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बात करते हुए उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि ये एक्शन सिर्फ एक ट्रेलर था जो 88 घंटे में खत्म हो गया। हम भविष्य में किसी भी परिस्थिति के लिए तैयार हैं। अगर पाकिस्तान मौका देता है, तो हम उसे सिखाएंगे कि एक पड़ोसी राष्ट्र के साथ जिम्मेदारी से कैसे व्यवहार किया जाता है। सेना प्रमुख ने यह भी बताया कि मॉडर्न वॉर में कई प्लेटफार्मों पर समन्वय की आवश्यकता होती है। आज के समय में, लड़ाइयां मल्टी-डोमेन होती हैं। हम यह नहीं कह सकते कि यह कब तक चलेगी। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे पास लंबे समय तक चलने वाली सप्लाई है।

### ऑपरेशन सिंदूर की वजह भी बताई

22 अप्रैल को पाकिस्तान समर्थित पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया था। इसमें जम्मू और कश्मीर के अनंतनाग जिले में स्थित बैसरन घाटी में 26 पर्यटकों की जान चली गई थी। इसके बाद भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में कई आतंकी ठिकानों और एयरपोर्ट को नष्ट कर दिया गया।

### तीनों सेनाओं के एक होने से जीतते हैं युद्ध

वर्तमान दौर में युद्ध की प्रकृति बहुआयामी होने की वजह से द्विवेदी ने सशस्त्र सेनाओं के बीच एकीकरण पर जोर दिया है। साथ ही कहा कि केवल थलसेना के बलबूते पर ही युद्ध नहीं जाते जा सकते हैं। हम सभी को मिसाल के तौर पर सेना, वायुसेना और नौसेना को एकजुटता से दुश्मन के खिलाफ लड़ना पड़ेगा। मौजूदा वक्त में हम यह भी नहीं बता सकते हैं कि लड़ाई कितनी लंबी चलेगी। इस बार हम 88 घंटों तक लड़े। हो सकता है कि अगली बार चार महीने या फिर चार साल तक युद्ध चले। इस दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए हमारे पास दुश्मन से दो-दो हाथ करने के लिए पर्याप्त संख्या में हथियार और रसद से जुड़ी हुई अन्य जरूरी सप्लाई होनी चाहिए। अगर ऐसा नहीं है तो हमें उसके लिए तैयारी करने की आवश्यकता है। जनरल द्विवेदी ने कहा कि अगर कोई देश राज्य प्रायोजित आतंकवाद को बढ़ावा देता है। तो यह हमारे देश के लिए चिंता का मामला है।


**चीन संग संबंधों में सुधार**

भारत और चीन संबंधों को लेकर उन्होंने कहा कि पिछले साल अक्टूबर महीने से दोनों देशों के संबंधों में सुधार देखने को मिल रहा है। यह एक प्रकार से लंबे समय से संबंधों में जमी हुई बर्फ के पिघलने के समान है। दोनों पक्षों के बीच सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर जारी निरंतर संवाद का परिणाम है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति में काफी सुधार देखने को मिला है। भारत और चीन की सेनाओं के बीच बीते 12 महीने में कुल करीब 1100 बार जमीनी स्तर पर बातचीत हुई है।

---

## रूस से व्यापार करने पर सख्त हुआ यूएस

# रूस से व्यापार करने वाले देशों पर लगेगा प्रतिबंध, कानून ला रहे ट्रंप


अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप   रूस के राष्ट्रपति पुतिन

एजेंसी ▶▶वॉशिंगटन

अमेरिका का ट्रंप प्रशासन जल्द ही एक नया कानून बनाने जा रहा है, जिसके तहत रूस से व्यापार करने वाले देशों पर कड़े प्रतिबंध लगाए जाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी इसे समर्थन दे दिया है। पत्रकारों से बात करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने बताया कि उनकी पार्टी एक विधेयक लाने जा रही है, जिसके तहत रूस से व्यापार करना किसी भी देश के लिए बेहद मुश्किल हो जाएगा।

- **कानून बना तो भारत की भी बढ़ेंगी मुश्किलें!**

ट्रंप ने कहा कि 'रूस के व्यापारिक साझेदार देश यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने के लिए जिम्मेदार हैं, खासकर रूस से कच्चा तेल और गैस खरीदने वाले देश। ट्रंप ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऐसा विधेयक लाने जा रही है, जिसमें रूस से व्यापार करने वाले देशों पर काफी कड़े प्रतिबंधों का प्रावधान है। रूस से व्यापार करने वाले देशों में भारत और चीन शामिल हैं। ऐसे में अमेरिका के इस नए कानून से भारत की परेशानी बढ़ सकती है। अमेरिका पहले ही भारत पर रूस से तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त टैरिफ लगा चुका है। अमेरिका का मानना है कि रूस के यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने में भारत और चीन का प्रमुख योगदान है।

### भारत-रूस में बढ़ रहा द्विपक्षीय व्यापार

एक तरफ अमेरिका रूस से व्यापार करने वाले देशों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ भारत और रूस के बीच व्यापार लगातार बढ़ रहा है। साल 2030 तक दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 100 अरब डॉलर करने का लक्ष्य तय किया है। भारत और रूस के बीच इंडिया-यूरेशियन इकॉनोमिक यूनियन मुक्त व्यापार समझौता हो सकता है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, अगर अमेरिका का यह विधेयक पारित हो जाता है, तो ट्रंप उन देशों से आयात पर 500 प्रतिशत तक शुल्क लगा सकेंगे जो रूस से कच्चा तेल या गैस खरीदते हैं।

---

## 6 प्रमुख ऑयल-गैस पीएसयू ने 315 अरब डॉलर कमाई की

# जापान के निवेशकों और टेक्नोलॉजी लीडर्स के लिए भारत विश्वसनीय पार्टनरः मंत्री पुरी

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि वे जापान की राजधानी टोक्यो में एनर्जी वैल्यू चेन में भारत-जापान सहयोग के अवसरों पर चर्चा के लिए जापान के इंडस्ट्री लीडर्स के साथ एक राउंड टेबल का हिस्सा बने। सम्मेलन में भारत-प्रशांत की ऊर्जा स्थिरता और सतत विकास को भारत-जापान सहयोग से मजबूत करने पर चर्चा हुई। उन्होंने इस सम्मेलन को लेकर जानकारी देते हुए बताया, हमने चर्चा की कि भारत-प्रशांत क्षेत्र की ऊर्जा स्थिरता और सस्टेनेबल ग्रोथ किस प्रकार भारत के व्यापक पैमाने विशेषकर


केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी

पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने और बढ़ाने से जुड़ी पहलों और जापान की कटिंग-एज टेक्नोलॉजिकल लीडरशिप के साथ नया आकार पा सकती हैं। केंद्रीय मंत्री पुरी ने एक्स पर लिखा, भारत की 6 बड़ी ऑयल और गैस पब्लिक सेक्टर कंपनियों ने वित्त वर्ष 2024-25 में 315 अरब डॉलर का रेवेन्यू दर्ज किया है, जो कि भारत की जीडीपी का 8 प्रतिशत है। यह पैमाना ग्लोबल एनर्जी एंकर और जापान के निवेशकों- टेक्नोलॉजी लीडर्स के लिए एक विश्वसनीय पार्टनर के रूप में भारत की भूमिका को उजागर करता है। 100 प्रतिशत एफडीआई, पारदर्शी बिडिंग और वर्षभर लाइसेंसिंग जैसे सुधारों ने निवेशक-अनुकूल ऊर्जा माहौल बनाया है। उन्होंने बताया कि 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई), ट्रांसपेरेंट बिडिंग, ईयर-राउंड एक्सप्लोरेशन लाइसेंसिंग जैसे भारत के पॉलिसी रिफॉर्म्स ने एक पूर्वानुमानित और इंवेस्टर-फ्रेंडली एनर्जी एनवायरमेंट तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## मुंद्रा पोर्ट पर डीआरआई का बड़ा एक्शन

# पांच करोड़ के चीनी पटाखे जब्त, मास्टरमाइंड गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶अहमदाबाद

पटाखों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन फायर ट्रेल में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) को बड़ी सफलता मिली है। अधिकारियों ने गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पर 5 करोड़ रुपए के चीनी पटाखे जब्त किए हैं। साथ ही एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। डीआरआई अधिकारियों ने बताया कि पटाखों के अवैध आयात पर अंकुश लगाने के लिए ऑपरेशन फायर ट्रेल चलाया जा रहा है। इसी ऑपरेशन के तहत मुंद्रा पोर्ट पर चीन से आ रहे एक 40 फुट लंबे कंटेनर को रोका, जिसमें पानी का गिलास


जब्त किए गए पटाखे

और फूलदान होने की बात कही गई थी। लेकिन जांच के दौरान पता चला कि 30,000 से अधिक पटाखे और आतिशबाजी पानी के गिलासों के ऊपरी हिस्से के पीछे छिपाकर रखे गए थे। विदेश व्यापार नीति के आईटीसी (एचएस) कोड के तहत चीनी पटाखों का आयात प्रतिबंधित श्रेणी में आता है. इसके लिए विस्फोटक नियम, 2008 के तहत दोनों संस्थाओं से वैध लाइसेंस जरूरी है।

## चीन में कदम से कदम मिलाकर चले सैकड़ों रोबोट




**बीजिंग।** चीन की टेक कंपनी अबटेक रोबोटिक्स ने हाल ही में एक ऐसा वीडियो जारी किया जिसने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। इस वीडियो में सैकड़ों ह्यूमनॉइड रोबोट एकदम सैन्य अंदाज में लाइन लगाकर चलते दिखाई दे रहे हैं। कंपनी का दावा है कि यह उसके रोबोट मॉडलों की पहली बड़े पैमाने पर डिलीवरी है। वीडियो काफी सिनेमैटिक अंदाज में शूट किया गया है, जिसका उद्देश्य कंपनी के दूसरे जेनरेशन वाले वॉकर एस 2 मॉडल के लॉन्च को प्रमोट करना है। अबटेक का कहना है कि यह रोबोट दुनिया का पहला ऐसा ह्यूमनॉइड रोबोट है जो खुद ही अपनी बैटरी बदल सकता है। कंपनी ने यह जानकारी दी।

---

## दिल्ली ब्लास्ट में मरने वालों का आंकड़ा 15 हुआ, आमिर को 10 दिन की रिमांड पर भेजा

# आतंकी उमर का साथी जसीर गिरफ्तार, ड्रोन बनाने में था माहिर

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली ब्लास्ट मामले में एनआईए ने जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर से आतंकी उमर के एक और साथी जसीर बिलाल वाणी उर्फ दानिश को गिरफ्तार किया। आरोप है कि जसीर आतंकी उमर को टेक्निकल सपोर्ट देता था। विस्फोट के लिए ड्रोन मॉडिफाई करता था और रॉकेट बनाने की भी कोशिश की थी। एनआईए के मुताबिक जसीर आतंकी उमर का प्रमुख सहयोगी है। वह अनंतनाग के काजीकुंड का रहने वाला है। दिल्ली ब्लास्ट में इसकी सक्रिय भूमिका रही है। डॉ. उमर के साथ मिलकर ब्लास्ट की प्लानिंग में शामिल था।

वहीं दिल्ली से गिरफ्तार आमिर राशिद अली को लेकर खुलासा हुआ है कि ब्लास्ट से पहले उसने उमर को सेफ हाउस (सुरक्षित ठिकाने) उपलब्ध कराए, आईईडी बनाने में भी मदद की थी। ये दलील सोमवार को एनआईए ने स्पेशल कोर्ट में आमिर की कस्टडी पाने के लिए दीं। दिल्ली ब्लास्ट में मरने वालों का आंकड़ा सोमवार को 15 हो गया। सोमवार को दो लोगों की मौत हुई, जिनका इलाज जारी था। आज जिनकी मौत हुई उनमें लुकमान (50) और विनय पाठक (50) शामिल हैं। एनआईए ने सोमवार को दिल्ली ब्लास्ट के आरोपी आमिर राशिद अली को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया। यहां सुनवाई के बाद कोर्ट ने आमिर को 10 दिन की एनआईए की रिमांड पर भेज दिया है। आमिर वही व्यक्ति है जिसके नाम पर वह हुंडई आई 20 कार रजिस्टर्ड थी, जिसका इस्तेमाल 10 नवंबर को हुए धमाके में किया गया था। एनआईए ने उसे कल दिल्ली से गिरफ्तार किया था। एजेंसी के मुताबिक, आमिर ने कथित तौर पर आतंकी डॉ. उमर उल नबी को कार हासिल करने में मदद की थी। इसी कार में विस्फोटक लगाया गया था, जो लाल किले के पास फट गया था।

### धमाके में शू बॉम्बर और टीएटीपी के इस्तेमाल का शक

दिल्ली धमाके की जांच में एक अहम सुराग मिला है। कार से बरामद एक जूते में अमोनियम नाइट्रेट और टीएटीपी (ट्राईएसीटोन ट्राईपैरोक्साइड) के ट्रेस मिले हैं। टीएटीपी एक बेहद खतरनाक और हल्का विस्फोटक माना जाता है, जिसे आतंकी अक्सर इस्तेमाल करते हैं। इसी वजह से शू बॉम्बर की आशंका जताई जा रही है। जांच टीम के अनुसार, उमर मोहम्मद का एक पैर स्टीयरिंग व्हील से चिपका मिला था, उसी से डीएनए भी मिला है। फिलहाल इसे शुरुआती सुराग माना जा रहा है। वहीं दिल्ली ब्लास्ट मामले में सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे दिल्ली-एनसीआर में जांच तेज कर दी है। फरीदाबाद पुलिस ने सोमवार को शहर में किराए पर रहने वाले कश्मीरी छात्रों और अन्य किरायेदारों से पूछताछ की। अब तक 2,000 से अधिक लोगों से पूछताछ की जा चुकी है। पुलिस का कहना है कि ये कार्रवाई किसी भी संभावित लिंक को तलाशने और 'व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल' की पड़ताल के लिए की जा रही है।

**जसीर ने विशेष रॉकेट बनाने का भी प्रयास किया**

एनआईए के अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान अनंतनाग जिले के काजीगुंड निवासी जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश के रूप में हुई है। उसे सोमवार को श्रीनगर में दबिश देकर गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि जसीर ने कथित तौर पर मॉड्यूल को विशेष तकनीकी सहायता प्रदान की थी, जिसमें ड्रोन में बदलाव करना और घातक हमले से पहले के हफ्तों में तात्कालिक रॉकेट बनाने का प्रयास करना शामिल था।

## एयरलाइंस सप्ताह में चार बार उड़ान भरेगी

# एयर इंडिया शुरू करेगी अगले साल फरवरी से दिल्ली-शंघाई के बीच सीधी उड़ान सेवाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶नई दिल्ली

एयर इंडिया ने अगले साल 2026 के फरवरी महीने से दिल्ली और शंघाई के बीच अपनी सीधी उड़ान सेवाओं की फिर से शुरुआत करने की घोषणा की है। एयरलाइंस द्वारा करीब 6 साल बाद यह फैसला लिया गया है।

पूर्व में 2020 के मध्य से एलएसी विवाद की वजह से दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध गर्त में जा पहुंचे थे। इन सबके बीच एयर इंडिया के निर्णय के मुताबिक, एयरलाइंस सप्ताह में चार बार उड़ान भरेगी। जिसके लिए बोइंग-787-8 विमान का इस्तेमाल करेगी।

### रूस के विदेश मंत्री से हुई जयशंकर की मुलाकात

वहीं, अपनी विदेश यात्रा के तहत मास्को पहुंचे विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने समकक्ष और रूस के विदेश मंत्री से मुलाकात की है। जिसमें उन्होंने कहा, दोनों देशों के संबंध वैश्विक स्तर पर स्थिरता लाने वाले एक कारक के समान हैं। हमारा विकास और वृद्धि केवल दोनों देशों के लिए लाभप्रद नहीं है। हम भारत-रूस संबंधों से जुड़े एक अहम पक्ष यानी जटिल अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचार साझा करेंगे।

दुआ के पहले तब्लीगी जमात के अमीर मौलाना सआद ने किया बयान, चैन-ओ-अमन की दी नसीहत

# मुसलमान सगे भाई से बढ़कर करें गैर मुस्लिमों की इज्जत, अपने आप मिटेंगी नफरत की जड़ें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुल्क से तअस्सुब और फिरकापरस्ती को खत्म करने का सबसे बेहतरीन तरीका यह है कि मुसलमान गैर-मुस्लिम का इकराम करने वाले बन जाएं। अगर मुसलमान गैर-मुस्लिम की इज्जत अपने सगे भाई से बढ़कर करेंगे, तो इस मुल्क से भेदभाव और नफरत की जड़ें खुद-ब-खुद मिट जाएंगी। यह बात फजिर की नमाज के बाद तब्लीगी जमात के अमीर मौलाना सआद साहब ने कही। उन्होंने कहा कि लोगों को मस्जिद में फर्ज और दीन के जरूरी मसाइल सिखाए जाएं। वरना जो मुसलमान नमाज छोड़ देता है, उसका इस्लाम में कोई हिस्सा बाकी नहीं रहता। नमाज छोड़ने से आने वाला अजाब किसी वजीफे से दूर नहीं हो सकता। दुनिया के बड़े धार्मिक आयोजनों में शुमार तब्लीगी इज्तिमा का समापन सोमवार को सुबह 10 बजे दुआ-ए-खास के साथ हो गया। कमेटी के मीडिया प्रभारी डॉ उमर हफीज खान ने बताया कि एक साल, चार माह और 40 दिनों की जमातें देश-दुनिया में दीन की दावत पहुंचाने रवाना हुई हैं। इस बार 23 देशों की जमातें भोपाल इज्तिमा में शिरकत करने के लिए पहुंची थी। जिसमे युगांडा, अमेरिका, ट्यूनीशिया, यूनाइटेड किंगडम, श्रीलंका, मलेशिया, सऊदी अरब, म्यांमार, मोरक्को, किर्गिस्तान, ईरान, जॉर्डन, केन्या इंडोनेशिया, इथोपिया, बहरीन, जर्मनी, बुर्किना फासो, फ्रांस, इजिप्ट कोलंबिया, कंबोडिया, कोटी डिवोरी मुल्क शामिल थे।

■ उलेमा ने बताया मुल्क से तअस्सुब और फिरका परस्ती को खत्म करने का तरीका


ईंटखेड़ी रोड पर मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा इज्तिमे की सामूहिक दुआ हुई।

### लाखों की भीड़ में आसानी से निकली एक दर्जन एंबुलेंस

शहर में अकसर सड़कों पर ट्रैफिक जाम में एंबुलेंस को फंस जाती हैं। लेकिन ईटखेड़ी एरिया में दुआ के दौरान एक दर्जन बैरसिया की तरफ से मरीजों को लेकर भोपाल जा रही एंबुलेंस आसानी से निकल गईं। सोमवार को दुआ वाले दिन अल सुबह से दोपहर 12:15 बजे तक 12 एंबुलेंस बिना परेशानी के गुजरीं। इज्तिमा कमेटी के वोलेंटियर्स ने रस्सी और हाथो की चैन बनाकर भारी भीड़ के बीच से एंबुलेंस को निकलवाया।

### चार दिन के ट्रैफिक जाम से शहर को मिली राहत

चार दिनों तक चले धार्मिक समागम में ट्रैफिक जाम से शहर को राहत मिली। पुराने शहर के विभिन्न इलाकों में प्रतिदिन लगने वाला जाम इज्तिमा के समय कही नजर नहीं आया। कमेटी के दस हजार वॉलिंटियर्स ने व्यस्ततम इलाकों में ट्रैफिक पुलिस के साथ व्यवस्था बनाकर आसानी से ट्रैफिक का संचालन किया। प्रशिक्षित वॉलिंटियर्स ने चौक चौराहों पर रस्सी बांधकर ट्रैफिक व्यवस्था संभाली।


इज्तिमे के समापन अवसर पर अपने घरों की ओर लौटे मुस्लिम धर्मावलंबी।

### 71 पार्किंग में वाहन, ट्रैफिक इंतजाम में हजारों लोग

चार दिन के इज्तिमा में 13 लाख से ज्यादा लोग पहुंचे। हजारों वाहन थे। इज्तिमा स्थल ईटखेड़ी पहुंचने के रास्ते भी सीमित। बावजूद इसके न तो कहीं जाम लगा और न ही कहीं यातायात रुका। इन इंतजामों में लगे पुलिस, प्रशासन के अधिकारियों के साथ हजारों वॉलेन्टियर्स की कई दिनों की मेहनत के चलते ये आसान हो पाया।

### सबका शुक्रिया, सबका आभार

आलमी तब्लीगी इज्तिमा के दौरान सहयोग करने वाले सभी लोगों और संस्थाओं का इज्तिमा इंतेजामिया कमेटी ने आभार जताया। जिला प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, पीएचई, विद्युत विभाग, रेलवे, स्वास्थ्य विभाग के सभी जमीनी कर्मचारियों व आला अधिकारियों का शुक्रिया अदा किया।

**झलकियां -**

- दुआ में शामिल होने लोगों ने अल सुबह से दौड़ लगा दी थी।
- सुबह सबेरे सिर पर टोपी सजाए मुस्लिम
- धर्मावलंबी सड़कों पर दिखाई दिए
- इज्तिमागाह के आसपास स्थित खानपान ।

### चार घंटे में 650 कर्मचारियों ने इज्तिमागाह के 600 एकड़ क्षेत्र को कर दिया चकाचक

राजधानी के ईंटखेडी में चल रहे आलमी तब्लीगी इज्तिमा स्थल को सोमवार को सामूहिक दुआ के बाद केवल चार घंटे में निगम के 650 सफाई कर्मचारियों ने 600 एकड़ क्षेत्र को चकाचक कर दिया। उक्त स्थल पर बीते चार दिन से सफाई कर्मचारी सफाई के काम में जुटे थे। सामूहिक दुआ के बाद करीब 12 लाख से ज्यादा लोगों की इज्तिमा स्थल से रवानगी के फौरन बाद उक्त अमला सफाई में जुट गया था। निगम अमले ने इज्तिमा स्थल के अलावा चारों तरफ के प्रमुख मार्गों, सड़कों की साफ-सफाई कर साफ-सुथरा किया।


नगर निगम कर्मियों ने चकाचक कर दिया इज्तिमागाह।

#### 45 वाहन, 20 कंटेनर, 8 सीवेज क्लीनिंग मशीनें लगीं

इज्तिमा स्थल पर 650 सफाईमित्र,चालक और 45 वाहनों (21 टिपर, 10 मैजिक, 4 डम्पर प्लेसर, 4 बड़े डम्पर, 1 जेसीबी, 4 फागर, 1 फागिंग मशीन) और 4.5 क्यूबिक मीटर क्षमता के 20 कंटेनरों व 8 सीवेज क्लीनिंग मशीनें व्यवस्था में लगीं। यहां 3 शिफ्टों में सीवेज के 28 कर्मचारी कार्यरत रहे।

अलाव जलाकर भगवान को पहनाए ऊनी वस्त्र

## सोम प्रदोष के मौके पर बाबा बटेश्वर का हुआ रुद्राभिषेक


बाबा बटेश्वर का रुद्राभिषेक करते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति एवं ट्रस्ट द्वारा सोम प्रदोष के अवसर पर बाबा बटेश्वर का रुद्राभिषेक कर शीत लहर को देखते हुए अलाव जलाया गया। समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया प्रातःकाल नियमित रुद्राभिषेक के बाद सांयकाल दूध एवं शकर से महा रुद्राभिषेक तथा फूलों से दिव्य श्रृंगार कर शीत लहर को देखते हुए बाबा के सामने अलाव जलाया। प्रतिदिन यहां विराजमान सभी भगवान को गरम वस्त्र एवं शाल ओढ़ाई जाएगी। तिल-गुड़ एवं अन्य पदार्थो से बने गर्म व्यंजनों का विशेष भोग अर्पित होगा। रात्रि 10 बजे महा आरती संपन्न हुई जिसमें आकाश अग्रवाल, मोनू राठौर, शिशिर मित्तल, प्रकाश मालवीय, अभिषेक लाला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।


बाबा के सम्मुख अलाव जलाया।

पहले दिन बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालु

## 41 दिवसीय मकरविलाक्कु महोत्सव का भव्य शुभारंभ


मकरविलाक्कु महोत्सव के दौरान मौजूद श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

श्री नारायण मिशन का सोमवार से 41 दिवसीय मंडला मकरविलाक्कु महोत्सव का शुभारंभ हो गया है। वार्षिक सबरीमाला यात्रा के आरंभ का प्रतीक के साथ ही यह आयोजन पारंपरिक श्रद्धा और गरिमा के साथ प्रारंभ हुआ। मलयालम मास में व्रत, संयम, ब्रह्मचर्य और सरल जीवन का पालन करते हैं। काले वस्त्र धारण कर 'इरुमुडी' घी से भरा नारियल और चावल युक्त दो खंडों वाला पवित्र वस्त्र-पुट्ठा के साथ यात्रा प्रारंभ करने वाले श्रद्धालु सबरीमाला की पवित्र पदयात्रा के लिए स्वयं को प्रतीकात्मक रूप से तैयार करते हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार, भगवान अयप्पा ने राक्षसी महिषी का वध करने के बाद सबरीमाला में तपस्या की थी, और यही कथा मंडला कालम की आध्यात्मिक आधारशिला मानी जाती है। महोत्सव में पूजन, भजन, अन्नदान तथा सामूहिक प्रार्थनाओं के माध्यम से सामुदायिक एकता और आध्यात्मिक सद्भाव को प्रोत्साहित किया गया। एसएनएम के अध्यक्ष प्रकाशनन एस, उपाध्यक्ष श्यामला सोमन, तथा सचिव राजू बीने सभी भक्तों, और एसएनएम के क्षेत्रीय सचिवों का आभार व्यक्त किया।

### एलएनसीटी में दो दिवसीय नवाचार, डिज़ाइन और उद्यमिता पर कार्यशाला

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद और शिक्षा मंत्रालय का नवाचार प्रकोष्ठ जिला शिक्षा अधिकारियों और डाइट सदस्यों के लिए दो दिवसीय नवाचार, डिज़ाइन और उद्यमिता पर क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन एलएनसीटी में कर रहा है। इस कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दृष्टिकोण के अनुरूप नवाचार, रचनात्मकता, डिज़ाइन सोच और उद्यमिता के क्षेत्रों में जिला-स्तरीय अधिकारियों के कौशल को बढ़ाना है। यह बूटकैंप उद्यमिता शिक्षा के समर्थन के लिए प्रसिद्ध वाधवानी फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रो. सीताराम टीजी, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अपर सचिव धीरज साहू और एआईसीटीई के उपाध्यक्ष डॉ. अभय जेरे ने संयुक्त रूप से 30 अक्टूबर 2025 को 25 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के जिला शिक्षा अधिकारियों और डाइट सदस्यों के लिए "नवाचार, डिज़ाइन और उद्यमिता (आईडीई) पर क्षमता निर्माण कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस मौके पर विभाग के साथ-साथ उच्च शिक्षा संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों और 60 से अधिक जिला शिक्षा अधिकारियों और डाइट सदस्यों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में समूह गतिविधियों, गहन कार्य सत्रों और आकर्षक कार्यशालाओं की एक श्रृंखला का वादा किया गया है, जो सभी रचनात्मकता और समस्या-समाधान कौशल को प्रज्वलित करने के लिए तैयार की गई हैं।

## महिला सशक्तिकरण की थीम पर मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस 10 दिसम्बर को महिला सशक्तिकरण की थीम पर मनाया जाएगा। सोमवार को मानव अधिकार आयोग के सदस्य डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने मानव अधिकार आयोग के सभागृह में समीक्षा बैठक ली। डॉ. सिंह ने कहा कि इस बार का अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस महिला सशक्तिकरण पर आधारित होगा। उन्होंने आयोग के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करें और समय-सीमा में इसका क्रियान्वयन हो।

■ मानव अधिकार आयोग के सदस्य डॉ सिंह ने ली समीक्षा बैठक




बैठक में आयोग के प्रमुख सचिव मुकेश चन्द्र गुप्ता (आईएएस), उप पुलिस महानिरीक्षक मुकेश कुमार श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार लॉ संदीप कुमार श्रीवास्तव और अपर संचालक महिला बाल विकास सीमा ठाकुर उपस्थित रहे।

## 28 को मीन राशि में मार्गी होंगे शनि देव कई राशियों के जातकों पर पड़ेगा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शनि को न्याय का देवता और कर्मों का फल देने वाला ग्रह माना जाता है। शनि ग्रह वक्री होते हैं, तो जीवन में रुकावटें, आर्थिक संकट और संघर्ष बढ़ जाते हैं, लेकिन जैसे ही शनि अपनी सीधी चाल यानी मार्गी अवस्था में आते हैं, जीवन में सकारात्मक बदलाव शुरू हो जाते हैं। मां चामुण्डा दरबार के पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि इस साल शनि 28 नवंबर की सुबह 9 बजकर 20 मिनट पर मीन राशि में मार्गी होंगे। इस



बदलाव का असर सभी राशियों पर पड़ेगा, लेकिन तीन राशियों पर विशेष रूप से शुभ प्रभाव दिखाई देगा। उल्लेखनीय है कि इसके पहले 11 नवंबर को गुरु वक्री हुए थे। अब 28 नवंबर को शनि मीन राशि में मार्गी होने जा रहे हैं। नवंबर के महीने में ऐसा दुर्लभ संयोग पूरे 500 साल बाद बन रहा है।

#### इन राशियों के जातकों पर रहेगा विशेष असर

**मेष राशि**-मेष राशि वालों को बड़ी राहत मिलेगी। अब तक जो रुकावटें और अड़चनें काम में आ रही थीं, वे धीरे-धीरे खत्म होंगी।

**मिथुन राशि** -मिथुन राशि वालों करियर में खूब लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलने के योग बनेंगे। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मकर राशि** -मकर राशि वालों के लिए धन प्राप्ति के शुभ संयोग बन रहे हैं। निवेश से भी खूब लाभ कमाएंगे।

**तुला राशि**-तुला राशि वालों के पारिवारिक जीवन में शांति और सौहार्द लेकर आएगी।

भोपाल-जयपुर, भोपाल जोधपुर एक्सप्रेस

## 23 व 24 नवंबर को एक ट्रिप के लिए रहेंगी निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रेलवे ने एक बार फिर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट वर्क के चलते भोपाल-जयपुर और भोपाल-जोधपुर जैसी जरूरत वाली ट्रेनों को निरस्त करने का निर्णय लिया है। कुछ ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द भी किया जाएगा। जानकारी के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य के अन्तर्गत स्टेशन यार्ड में एयर कोनकोर्स कार्य के चलते भोपाल-जोधपुर-भोपाल एवं भोपाल-जयपुर-भोपाल एक्सप्रेस दोनों दिशाओं में निर्धारित तिथि को एक ट्रिप निरस्त रहेंगी।

#### ये ट्रेनें नहीं चलेंगी

- गाड़ी संख्या 14813, जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस 23 नवंबर को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 14814, भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस 24 नवंबर को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 19711 जयपुर-भोपाल एक्सप्रेस 23 नवंबर को निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 19712 भोपाल-जयपुर एक्सप्रेस 24 नवंबर को निरस्त रहेगी।

49 दिनों तक चलने वाले मेले में भक्ति, मनोरंजन के साथ खरीदारी का बेहतर अवसर

## प्रदेश के सबसे बड़े भोजपाल महोत्सव मेले में उमड़ रही भारी भीड़

रोजाना हजारों लोग कर रहे भव्य मेले में शिरकत, एक दिन पहले पहुंचे 20 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजा भोज की स्मृति में राजधानी के भेल दशहरा मैदान पर मध्य प्रदेश के सबसे बड़े भोजपाल महोत्सव मेले की शुरुआत हो चुकी है। 14 नवंबर (शुक्रवार) से शुरू हुए मेले के तीसरे दिन रविवार को 20000 से ज्यादा शहरवासी और आसपास क्षेत्र के लोगों ने शिरकत की। 49 दिनों तक चलने वाले इस मेले में सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक गतिविधियों का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। मेला अध्यक्ष सुनील यादव, महामंत्री हरीश कुमार राम, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी ने भगवान गणेश की पूजा अर्चना और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मेला अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि विगत 11 वर्षों से मेले का सफल आयोजन किया जा रहा है, मेले का यह 12वं वर्ष है। 1 जनवरी तक 49 दिन चलने वाले इस मेले में बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं के लिए विभिन्न प्रकार के आयोजन किए जा रहे हैं। 60 बाय 40 का ट्रेडिशनल मंच, 200 मीटर लंबा भव्य स्वागत द्वार और ट्रेडिशनल सेल्फी जोन लोगों को आकर्षित कर रहा है। यहाँ लोग अपने परिजनों और दोस्तों के साथ सेल्फी लेकर मेले को यादगार बना सकेंगे।


भेल दशहरा मैदान में आयोजित भोजपाल महोत्सव में मौजूद लोग।

#### मेले में 150 सीसीटीवी कैमरे से निगरानी

संयोजक विकास विरानी ने बताया कि यह मेला सामाजिक, सांस्कृतिक, व्यापारिक आयोजन का पारिवारिक संगम है। एक ही परिसर में शहरवासियों को उनकी जरूरत की हर सामग्री उपलब्ध है। लोगों की सुरक्षा के लिए पुलिस चौकी, 50 प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड, 100 से ज्यादा वलंटियर, फायर ब्रिगेड, लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए स्वास्थ्य केंद्र, फीडिंग सेंटर, दिव्यांग और बुजुर्गों के लिए व्हील चेयर, वाहनों के लिए बड़ी पार्किंग के साथ ही पूरा मेला परिसर करीब 150 सीसीटीवी कैमरों से लैस है।


भेल दशहरा मैदान में आयोजित भोजपाल महोत्सव में मौजूद लोग।

#### 400 दुकानों में विभिन्न प्रकार के स्टाल

महामंत्री हरीश कुमार राम ने बताया कि 14 एकड़ क्षेत्र में फैले इस मेले में विभिन्न प्रकार की करीब 400 दुकानें संचालित हो रही हैं। मेले में ऑटोमोबाइल, इलेक्टॉनिक, टेलीकॉम, फर्नीचर, हैन्डी क्रॉफ्ट, हैन्डलूम, महासेल, विभिन्न प्रकार के स्वादिस्ट व्यंजन, बैंकिंग इंश्योरेंस, ऑर्ट गैलरी, इंटीरियर, महिलाओं की सौंदर्य सामग्री, खूर्जा क्राकरी, कपड़े सहित विभिन्न प्रकार की

#### मेले में यह खास

महामंत्री हरीश कुमार राम ने बताया कि 49 दिनों तक चलने वाले भोजपाल महोत्सव मेले में शहरवासियों को इस बार बहुत कुछ खास देखने को मिल रहा है। रफ्तार की दुनिया का बादशाह, रोलर कोस्टर, टॉवर, रेंजर, ऑक्टोपस, ब्रेक डांस जैसे बच्चों और बड़ों के लिए अत्याधुनिक रोमांचक झूले रफ्तार भर रहे हैं। बर्ष से ढंके कश्मीर के साथ बाबा अमरनाथ के भव्य दर्शन होंगे।

# प्रेमी के साथ भागी महिला, मंदिर में की शादी, विरोध करने पर पति को को बेल्ट से पीटा, युवक की शिकायत पर मामला दर्ज, जांच जारी

पति को तलाक दिए बिना महिला ने की दूसरी शादी प्रेमी के साथ मिलकर पति से की जमकर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहजहांनाबाद पुलिस ने राजस्थान के एक युवक की शिकायत पर पत्नी और उसके कथित प्रेमी के खिलाफ मारपीट और बिना तलाक दिए दूसरी शादी करने की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। करीब एक माह पूर्व आरोपी पत्नी राजस्थान से भोपाल अपने मायके आई थी। यहां से वह कथित प्रेमी के साथ कहीं चली गई। वह अपनी एक बेटी को भी साथ ले गई थी। दोनों का दावा है कि उन्होंने मंदिर में शादी कर ली है। मायके लौटने के बाद पत्नी और उसके कथित प्रेमी ने मिलकर युवक से लात-मुक्कों व बेल्ट से मारपीट की। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक मूलरूप से श्रीपुरा टिप्पन चौकी कोटा राजस्थान निवासी तेजस पोरवाल (27) फूलों के व्यापारी है। मल्टी वाजपेयी नगर ईदगाह हिल्स में रहने वाली काजल पासवान से उसका विवाह हुआ था। उनकी दो बेटियां हैं अवी और प्रिया। तेजस ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि करीब एक माह पहले उसका अपनी पत्नी काजल से फोन पर बात करने को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के बाद काजल ने कहा कि उसे अपनी मां व पिताजी से मिलने भोपाल जाना है। तेजस ने काजल व दोनों बेटियों अवी व प्रिया को बस में बिठाकर भोपाल रवाना कर दिया। एक माह होने पर 9 नवंबर को तेजस पत्नी व बच्चों को लेने भोपाल आया। यहां आने के बाद पता चला कि काजल बिना किसी को कुछ बताए एक बेटी को अपने साथ लेकर कहीं चली गई है। काजल के माता-पिता ने गुमशुदगी शाहजहांनाबाद थाने में दर्ज कराई थी।

काजल के माता-पिता ने गुमशुदगी शाहजहांनाबाद थाने में दर्ज कराई थी

पत्नी काजल ने भी तेजस के साथ झूमाझटकी कर कपड़े फाड़ दिए

### काजल के बारे में सोचा तो जान से मार दूंगा

पुलिस का कहना है कि काजल ने तेजस को तलाक दिए बिना अपने प्रेमी विजय भालसे से मंदिर में विवाह रचा लिया। जब तेजस ने इसका विरोध किया तो विजय बोला कि काजल अब मेरी पत्नी है। मैंने उसके साथ में मंदिर मे शादी कर ली है। अगर दोबारा काजल के बारे मे सोचा या हमारी रिपोर्ट की तो तुझे जान से ही खत्म कर दूंगा। पुलिस का कहना है कि फरियादी तेजस अपने ससुर के साथ रिपोर्ट दर्ज कराने थाने पहुंचा था।

तेजस व परिजन उनकी खोजबीन में लगे थे। इस बीच 16 नवंबर की सुबह करीब सवा सात बजे विजय भालसे नामक युवक के साथ काजल अपने मायके मल्टी वाजपेयी नगर पहुंची। घर पहुंचते ही विजय ने तेजस के साथ गाली-गलौज व मारपीट शुरू कर दी। विजय ने बेल्ट से भी पीटा। काजल ने भी तेजस के साथ झूमाझटकी कर कपड़े फाड़ दिए। विवाद के दौरान विजय ने धमकी दी कि आज तुझे जान से खत्म कर दूंगा। तुझे थाने जाकर हमारी रिपोर्ट दर्ज कराने का बहुत शौक है। अब तू पुलिस में गया तो जान से खत्म कर दूंगा।

## थ्रू ट्रेन के सामने कूदकर कारपेंटर ने दी जान

**भोपाल।** सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित अमोनी गेट के पास रविवार शाम एक कारपेंटर ने थ्रू ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। ट्रेन की चपेट में आने से उसके सिर में गंभीर चोट थी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया था। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही परिजन के बयान में भी आत्महत्या की वजह का पता नहीं चल सका है।

पुलिस के अनुसार अमोनी गेट पर रविवार शाम करीब 7 बजे थ्रू ट्रेन गुजर रही थी। इस दौरान गेटमैन गेट कैबिन में खड़ा था, तभी एक युवक तेजी से दौड़कर रेलवे ट्रैक पर पहुंच गया। गेटमैन ने शोर मचाकर उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं रुका। ट्रैक पर पहुंचते ही वह ट्रेन से टकराकर दूर जा गिरा। ट्रेन निकलने के बाद गेटमैन पहुंचा तो उक्त युवक की मौत हो चुकी थी। उसने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तो एक टूटा हुआ मोबाइल मिला मोबाइल की सिम निकालकर पुलिस ने अन्य मोबाइल में लगाई। इससे परिजन से संपर्क हो सका। मृतक की पहचान हेमराज विश्वकर्मा पिता श्यामलाल विश्वकर्मा (37) फेस-टू, शिव नगर, छोला के रूप में की गई। पुलिस ने बताया कि हेमराज कारपेंटर थे और मूलतः ग्यारसपुर विदिशा के थे। यहां पत्नी और तीन बच्चों के साथ शिव नगर में रह रहे थे।

## खबर संक्षेप

### खाना बनाते समय आग से झुलसी महिला, मौत

**भोपाल।** बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित गिदवानी पार्क के पास रहने वाली 52 साल की महिला खाना बनाते समय करीब 50 फीसदी झुलस गईं। गंभीर हालत में उन्हें हमीदिया अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान रविवार सुबह उनकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि महिला के कुर्ते में आग लगने से हादसा हुआ। आग बुझाने के प्रयास में महिला के बेटे के दोनों हाथ भी झुलस गए। पुलिस के मुताबिक गिदवानी पार्क के पास बैरागढ़ निवासी भावना मूलचंदानी (52) गृहणी थीं। उनके पति का निधन हो चुका है। विगत 10 नवंबर को वह घर में खाना बना रही थीं। उसी दौरान स्टोव भभकने से उनके कुर्ते में आग लग गई और देखते ही देखते वह आग की लपटों में घिर गईं। मां की चीख-पुकार सुनकर उनका 23 साल का बेटा बचाने पहुंचा। आग बुझाने के प्रयास में उसके भी दोनों हाथ भी झुलस गए। करीब 50 फीसदी जली हालत में महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हमीदिया अस्पताल में करीब एक सप्ताह चले इलाज के बाद रविवार सुबह उनकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि आग लगने से महिला के शरीर का अगला हिस्सा बुरी तरह झुलस गया था।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**औबेदुल्लागंज।** शारदा नगर के सामने रविवार रात करीब 7 से 8 बजे के बीच बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बताया कि मृतक का नाम अर्जुन मिश्रा जो जबलपुर के सिहोरा का निवासी है। मृतक मंडीदीप स्थित गोदरेज कंपनी में काम करता था। इटारसी से मंडीदीप लौटते समय हादसा हुआ। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### जहरीली शराब मामला: 14 को 10-10 साल की सजा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के चर्चित शराब कांड में कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। मुरैना जिले के बहुचर्चित छैरा जहरीली शराब केस में कोर्ट ने पांच साल बाद फैसला सुनाया है। जौरा कोर्ट ने 14 आरोपियों को दस-दस साल की सजा सुनाई है। 11 आरोपियों पर 1 लाख 32 हजार रुपए का जुमार्ना और 3 आरोपियों पर 1 लाख 7 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया है। 10 जनवरी 2021 को हुई इस घटना में 24 लोगों की मौत हुई थी। दरअसल, छैरा मानपुर गांव के कई लोगों ने सस्ती लोकल शराब जमकर पी थी। इस जहरीली शराब को पीने से एक-एक कर तीन दिन में कुल 24 ग्रामीणों की मौत हुई थी। जहरीली शराब पीने से पहले लोगों की आंखों की रोशनी गई और फिर उनकी जान चली गई थी। इस मामले में पुलिस ने 14 लोगों पर एफआईआर दर्ज की थी। पांच साल बाद जौरा के अपर सत्र न्यायाधीश इंद्रजीत रघुवंशी की कोर्ट ने सारे आरोपों को सही पाया और सजा का ऐलान किया।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 3894 | | |
| दिन: | 780 | 52 | 570 |
| रात: | 356 | 49 | 469 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 120 | 39 | 577 |
| रात: | 157 | 38 | 378 |

गांधी नगर थाना क्षेत्र के बिशनखेड़ी रोड पर हुआ हादसा


# पिकअप वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर किशोरी की मौत, भाई सहित मां गंभीर घायल

छोटे भाई और मां को अस्पताल किया भर्ती, वहां चल रहा इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित बिशनखेड़ी रोड पर रविवार शाम रांग साइड से आ रही तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक पर बैठी 17 साल की कॉलेज छात्रा उछलकर दूर जा गिरी। इस हादसे में उसे सिर में गंभीर चोट थी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसका छोटा भाई व मां गंभीर रूप से घायल है और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। आरोपी चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर वाहन की तलाश की तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार ग्राम डुंगरिया थाना बैरसिया निवासी शिम्पी राजपूत पिता स्वर्गीय परमोल सिंह राजपूत (17) बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। परिवार के लोग किसानी करते हैं। राज नगर कॉलोनी करोंद में शिम्पी के मामा रहते हैं। रविवार शाम करीब साढ़े 5 बजे शिम्पी और उसका छोटा भाई मोहित राजपूत (16) अपनी मां रेखा राजपूत के साथ पल्सर बाइक से अपने गांव डुंगरिया लौट रहे थे। अब्बास नगर होते हुए जैसे ही वह बिशनखेड़ी रोड पहुंचे, सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप वाहन के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार शिम्पी राजपूत, मोहित व रेखा राजपूत उछलकर दूर जा गिरे। हादसे के बाद आरोपी चालक अपना वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। पत्थर से टकराने से शिम्पी का सिर फट गया। उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई।



हादसे की जानकारी लगते ही काफी संख्या में लोग वहां एकत्रित हो गए। पुलिस को सूचना देकर घायल मोहित व उसकी मां रेखा राजपूत को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मोहित राजपूत 11 वीं कक्षा का छात्र है और अहमदपुर जिला सीहोर के स्कूल में पढ़ाई कर रहा है। पिता का निधन हो चुका है। जिस बाइक से हादसा हुआ है वो नई थी। अभी उसका नंबर भी नहीं आया था।

## मवेशी को बचाने कार के ड्राइवर ने लगाए ब्रेक, पीछे से आकर घुसी ईको स्पोर्ट्स

**खास बातें**

- दोनों गाड़ियां बुरी तरह से क्षतिग्रस्त, कोई जनहानि नहीं
- रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित केरवा डैम रोड पर हुआ हादसा



हादसे के बाद सड़क किनारे खड़ी क्षतिग्रस्त कारें।

**भोपाल।** रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित केरवा डैम रोड पर व्हिस्परिंग पाम कॉलोनी गेट के सामने मवेशी को बचाने कार चालक ने ब्रेक लगा दिया। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार ईकोस्पोर्ट्स कार सामने चल रही कार में जा घुंसी, और टक्कर के बाद भी वह नहीं रुकी और डिवाइडर पर चढ़ गई। गनीमत रही कि हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई है, लेकिन दोनों ही कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई हैं।

व्हिस्परिंग पाम कॉलोनी के गेट के बाहर दुकान लगाने वाली महिला ने बताया कि सोमवार दोपहर वह दुकान पर थी। इसी दौरान 12 बजे के आसपास एक कार केरवा डैम की तरफ से साक्षी ढाबे की तरफ जा रही थी। कार में केवल ड्राइवर था। कॉलोनी के गेट के पास पहुंचते ही अचानक सड़क पर गाय आ गई। गाय को बचाने के प्रयास में कार चालक ने कार का ब्रेक लगाया तभी पीछे से आ रही ईकोस्पोर्ट्स कार ने सामने वाली कार को पीछे से टक्कर मारते हुए डिवाइडर पर चढ़ गई। ईकोस्पोर्ट्स कार में तीन चार लोग सवार थे। डिवाइडर पर चढ़ने के बाद ईकोस्पोर्ट्स कार डिवाइडर से लगे खंभे से टकराई थी, जिससे खंभा भी टूट गया। इधर, जोरदार टक्कर लगने से सामने चल रही कार सड़क पर पलट गई, जिससे कार का आगे पीछे का हिस्सा साथ ही साइड वाला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रसत हुआ है।

भानपुर स्थित निजी अस्पताल का मामला

## अस्पताल की चौथी मंजिल के बाथरूम से कूदा मरीज, मौत

13 नवंबर को रायसेन से इलाज कराने के लिए भोपाल आया था

आंखों में परेशानी होने के कारण निजी अस्पताल में भर्ती हुआ था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित भानपुर में निजी अस्पताल की चौथी मंजिल के बाथरूम की खिड़की से कूदकर एक मरीज ने आत्महत्या कर ली। घटना रविवार दोपहर करीब दो बजे के आसपास की है। पुलिस को मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। वह 13 नवंबर को रायसेन से इलाज कराने के लिए भोपाल आया था और अस्पताल में भर्ती हुआ था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। परिजन उसका शव लेकर अपने गांव बरेली के लिए निकल गए।

पुलिस के अनुसार रणधीर धाकड़ पिता विजय धाकड़ (42) बरेली, जिला रायसेन का था। गत 13 नवंबर को वह भोपाल आया था। इसके बाद भानपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती हुआ था। उसे आंखों में परेशानी थी। उसका इलाज चल रहा था। रविवार दोपहर करीब दो बजे वह अस्पताल में था।



मरीजों ने उसे बाथरूम की तरफ जाते हुए देखा था। कुछ ही देर बाद मरीजों को पता चला कि उसने बाथरूम की खिड़की से नीचे छलांग लगा दी है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इधर, बजरिया इलाके में भी एक युवक ने मकान की छत से कूदकर आत्महत्या कर ली।

जानकारी के अनुसार आकाश बाथम (38) सौरभ कॉलोनी में रहता था और सिक्योरिटी गार्ड काम करता था। पिछले कुछ समय से उसका मानसिक संतुलन बिगड़ चुका था। परिजन उसका इलाज भी करवा रहा था। शनिवार-रविवार की रात वह खाना खाने के बाद सोने के लिए चला गया था। आधी रात के बाद उठा और मकान की दूसरी मंजिल पर जाकर नीचे छलांग लगा दी। गिरने की आवाज सुनकर मोहल्ले वालों ने परिजनों को बताया। परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां उसकी मौत हो गई।

## फर्जी दस्तावेज से जमानत देने वाले 2 दोषियों को 5 और 2 दोषियों को 3 साल की सजा

**भोपाल।** कृषि भूमि की जाली भू-अधिकर ऋण पुस्तिका ,मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड और जाली सील बनाकर जिला न्यायालय में प्रस्तुत कर आरोपियों की जमानत देने के आरोपी संजय श्रीवास्तव एवं नरेश उर्फ कालीचरण मेवाड़ा को अपर सत्र न्यायाधीश जयंत शर्मा ने दोषी ठहराते हुए 5 वर्ष के सश्रम कारावास के उनके साथियों गणेश मकवाना,आशिया बी को 3 वर्ष के सश्रम कारावास तथा माया बाई को 2 वर्ष के सश्रम कारावास सहित 8000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक अनिल शुक्ला द्वारा प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी की गई।

जिला न्यायालय ने प्रकरण के अन्य सही आरोपीगण रमेश उर्फ दशरथ यादव, दुर्गेश उर्फ कपिल यादव एवं राजेंद्र सिंह मीणा को फरार घोषित कर दिया है। सुनवाई के दौरान एक आरोपी की मृत्यु हो गई। अभियोजन के अनुसार मुखबिर की सूचना पर क्राइम ब्रांच ने मुखबिर की सूचना पर 20 जुलाई 2020 को दोपहर 12:30 बजे अरेरा हिल्स स्थित डिस्ट्रिसिटर को कोर्ट के बाहर से फर्जी जमानतदार गिरोह के 9 गुर्गों को गिरफ्तार किया था।

मुरैना के गोपी गांव में चरनोई की जमीन पर था अतिक्रमण

## पूर्व सरपंच के पक्के मकान और कब्जे पर चला बुलडोजर, 2.85 करोड़ का कब्जा ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुरैना के गोपी गांव में चरनोई की जमीन पर अतिक्रमण की शिकायत करने वाले युवक जय तोमर (22) पुत्र भगवान सिंह तोमर की हत्या करने वाले जिलाबदर पूर्व सरपंच रामकरन सिंह तोमर और उनके परिजन के अवैध अतिक्रमण पर रविवार को बुलडोजर चला। पुलिस-प्रशासन की टीम सुबह 11 बजे गोपी गांव में पहुंची और पूर्व और उसके परिजन द्वारा कब्जाई गई। 107 बीघा चरनोई जमीन में बोई गई आलू, सरसों की फसल को जेसीबी से उजाड़ दिया। इतना ही नहीं इसी चरनोई की जमीन पर बनाए गए एक मंजिला पक्के मकान को भी जेसीबी से जमींदोज किया गया।

गोपी गांव की भूमि पर रामकरन तोमर, रामकेश तोमर, शिवसेवक तोमर, रामसेवक पुत्रगण दर्शन सिंह जाति ठाकुर निवासी गोपी सालों से जोतकर गेहूं, सरसों, बाजरा, आलू की फसल बोकर हर साल लाखों रुपए का लाभ ले रहे थे। इसी 107 बीघा जमीन की शिकायत मोहनपुरा निवासी युवक जय तोमर ने की थी। इस शिकायत को वापस लेने के लिए ही आरोपी पूर्व सरपंच द्वारा युवक को लगातार धमकियां दी जा रही थीं।

### पूर्व सरपंच के परिजन ने लाठियों से पीटा था


हिस्ट्रीशीटर जिलाबदर पूर्व सरपंच रामकरन सिंह तोमर ने अयोध्या में बैठकर 10 नवंबर को जय तोमर के दोस्त आदित्य परमार निवासी भाई खां का पुरा की मुखबिरी पर हमले की साजिश रची। पूर्व सरपंच के भाई पप्पू, बेटे सौरभ, भतीजे गणेश और कान्हा सहित 3-10 लोगों ने लाठियों से घेरकर हमला कर दिया था। हमले में घायल जय तोमर की 14 नवंबर को ग्वालियर में इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

## बिजनेस टॉवर के बुटिक में लगी आग, एसी सहित कई मशीनें जलीं, लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के कोलार स्थित दानिश पुल के पास एवाय बिजनेस टॉवर में सोमवार को सुबह करीब दस बजे एक बुटिक में आग लगने से हडकंप मच गया। इससे बुटिक में रखा सामान और कई मशीनें जल गईं। आग लगने की वजह शार्ट-सर्किट की सामने आ रही है। आग ने एक अन्य दुकान को भी चपेट में लिया। इससे दुकान में लगे एसी जल गए। आग लगने की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर फायर दमकलें पहुंची और आग पर काबू पाया। वरन आग आसपास की अन्य दुकानों को अपनी चपेट में ले सकती थी।




बुटिक में आग से ऐसी और बोर्ड जला हुआ।

कोलार फायर ब्रिगेड प्रभारी पंकज खरे ने बताया कि राहगीर द्वारा समय पर सूचना मिल गई नहीं तो इस शॉपिंग टॉवर में लगी भीषण आग कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लेती और एक बढ़ा हादसा हो सकता था। पूछातछ में बुटिक संचालिका नेहा टोपो ने हरिभूमि को बताया कि आग से उनकी दुकान में कई मशीनें, सामग्री, एसी आदि सहित करीब 35 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

कटनी में खेत में मिले थे दंपती के शव, पैसे के लेनदेन को लेकर हुआ था विवाद

## डबल मर्डर का पुलिस ने किया खुलासा: बेटे ने की थी कुल्हाड़ी से माता-पिता की हत्या

आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कटनी के निगहरा गांव में हुए दंपती हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक दंपती के बेटे ने ही अपने माता-पिता की कुल्हाड़ी से हत्या था की थी। घटना शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात की है। दरअसल, मृतक दंपती संत कुमार श्रीवास के खेत की रखवाली कर रहे थे।

आरोपी बेटे ने लल्लू राम कुशवाहा और उनकी पत्नी प्रभा कुशवाहा की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। शनिवार सुबह सूचना मिलने पर बड़वारा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जांच में सामने सामने आया कि अभिषेक कुशवाहा ने ही माता-पिता की हत्या की। पुलिस ने रविवार को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। जांच के दौरान, पुलिस ने खेत पर मौजूद मृतक दंपती की बेटी से पूछताछ की। बेटी रश्मि ने बताया कि रात के समय उसका भाई अभिषेक घर आया था। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने अभिषेक कुशवाहा को हिरासत में लिया और उससे कड़ाई से पूछताछ की। दरअसल, रश्मि और अभिषेक मृतक लल्लू राम कुशवाहा की पहली पत्नी के बच्चे हैं। चार साल पहले उनकी पहली पत्नी ने दूसरी शादी कर ली थी।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी अभिषेक कुशवाहा ।

### इलाज में खर्च हुआ रुपए बेटे से मांग रहे थे पिता

पुलिस की कड़ी पूछताछ में अभिषेक ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने पुलिस को बताया कि कुछ महीने पहले उसका एक्सीडेंट हुआ था, जिसका इलाज उसके पिता ने कराया था। इलाज में काफी पैसे खर्च हुए थे। इसी पैसे के लेनदेन को लेकर अक्सर पिता से उसका विवाद होता रहता था। इसी पुरानी रंजिश के चलते उसने शुक्रवार रात को सो रहे अपने पिता और सौतेली मां प्रभा कुशवाहा पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।

## सामुदायिक सहभागिता से कुपोषण को मिटाने के लिए किया नवाचार

### समाजसेवियों ने बांटी पोषण आहार किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

औबेदुल्लागंज विकासखण्ड में कुपोषण को कम करने स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास एवं मप्र जन अभियान परिषद ने सामुदायिक सहभागिता से कुपोषण को समाप्त करने का नवाचार किया है। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. अमृता जीवने के इस नवाचार से कई समाजसेवी जुड़ रहे हैं।

एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम महिला बाल विकास के ब्लॉक अधिकारी गिरीश चौहान के संयुक्त प्रयास से यह चलाया जा रहा है। क्षेत्र के समाजसेवियों एवं एनजीओ को इस कार्य में आगे आने का आह्वान सरकार की एनजीओ नोडल एजेंसी जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक निशा बहेकार ने इस अभियान में अधिक स्वैच्छिक संगठनों को स्वैच्छा से सहयोग की अपेक्षा की है।

गौरतलब है कि इस 'कुपोषण मुक्त अभियान' के अंतर्गत कोई भी समाजसेवी या नागरिक संबंधित विभाग को पोषण आहार किट प्रदान कर सहयोग कर सकता है। 'कुपोषण मुक्त अभियान' चलकार कुपोषण को खत्म करने की इस पहल की क्षेत्र में सराहना की जा रही है, साथ कई समाजसेवी इसमें पोषण आहार किट दान कर रहे हैं।

# राजभवन में गूंजे मगही गीत... कर्मा, छऊ, झुमैर, कजरी नृत्य ने लोगों का मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

## राज्यपाल की मौजूदगी में झारखंड एवं उतखंड स्थापना दिवस मनाया

राजभवन में सोमवार को झारखंड एवं उतखण्ड स्थापना दिवस 2025 के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं गरिमामय सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित राज्यपाल मंगूभाई छगनभाई पटेल ने झारखंड की सांस्कृतिक विविधता, जनजातीय परंपराओं एवं लोक-कलाओं की महत्ता पर प्रकाश डाला। समारोह के प्रारंभ में राज्यपाल का स्वागत राजेश कुमार सिंह, जनमेजय शर्मा, संजू कुमारी तथा सतेन्द्र कुमार द्वारा पुष्प-गुच्छ, अंग-वस्त्र एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानपूर्वक किया गया।


राजभवन में सोमवार को झारखंड एवं उतखंड स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते हुए।

### समारोह का प्रथम आकर्षण रहा पारंपरिक मगही लोकगीत

'राम जी से पूछे जनकपुर के नारी, बता द बबुआ' इस गीत की प्रस्तुति नीतू सिंह, कविता पवार, काजल सिंह, प्रतिमा सिंह, कृति राज और अंजु यादव ने दी। वहीं अजय विश्वकर्मा, अनुराग वर्मा और अशुतोष पुरोहित ने संगीत संगति प्रदान की। झारखंड के लोकनृत्य, संयुक्त सांस्कृतिक प्रस्तुति इसके पश्चात झारखंड की सांस्कृतिक आत्मा को दर्शाने वाले पारंपरिक लोकनृत्यों कर्मा, छऊ, झुमैर, कजरी और मुंडारी की भव्य संयुक्त प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुति में भाग लेने वाली कलाकारों में पायल कुमारी, सौम्या मौर्य, हर्षिता कुमारी, आराध्या सिंह, अनन्या यादव, त्रिशा मौर्य, खुशबू कुमारी, साक्षी गुप्ता, कृतिका सिंह, आरोही सिंह,मंजू मौर्य, शंभवी सिंह संयोजन एवं निर्देशन कोरियोग्राफर रोमा सिंह ने किया।


सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद राज्यपाल मंगूभाई छगनभाई पटेल के साथ प्रतिभागी।

### जनजातीय गौरव को सजीव रूप से प्रदर्शित किया

बिहार सांस्कृतिक परिषद की ओर से संपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों का कोऑर्डिनेशन एवं संयोजन अनिल कुमार, दिनेश सिंह एवं सतेन्द्र कुमार द्वारा किया गया। झारखंड स्थापना दिवस के इस राजकीय समारोह में प्रस्तुत मगही एवं मैथली लोकगीत और पारंपरिक लोकनृत्यों ने झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर और जनजातीय गौरव को सजीव रूप से प्रदर्शित किया।

---

विधाओं में 10 संभागों के 350 युवा प्रतिभागी प्रस्तुत कर रहे अपनी प्रतिभा

# गोवर्धन-गिरधारी के साथ लोक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति...



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

## राज्य स्तरीय युवा उत्सव का रवींद्र भवन में भव्य शुभारंभ

मध्यप्रदेश के युवाओं की प्रतिभा, सृजनात्मकता और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को मंच प्रदान करने वाले राज्य स्तरीय युवा उत्सव का सोमवार को रवीन्द्र भवन में शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य अतिथि एवं खेल युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग की उपस्थिति रही।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गोवर्धन-गिरधारी की प्रस्तुति ने मन मोह लिया। नई ऊर्जा और नया जोश हमारे युवाओं में स्पष्ट दिखाई दे रहा है। आज की युवा पीढ़ी हर खेल और हर क्षेत्र में अद्भुत प्रदर्शन कर रही है। महिला क्रिकेट टीम ने जो उपलब्धियां हासिल की हैं वह पूरे भारत के लिए गर्व का विषय है। भारत ने खेल सहित सभी क्षेत्रों में नई पहचान बनाई है और मध्यप्रदेश का खेल एवं युवा कल्याण विभाग भी नई ऊंचाइयां छू रहा है। ऐसे आयोजनों से युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व और राष्ट्रीय चेतना का विकास होता है।


रवीन्द्र भवन में सोमवार को राज्य स्तरीय युवा उत्सव के दौरान प्रस्तति देते कलाकार।

### लोक कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

बुंदेलखंड के कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण पर केंद्रित लोकगीत एवं श्रीकृष्ण की विविध लीलाओं को प्रदर्शित करते लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके अलावा युवा तबला वादक समर्थ शर्मा ने सितार के साथ जुगलबंदी पेश कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।


युवा उत्सव में प्रस्तुति देते कलाकार।


प्रस्तुति देते प्रतिभागी।


राज्य स्तरीय युवा उत्सव में प्रस्तुति देते प्रतिभागी।

### युवा उत्सव के पहले दिन 7 कला एवं सांस्कृतिक विधाओं में शुरू हुई प्रतियोगिताएं

दो दिवसीय इस उत्सव में 10 संभागों से आए 350 युवा प्रतिभागी 7 प्रमुख विधाओं में रहे। कहानी लेखन, कविता लेखन, भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग, विज्ञान प्रदर्शनी, समूह लोकगीत और समूह लोकनृत्य में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रस्तुतियों का मूल्यांकन कला, साहित्य और संस्कृति के विशेषज्ञ निर्णायक मंडल द्वारा किया गया।

---

दुष्यन्त कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय में हुआ आयोजन

# युवा सृजन का रंगारंग उत्सव, विश्व रंग रचनाओं की उजली उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दुष्यन्त कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय का राज सदन में सोमवार को शब्दों, सुरों और संवेदनाओं से एक नई दुनिया रचता नज़र आया। विश्व रंग के पूर्व रंग के अंतर्गत आयोजित युवा रचनाकारों ने रचना पाठ में नई पीढ़ी की कविताओं और विचारों ने सभागार को ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. वीणा सिन्हा ने करते हुए कहा कि पूरे विश्व में भारत की धरोहरों का कोई मुकाबला नहीं।

मुख्य अतिथि बलराम गुमास्ता का स्वर मानवीयता के पक्ष में गूंजा उन्होंने कहा कि मानवीय मूल्यों को बचाए रखना ही विश्व रंग का सबसे बड़ा उद्देश्य है। साथ ही विशिष्ट अतिथि मोहन सगोरिया ने कविता को सरलता का सौंदर्य समझाते हुए कहा हम सरल हो जाएं तो कविता भी सरल हो जाती है।



दुष्यन्त कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय में रचना पाठ करते कवि।

### 38 युवा रचनाकारों के की उड़ान

रचना पाठ का संचालन माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विवि के छात्र कार्तिकेय पांडेय ने सहज और रोचक शैली में किया। करुणा राजुरकर के स्वागत वक्तव्य और रामराव के आभार प्रदर्शन ने आयोजन को गरिमा से भर दिया। इस संगम में रवीन्द्रनाथ टैगोर विवि, महारानी लक्ष्मीबाई महिला महाविद्यालय, माखनलाल विवि, बीएल गौर महाविद्यालय, सरोजिनी नायडू कन्या महाविद्यालय, उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज और अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय के लगभग 38 युवा रचनाकारों ने अपने मन की उड़ान को शब्दों में पिरोया।

## हम अव्वल हैं दिल लगाने में...

अवसर पर माखनलाल के छात्र हिमांशु तिवारी ने पढ़ा- हम अव्वल है दिल लगाने में आपकी जान जा रही है ताली बजाने में। माही खान ने पढ़ा - कौन कहता है वसंत आया है, चारों ओर प्रदूषण ही प्रदूषण ,पर्यावरण संतुलन डगमगाया है।

खुशी दीक्षित ने पढ़ा - पापा आप तो मुझे इतना प्यार करते थे, फिर समाज से क्यों डर गए। संयोगिता नगाइच ने पढ़ा - शह पे गुजरी मात पे गुजरी, बोली तो हर बात पे गुजरी। लगभग 38 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न मुद्दों पर रचनाएं पढ़कर सभागार को ऊर्जावान बनाए दिया। इस अवसर पर घनश्याम मैथिल अमृत, विनोद जैन, अशोक निर्मल, राजेंद्र गट्टानी, बिहारी लाल सोनी अनुज के साथ-साथ बड़ी संख्या में शहर के साहित्यकार भी उपस्थित थे।

### कुछ प्रभावशाली रचनाएं

- **हिमांशु तिवारी** – हम अव्वल हैं दिल लगाने में।
- **माही खान** – कौन कहता है वसंत आया है।
- **खुशी दीक्षित** – पापा फिर समाज से क्यों डर गए।
- **संयोगिता नगाइच** – शह पे गुजरी, मात पे गुजरी।

---

# बीएसएसएस आईएएस में एक दिवसीय क्षमता-निर्माण का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीएसएसएस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस स्टडीज (बीएसएसएस आईएएस) द्वारा मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से 'कार्य जीवन एकीकरण के लिए प्रभावशाली नेतृत्व' विषय पर एक दिवसीय क्षमता-निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बदलते उच्च शिक्षा परिदृश्य में नेतृत्व कौशल को सुदृढ़ करना और शिक्षाविदों को एक साझा मंच पर लाना रहा।

- मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से किया आयोजन

### 30 शिक्षा संस्थानों से आए 80 से अधिक प्राचार्यों एवं वरिष्ठ प्राध्यापकों की सहभागिता

प्रदेश के 30 से अधिक उच्च शिक्षा संस्थानों से आए 80 से अधिक प्राचार्यों एवं वरिष्ठ प्राध्यापकों ने सहभागिता की। उद्घाटन सत्र में एमडीपी अध्यक्ष डॉ. पूजा गुप्ता ने प्रभावी नेतृत्व क्षमताओं के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं संस्थान के कार्यकारी निदेशक डॉ. फादर जॉन पी. जे. ने शैक्षणिक उत्कृष्टता और व्यावसायिक विकास के प्रति बीएसएसएस आईएएस की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग, डॉ. मथुरा प्रसाद ने समकालीन नेतृत्व मॉडल को समय की आवश्यकता बताया। बरकतुल्लाह विवि के कुलपति, प्रो. एसके जैन ने बदलते शैक्षणिक माहौल में अनुकूली नेतृत्व को अनिवार्य बताया।

चार तकनीकी सत्रों में बुद्धिमत्ता, नेतृत्व की कल्याण संस्कृति और मानसिक स्वास्थ्य लचीलापन जैसे विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि चंद्रशेखर आज़ाद पीजी कॉलेज सीहोर, शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर और इटाढ़ी के साथ हुए एमओयू ने कार्यक्रम की सार्थकता को नया आयाम दिया।

---

# बिरसा मुंडा की जयंती के पर ओरिएंटल कॉलेज में एनएसएस अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

## कर्मा नृत्य की प्रस्तुति के साथ वंदे मातरम की 150वीं जयंती पर आधारित नाट्य की दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ओरिएंटल कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, भोपाल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा अभिमुखीकरण कार्यक्रम 2025 का भव्य एवं सफल आयोजन बीते दिनों किया गया। यह कार्यक्रम बिरसा मुंडा की जयंती को समर्पित था। कार्यक्रम का उद्देश्य नव-संकलित स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना की मूल भावना, आदर्शों तथा समाज सेवा के प्रति उत्तरदायित्व से अवगत कराना था। कुल 150 स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मनोज अग्निहोत्री (राज्य अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना), सम्मानीय अतिथि डॉ. अनंत सक्सेना (कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल), विशेष अतिथि एवं मुख्य वक्ता- राहुल सिंह परिहार (ईटीआई परीक्षक एवं कार्यक्रम अधिकारी, मुक्त इकाई, बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल) थे। वहीं विशेष आमंत्रित अतिथि में प्रवीण ठकराल (चेयरमैन, ओरिएंटल ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट्स, भोपाल एवं चांसलर, ओरिएंटल यूनिवर्सिटी, इंदौर), गौरव ठकराल (वाईस चेयरमैन, ओरिएंटल ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट्स, भोपाल एवं प्रो- चांसलर, ओरिएंटल यूनिवर्सिटी, इंदौर) वरिष्ठ स्वयंसेवक- हर्ष माली कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के रूप में कर्मा डांस (छत्तीसगढ़ी), लक्ष्य गीत तथा वंदे मातरम की 150वी जयंती पर आधारित नाट्य प्रस्तुति प्रस्तुत दी। जिन्हें अतिथियों एवं उपस्थित जनों ने सराहा। कार्यक्रम के अंतर्गत अतिथियों द्वारा प्रेरणादायी उद्बोधन दिया तथा स्वयंसेवकों की सक्रियता और सेवाभाव की प्रशंसा की गई। इसके पश्चात वरीष्ठ स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना बी प्रमाण पत्र प्रदान किया साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। ओजीआई के चेयरमैन प्रवीण ठकराल एवं वाइस चेयरमैन गौरव ठकराल ने सराहना की।



बिरसा मुंडा की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान ओरिएंटल कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, भोपाल की राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्य अतिथियों के साथ फोटो सेशन करते हुए।

---

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भोपाल का नाम रोशन करने वाले 12 प्रतिभाशाली व्यक्तियों को 'योद्धा सम्मान' से किया सम्मानित

# भोपाल के पैरेंट्स को बच्चों के एंटरप्रेन्योर ड्रीम को सेलिब्रेट करना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

## 'भोपाल ब्रांड स्टोरी राइज़ अप' कार्यक्रम का किया आयोजन

बेस्ट (भोपाल एक साथ टीम) नागरिक फोरम द्वारा 'भोपाल ब्रांड स्टोरी राइज़ अप' कार्यक्रम का आयोजन राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन हॉल में सोमवार को किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भोपाल के विकास, ब्रांड पोज़िशनिंग, इनोवेशन, उद्यमिता और ग्लोबल पहचान को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञों ने शहर की संभावनाओं, चुनौतियों और भविष्य की दिशा पर विमर्श किया।

कार्यक्रम में लाइफ वेलनेस स्टूडियो का प्रिव्यू डॉ. श्वेता मिश्रा द्वारा प्रस्तुत किया गया। साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भोपाल का नाम रोशन करने वाले 12 प्रतिभाशाली व्यक्तियों को 'योद्धा सम्मान' से सम्मानित किया गया, जिनमें प्रमुख रूप से डॉ. डिंपी वालिया, प्रोफेसर, आईआईसीई–टेक्नोलॉजी इनोवेशन जिन्होंने भोपाल के नाम पर टेक्नालॉजी बनाई। पूजा गर्ग, पैराएथलीट, कुंती मरावी, गोंद आर्टिस्ट, वैभव सक्सेना, लाइन प्रोड्यूसर, अंकुर गुप्ता, इंडस्ट्रियलिस्ट, मनोज सिंह, एस्ट्रो साइंटिस्ट, सुषमा पाण्डेय, संस्कृत शिक्षिका, डॉ. सविता दीक्षित, प्रोफेसर, मेनिट (9 पेटेंट्स), कोच कुलदीप सिंह किर दैविक बघेला, चाइल्ड आर्टिस्ट शामिल रहे। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने भोपाल की नैसर्गिक सुंदरता और पहचान को वैश्विक स्तर पर ब्रांड करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को भोपाल की ब्रांड एंबेसडरशिप में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने टॉक शो की प्रस्तुतियों को आगे बढ़ाने, कन्वेंशन सेंटर एवं ग्लोबल इन्वेस्टर समिट की मांग को सराहनीय बताया। विधायक भगवान दास सबनानी एवं महापौर मालती राय भी कार्यक्रम में मौजूद रहीं।


विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञों ने शहर की संभावनाओं, चुनौतियों और भविष्य की दिशा पर विमर्श करते हुए।



भोपाल की एक प्रतिभा को पुरस्कृत करते हुए मंत्री विश्वास सारंग एवं अन्य अतिथि।

### तीन टॉक शो भी हुए

कार्यक्रम में तीन टॉक शो आयोजित हुए, जिनमें स्टार्टअप्स, एसोसिएशन लीडर्स एवं भोपाल से निकले राष्ट्रीय ब्रांड्स पर विशेष चर्चा हुई। रविषा मर्चेंट ने ग्लोबल विज़न की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं अश्विन शर्मा ने कॉलेज छात्रों में स्टार्टअप कोचिंग और माइंडसेट बिल्डिंग पर बात की। डॉक्टर श्वेता मिश्रा ने लाइफ वेलनेस स्टूडियो के बारे में बताया कि कैसे इंटरनेशनल ब्रांचेस लाने के लिए उन्होंने होमेंटाउन भोपाल को चुना ताकि वो अपने गृह क्षेत्र से इसकी शुरुआत करें। सुचिता गोयल ने जीएसटी ट्रिब्यूनल भोपाल लाने की संभावनाओं पर चर्चा की।

### एंटरप्रेन्योर माइंडसेट पर फोकस

साहिल देवनानी ने कहा कि भोपाल के पैरेंट्स को बच्चों के नौकरी पाने पर ही नहीं, बल्कि एंटरप्रेन्योर बनने पर भी गर्व और सेलिब्रेशन की संस्कृति अपनानी चाहिए। सौरभ राय ने स्थानीय टैलेंट प्रमोशन की आवश्यकता बताई और ज़ैद अली ने साझा किया कि अब फिल्म निर्माण के कई उपकरण भोपाल में ही उपलब्ध हैं, जिनके लिए पहले मुंबई पर निर्भर रहना पड़ता था। कार्यक्रम का संचालन दीपा सोनी, अरुण गौतम एवं मधुर सिन्हा द्वारा किया गया। मॉडरेशन टीम में डॉ. तपस्या तोमर, डॉ. राजीव अग्रवाल और अविरल पर्वत शामिल रहे। आयोजक स्पर्श द्विवेदी ने कहा कि भोपाल ब्रांड स्टोरी का उद्देश्य शहर में हो रही उपलब्धियों, पहलों और नवाचारों को पहचान देना है ताकि नागरिक भी इसकी ब्रांडिंग का हिस्सा बनें। अजय देवनानी ने जीएसटी सुधारों हेतु सरकार का आभार व्यक्त किया।



# लाल किला में होने वाली थी राम चरण की 'पेड्डी' की शूटिंग

**मुंबई।** राम चरण इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'पेड्डी' की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म का कुछ हिस्सा दिल्ली के लाल किले में शूट होना था। लेकिन, दिल्ली में हुए एक बम विस्फोट के बाद इसे स्थगित कर दिया गया। राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए शूटिंग रोक दी गई थी। एक रिपोर्ट के अनुसार, राम चरण की अपकमिंग मूवी 'पेड्डी' का कुछ पैचवर्क पूरा किया जाना था, जिसके लिए टीम को 17 नवंबर को लाल किला और उसके आसपास के एरिया में शूटिंग करने की अनुमति थी। हालांकि, शेड्यूल में कुछ बदलाव हुआ। टीम ने 15 और 16 नवंबर को शूटिंग के लिए डेट्स ब्लॉक कर दीं।

लाइफ Style

# राशा

## तेलुगु सिनेमा में तहलका मचाने को तैयार

फिल्म 'आजाद' से बॉलीवुड में डेब्यू कर चुकीं राशा थडानी अब साउथ फिल्म में नजर आएंगी। राशा ने 'उई अम्मा' गाने से सभी का दिल जीता। आज उन्होंने अपनी पहली तेलुगु फिल्म की घोषणा सोशल मीडिया हैंडल पर एक खास अंदाज में की।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

राशा ने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपना एक धांसू लुक शेयर किया। जिसमें वह बाइक के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। इस पोस्टर के साथ राशा ने कैप्शन में लिखा, 'नई शुरुआत, अनंत आभार। मैं तेलुगु सिनेमा में कदम रख रही हूं।' आगे राशा ने अजय भूपति का धन्यवाद देते हुए लिखा, 'सर, इस अवसर के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। इस सफर को शुरू करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। बहरहाल, इस पोस्ट में राशा ने फिल्म का नाम नहीं बताया है। लेकिन उनके इस बोल्ड और हॉट लुक को देखकर लग रहा है कि वह इस बार कुछ अलग करने वाली हैं। राशा की पहली तेलुगु फिल्म को अजय भूपति निर्देशित करेंगे। अजय ने कई लोकप्रिय फिल्में निर्देशित की हैं, जिनमें उनकी पहली फिल्म 'आरएक्स 100', 'महा समुद्रम' और 'मंगलावरम्' शामिल हैं। अजय निर्देशक होने के साथ ही एक अच्छे लेखक भी हैं। राशा थडानी ने अभिनेत्री के तौर पर अपने करियर की शुरुआत फिल्म 'आजाद' से की। राशा के अलावा यह फिल्म अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन की भी डेब्यू फिल्म थी। 'आजाद' एक पीरियड एक्शन-ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन अभिषेक कपूर ने किया है।



हॉलीवुड मसाला



# बार एग्जाम की तैयारी पर हुईं भावुक

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेत्री और मॉडल किम कार्दशियन पिछले कुछ महीनों से वकील बनने के लिए कैलिफोर्निया बार एग्जाम की तैयारी कर रही थीं। लेकिन परिणाम उनके पक्ष में नहीं आया और वो असफल हो गईं थीं, जिसकी जानकारी उन्होंने दी थी। अब उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर एक भावुक वीडियो साझा किया है। इसमें एक्ट्रेस ने परीक्षा के कुछ हफ्तों पहले अपनी तैयारियों की झलक दिखाई है। एक्ट्रेस किम कार्दशियन ने बार परीक्षा से दो सप्ताह पहले का वीडियो साझा किया है।



# निक जोनस ने 'वाराणसी' की टीम को दी बधाई...

**लॉस एंजिल्स।** निक जोनस ने अपनी पत्नी प्रियंका चोपड़ा की नई फिल्म 'वाराणसी' की पूरी टीम को बधाई दी है। इसके साथ ही निक ने प्रियंका को 'मेरी देसी गर्ल' का टैग दिया। यह फिल्म एसएस राजामौली के निर्देशन में बन रही है और इसमें महेश बाबू मुख्य भूमिका में हैं। निक ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर करते हुए पूरी टीम को बधाई दी और साथ ही में लिखा, 'पूरी टीम को बधाई। यह फिल्म जरूर शानदार होगी।' इसके साथ ही निक ने प्रियंका के खूबसूरत लुक की भी तारीफ की। प्रियंका ने सफेद लहंगे में तस्वीरें शेयर की थीं, जिसमें वह बहुत सुंदर लग रही थीं। उनके लुक में चोकर, मांग टीका, चूड़ियां और लंबी चोटी शामिल थी। निक ने उनकी तस्वीर पर कमेंट किया, 'बहुत खूबसूरत' और 'मेरी देसी गर्ल।' ग्लोबट्रॉटर इवेंट के बाद प्रियंका ने अपना लुक इंस्टाग्राम पर शेयर किया।



# साई पल्लवी को मिला कलैमामणि अवॉर्ड

**मुंबई।** साई पल्लवी इन दिनों अपनी पहली बॉलीवुड फिल्म 'रामायण भाग 1' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। कई फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी के लिए साई को 'कलैमामणि अवॉर्ड' दिया गया। साई ने इस सम्मान के मिलने पर एक पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर अपनी खुशी जताई है। साई पल्लवी ने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने दादा और दादी के साथ तस्वीर शेयर की, जिसमें वे पुरस्कार का प्रमाणपत्र पकड़े नजर आ रही हैं। इसके अलावा साई ने तमिलनाडु मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के साथ भी तस्वीरें शेयर कीं। इस पोस्ट के साथ साई ने कैप्शन में लिखा, 'कलैमामणि पुरस्कार मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। मैं बचपन से इस नाम को सुनती आई हूं। तमिलनाडु सरकार, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और टीएन इयाल इसाई नादगा मंद्रम को धन्यवाद।



# आज रिलीज होगा धुरंधर का ट्रेलर

**मुंबई।** बीते दिनों फिल्म धुरंधर के निर्माताओं ने ट्रेलर रिलीज इवेंट को कैंसिल कर दिया था। अब मेकर्स ने ट्रेलर रिलीज की नई तारीख और समय का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही फिल्म से अभिनेता अक्षय खन्ना का फर्स्ट लुक भी जारी किया गया है। इसमें उन्हें बेहद खतरनाक अंदाज में देख जा रहा है। निर्माताओं ने फिल्म 'धुरंधर' के ट्रेलर रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। 18 नवंबर को दिन के 12 बजकर 12 मिनट पर फिल्म का ट्रेलर रिलीज होगा। यह फिल्म 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह एक स्पाई-थ्रिलर एक्शन फिल्म होगी। पहले फिल्म का ट्रेलर निर्धारित तिथि 12 नवंबर को रिलीज किया जाना था। हालांकि, मेकर्स ने दिल्ली धमाके और दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के स्वास्थ्य का कारण बताते हुए इस कैंसिल कर दिया था।

टीवी मसाला



# अमिताभ बच्चन की बात सुन मनोज के उड़ गए तोते

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 में फैमिली मैन 3 के एक्टर्स हॉट सीट पर थे। मनोज बाजपेयी, शारिब हासमी और जयदीप अहलावत ने गेम शो के दौरान खूब मजे किए। प्रोमो में मनोज बाजपेयी जयदीप अहलावत और शारिब हाशमी को अमिताभ बच्चन के साथ हुई एक खतरनाक घटना के बारे में बता रहे हैं। वह बताते हैं, 'अमितजी ने एक बार मुझे मार दिया था। मेरा हार्ट अटैक हो जाता सिर्फ अमितजी के कारण। ये पूरा प्लान किया गया था मुझे ऊपर लेके जाना का। मैं अवाक रह गया कि इन्होंने क्या बोला। इन्होंने मेरी जान ले ली थी।' इस पर अमिताभ बच्चन मनोज बाजपेयी से कहते रहे कि सबको पूरा सच बताएं कि असल में क्या हुआ था, लेकिन मनोज बाजपेयी ने ये राज नहीं खोला। हालांकि कपिल शर्मा के शो पर मनोज बाजपेयी एक बार बता चुके हैं कि बिग बी ने उनके साथ क्या प्रैंक किया था। मनोज और अमिताभ बच्चन अक्स फिल्म में साथ काम कर चुके हैं। मनोज ने बताया था कि एक एक्शन सीन में उन्हें 100 फीट से कूदना था। मनोज बाजपेयी ऊंचाई से डरते हैं। उन्होंने बताया था, 'पहले तो मैंने जाके देखा, मैंने कहा, यार किसी तरह यह अवॉइड हो सकता है क्या। एक्शन डायरेक्टर ने मुझे बहुत तैयार किया, मनोज तू घबरा मत, सब हो जाएगा, सिर्फ आंख बंद कर लेना। बच्चन साब रहेंगे वहां पे कुछ नहीं होगा तुझे। सब ठीक होगा बस अपनी आंखें बंद कर लो।' मनोज बाजपेयी ने बताया कि वह पूरे समय अपनी आंखें बंद किए रहे, उन्हें एक झरने के पास कूदने के लिए ले जाया जा रहा था। बोले, 'आंख बंद किया हुआ मैंने, बच्चन साब मेरा हाथ पकड़े हुए हैं। हम लोग करीब 80-85 फीट तक गए थे तो बच्चन साब की आवाज आई, मनोज यार कुछ हो जाए तो जया को बोल देना कि यार... मैंने कहा, सर मैं डर रहा हूं। वो बोले, यार सच में घर पर खबर कर देना।' इस शूट में मनोज बाजपेयी की हालत खराब हो गई थी।

## रुबीना दिलैक-अभिनव शुक्ला बने विनर

नई दिल्ली। टीवी का पॉपुलर कपल रियालिटी शो धमाल विद पति पत्नी और पंगा का बीते रविवार को फिनाले था। ड्रामा, इमोशन और मनोरंजन से भरपूर इस शो का पहला सीजन खत्म हो गया है। पति पत्नी और पंगा एक नए कॉन्सेप्ट की शुरुआत थी। इस रियालिटी शो के पहले सीजन के विनर टीवी जगत के लोकप्रिय कपल रुबीना दिलैक और अभिनव शुक्ला हैं। इस जोड़ी ने सर्वगुण संपन्न टाइटल जीत शो का खिताब अपने नाम किया है। रुबीना दिलैक और अभिनव शुक्ला ने गुरमीत चौधरी और देबिना बनर्जी को हराकर शो की ट्रॉफी अपने नाम की। देबिना और गुरमीत दूसरे नंबर पर रहे। फैंस का मानना है अभिनव शुक्ला रुबीना के लिए लकी हैं। रुबीना के साथ अभिनव शुक्ला ने बिग बॉस में भी हिस्सा लिया था और एक्ट्रेस ने उस रियालिटी शो का खिताब भी अपने नाम करने में सफल रही थीं।



# मां ने जिस बेटी को बनाया सुपरस्टार उसी ने कोर्ट में घसीटा

*शोभना समर्थ का असल नाम सरोज शिलोत्री था। अभिनेत्री का शुरुआती जीवन बहुत कठिन रहा, क्योंकि पिता की मौत के बाद वे अपनी मां के साथ बॉम्बे में अपने मामा के घर आ गईं और वहीं कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ाई की, लेकिन घर की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए उन्होंने फिल्मों में कदम रखा। उनके मामा ने फिल्मों में काम करने का विरोध किया, क्योंकि फिल्मों में काम करने वाली लड़कियों को गलत नजर से देखा जाता था। उस वक्त रंगमंच या फिल्मों में महिलाओं का रोल करने के लिए पुरुष ही महिला बनते थे या सेक्स वर्कर महिला का किरदार निभाती थीं। इसके अलावा, इस पेशे में न तो ज्यादा वेतन मिलता था और न ही सम्मान। इन सभी चुनौतियों का सामना करते हुए शोभना समर्थ ने फिल्मों में कदम रखा।*

**नई दिल्ली।** शोभना समर्थ ने करियर की शुरुआत 1935 में आई फिल्म 'निगाह-ए-नफरत' से की। फिल्म उर्दू और मराठी में रिलीज हुई थी, लेकिन बाद में फिल्म हिंदी में भी आई। फिल्म पर्दे पर असफल रही, लेकिन शोभना पहली ही फिल्म से चर्चा में आ गईं थीं। वह 1937 में आई 'कोकिला', 1936 में आई 'दो दीवाने', 1938 में आई 'निराला हिंदुस्तान', और 1939 में आई 'पति पत्नी' समेत कई फिल्मों में दिखीं, लेकिन उन्हें पहचान 1943 में आई प्रसिद्ध फिल्म 'राम राज्य' से मिली, जिसमें उन्होंने मां सीता का रोल किया था।




## पैसों के गलत इस्तेमाल का आरोप

एक्ट्रेस ने फिल्म निर्देशक कुमारसेन समर्थ से शादी की। कपल चार बच्चों के माता-पिता बने। उन्होंने बेटी नूतन, तनुजा, चतुरा और एक बेटे जयदीप की परवरिश की। नूतन और तनुजा, दोनों 1950-1980 के दशक की शीर्ष अभिनेत्रियां रहीं। इतना ही नहीं, इस विरासत को आगे बढ़ाते हुए तनुजा की बेटी एक्ट्रेस काजोल मशहूर अभिनेत्री रही हैं और आज तक पर्दे पर उनका जलवा कायम है। नूतन ने अपनी मां शोभना समर्थ पर पैसों के गलत इस्तेमाल का आरोप लगाया था, जिससे बात कोर्ट तक जा पहुंची। नूतन का तर्क था कि उनकी प्रोडक्शन कंपनी में जो पैसा आता है, वह नूतन के हिस्से में भी आता है, इसलिए वह अपने 30% हिस्से का ही टैक्स देंगी और बाकी टैक्स का भुगतान शोभना समर्थ को करना होगा।

# धर्मवीर में पहली बार बाल कलाकार के रूप में पर्दे पर आए थे बॉबी

**नई दिल्ली।** लॉर्ड बॉबी यानी एक्टर बॉबी देओल ने साल 1995 में फिल्म 'बरसात' से एक्टिंग डेब्यू किया था। मगर, पहली फिल्म से 18 साल पहले ही वे पर्दे पर नजर आ चुके थे। बॉबी देओल नजर आए बतौर बाल कलाकार। अपने पिता और दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र की फिल्म 'धर्मवीर' में बॉबी देओल ने उनके बचपन का रोल निभाया। बॉबी ने सिर्फ एक डायलॉग बोलकर अपनी मासूमियत से दर्शकों का दिल जीत लिया। बॉबी देओल ने जब 'धर्मवीर' में काम किया तब उनकी उम्र महज छह साल थी। एक इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया, 'मैं छह साल का था। मैं हमेशा से एक्टर बनना चाहता था, पापा की फिल्म धर्मवीर की शूटिंग हो रही थी और उन्हें एक बच्चा चाहिए था, जिसकी टांगे पापा की तरह हैवी हों, लेकिन उन्हें ऐसा कोई भी बच्चा नहीं मिल पाया, वहीं, एक मिला भी तो वह काफी कमजोर था'।



## एक रात पहले पिता धर्मेंद्र ने पूछा था सवाल

बॉबी देओल ने आगे कहा, 'फिर पापा ने मेरे बारे में सोचा। एक रात पहले ही उन्होंने मुझसे पूछा, 'क्या तुम मेरी फिल्म में काम करोगे? मेरे बचपन का रोल है। मैंने पापा को कहा, 'हां, क्यों नहीं'। अगले दिन मैं सेट पर गया। मुझे थोड़ी घबराहट हो रही थी। मुझे मेरे पिता की जैसी एक ड्रेस पहनाई गई। फिल्म में बॉबी देओल हथौड़ा मारकर पत्थर तोड़ते हैं। सीन में उनसे कहा जाता है, 'तू राम दीन का बेटा है। हथौड़े का एक फटका दस के बराबर होना चाहिए'। इस पर बॉबी देओल कहते हैं, 'ये बात है बाबा तो ये लो'। वह हथौड़ा मारते हैं और इसके बाद सीन में धर्मेंद्र की एंट्री हो जाती है।

## कई ऐसे कलाकार हैं, जो अपने किरदार को रियल बनाने करते हैं कड़ी मेहनत


# इन कलाकारों ने बॉडी में किया इतना बदलाव कि पहचानना हुआ मुश्किल

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के कई ऐसे कलाकार हैं, जो अपने किरदार को निभाने के लिए बहुत मेहनत करते हैं। कई कलाकार ऐसे हैं, जिन्होंने किरदार को रियल बनाने के लिए ट्रेनिंग ली। कई कलाकारों ने अपना वजन घटाया। आज हम उन कलाकारों के बारे में बात करेंगे, जिन्होंने फिल्मों में किरदार निभाने के लिए अपनी बॉडी में बड़े बदलाव किए।*

**रणदीप हुड्डा :** साल 2016 में रिलीज हुई फिल्म 'सरबजीत' में अभिनय करने के लिए रणदीप हुड्डा ने अपनी बॉडी में बड़ा बदलाव किया था। सरबजीत सिंह के किरदार में ढलने के लिए उन्होंने 28 दिन में अपना वजन 18 किलोग्राम कम कर लिया था। वजन घटने के बाद रणदीप हुड्डा को पहचानना मुश्किल हो रहा था।



**ऋतिक रोशन :** साल 2019 में रिलीज हुई फिल्म 'सुपर 30' काफी चर्चा में रही। यह फिल्म इसलिए भी चर्चा में रही थी, क्योंकि फिल्म में आनंद कुमार का किरदार निभाने के लिए ऋतिक रोशन ने वजन बढ़ाया। उन्होंने अपने सिक्स पैक छोड़े थे, ताकि वह आम आदमी की तरह दिख सकें। उनके इस लुक की काफी तारीफ हुई थी।



**राजकुमार राव :** साल 2016 में रिलीज हुई फिल्म 'ट्रैप्ड' में राजकुमार राव ने एक ऐसे शख्स का किरदार निभाया था, जो एक अपार्टमेंट फंस जाता है। इसके बाद वह कई दिनों तक भूखा रहता है। इस किरदार को निभाने के लिए उन्होंने अपना वजन घटाया था। वजन कम करने के दौरान उन्होंने ब्लैक कॉफी और गाजर खाया।



**आमिर खान :** फिल्म 'दंगल' (2016) में आमिर खान ने पहले एक पहलवान, फिर दो बेटियों के कोच और पिता का किरदार निभाया है। कोच और पिता का किरदार निभाने के लिए आमिर खान ने पहले अपना वजन 27 किलो बढ़ा लिया। इसके बाद नौजवान पहलवान का किरदार निभाने के लिए उन्होंने वजन कम किया। फिल्म में उनकी अदाकारी को खूब पसंद किया गया।



**फरहान अख्तर :** फरहान अख्तर उन कलाकारों में से एक हैं, जिन्होंने रियल दिखने के लिए अपनी बॉडी में बदलाव किए। फिल्म 'तूफान' (2021) में उन्होंने एक बॉक्सर का किरदार निभाया है। इसके लिए उन्होंने बॉक्सिंग की ट्रेनिंग ली। अपने किरदार के हिसाब से दिखने के लिए उन्होंने वजन कम किया और काफी मेहनत की।



# सिनर ने अपने चिर प्रतिद्वंदी अल्काराज को हराकर रखा एटीपी फाइनल्स का खिताब बरकरार

### पुरुष टेनिस में दबदबा बनाए रखने वाले दोनों खिलाड़ियों के बीच हुई छठी भिड़ंत

एजेंसी ▸▸| तूरिन

विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर ने अपने चिर प्रतिद्वंदी और विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर काबिज कार्लोस अल्काराज को 7-6 (4), 7-5 से हराकर एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब बरकरार रखा। यह इस साल पुरुष टेनिस में दबदबा बनाए रखने वाले इन दोनों खिलाड़ियों के बीच छठी भिड़ंत थी।

इटली के सिनर ने अपने घरेलू प्रशंसकों के सामने खिताब का बचाव किया, जो इस वर्ष अल्काराज पर उनकी दूसरी जीत थी। इससे पहले उन्होंने विंबलडन फाइनल में भी इस स्पेनिश खिलाड़ी को हराया था।

#### तीन ग्रैंडस्लैम फाइनल में आमने-सामने रहे दोनों दिग्गज

सिनर और अल्काराज पिछले तीन ग्रैंडस्लैम फाइनल में आमने-सामने रहे हैं। अल्काराज ने सिनर को पांचवें सेट के टाईब्रेकर में हराकर फ्रेंच ओपन जीता। सिनर ने विंबलडन में बदला चुकता किया लेकिन अल्काराज अमेरिकी ओपन के फाइनल में फिर से जीत हासिल करने में सफल रहे।



#### युगल फाइनल में जीती हेलियोवारा और पैटन की जोड़ी

अल्काराज ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि आप (सिनर) अगले साल के लिए तैयार रहोगे क्योंकि मैं आपके खिलाफ और अधिक फाइनल खेलने के लिए तैयार रहूंगा।' इस बीच युगल फाइनल में हैरी हेलियोवारा और हेनरी पैटन ने जो सैलिसबरी और नील स्कुप्स्की को 7-5, 6-3 से हराया।

#### सिनर से 10-6 से आगे अल्काराज

इस साल दो ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले सिनर ने कहा, 'यह सत्र अविश्वसनीय रहा। इटली के अपने प्रशंसकों के सामने इस तरह से इसे समाप्त करना मेरे लिए बहुत खास है।' अल्काराज ने पहले ही वर्ष के अंत में नंबर एक रैंकिंग अपने नाम सुरक्षित कर ली थी। वह वर्ष के शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच खेली गई इस प्रतियोगिता में अपना पहला फाइनल खेल रहे थे। अल्काराज अभी भी सिनर के साथ अपने करियर मुकाबलों में 10-6 से आगे हैं।

#### सिया कोलीसी ने अल्काराज-सिन्नर के मुकाबले को बताया ऐतिहासिक

ट्यूरिन में एक तरफ रग्बी के मैदान पर सिया कोलीसी ने दक्षिण अफ्रीका को इटली के खिलाफ 32-14 से जीत दिलाई, वहीं कुछ ही घंटों बाद वे निट्टो एटीपी फाइनल्स में पहुंचे, जहां कार्लोस अल्काराज और सिनर का मुकाबला देखा और इसे ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि यह अनुभव उनके लिए बेहद खास रहा है। कोलीसी ने माना कि स्पेनिश खिलाड़ी की ताकत और गति वाकई देखने लायक है। गौरतलब है कि कोलीसी की टेनिस खिलाड़ियों से करीबियां नई बात नहीं है। वे पहले भी रोजर फेडरर के साथ कई कार्यक्रमों में साथ देखे जा चुके हैं। कोलीसी ने बताया कि फेडरर से उन्होंने सबसे ज्यादा यह सीखा है कि खेल में मानसिक दृढ़ता कितनी महत्वपूर्ण होती है। एक पॉइंट खोने के बाद तुरंत अगले पॉइंट पर ध्यान लगाना ही असली चैंपियन की पहचान है।

## खबर संक्षेप




### पाकिस्तान ने श्रीलंका को 6 विकेट से हराया

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में श्रीलंका को 32 गेंद शेष रहते छह विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। श्रीलंका के बल्लेबाज फिर से अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए और उसकी टीम 45.2 ओवर में 211 रन बनाकर आउट हो गई। सदीरा समरविक्रमा ने 48 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। उनके अलावा कप्तान कुशल मेंडिस ने 34 और पवन रत्नायके ने 32 रन का योगदान दिया। पाकिस्तान की तरफ से मोहम्मद वसीम ने तीन विकेट लिए। पाकिस्तान ने 44.4 ओवर में चार विकेट पर 215 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। उसकी तरफ से मोहम्मद रिजवान (नाबाद 61) और फखर जमां (55) ने लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक जमाए। उनके अलावा बाबर आजम ने 34 रन का योगदान दिया। हुसैन तलत 42 रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान ने पहले एकदिवसीय मैच में छह रन से और दूसरे मैच में आठ विकेट से जीत दर्ज की थी।

### टेस्ट क्रिकेट को किया जा रहा बर्बाद : हरभजन

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने ईडन गार्डन्स जैसी कम तैयार और गेंदबाजों के लिए अत्यधिक अनुकूल पिच को 'टेस्ट क्रिकेट का विनाश' करार देते हुए कहा कि इस तरह की स्थिति खिलाड़ियों के वास्तविक विकास में बाधा डालती है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 124 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत 30 रनों से हार गया और यह मुकाबला तीन दिन के अंदर ही समाप्त हो गया। हरभजन ने कहा, 'उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। टेस्ट क्रिकेट को भावपूर्ण श्रद्धांजलि।' उन्होंने कहा, ' उन्होंने जिस तरह का काम किया है, जिस तरह की पिचें इतने वर्षों से बनाई जा रही हैं, मैं उसे देखता आ रहा हूं। कोई इसके बारे में बात नहीं करता क्योंकि जब टीम जीत रही होती है तो सब ठीक लगता है।



### ईस्ट बंगाल महिला टीम ने ईरान को हराया



**वुहान।** सिल्की हेमम, फाजिला इक्वापुट और रेस्टी नानजिरी के गोल की बदौलत ईस्ट बंगाल एफसी ने एएफसी महिला चैंपियंस लीग 2025-26 ग्रुप बी के अपने पहले मैच में ईरान की टीम बाम खातून एफसी को 3-1 से शिकस्त दी टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में मिली जीत ईस्ट बंगाल का हौसला बढ़ेगा क्योंकि अब टीम के सामने अगले मैच में गत चैंपियन वुहान जियांगडा महिला एफसी की मुश्किल चुनौती होगी। सिल्की ने मैच के चौथे मिनट में ही ईस्ट बंगाल को बढ़त दिला दी। इक्वापुट ने मैच के 32वें मिनट में अमनाह नाबाबी के मिली शानदार पास को गोल में बदलकर इस बढ़त को दोगुना कर दिया।

### रणजी ट्रॉफी : स्मरण ने चंडीगढ़ के खिलाफ खेली 227 रन की नाबाद पारी

# 22 साल के स्मरण का धमाल, फर्स्ट क्लास क्रिकेट में बनाई तीसरी बार डबल सेंचुरी

### स्मरण को आईपीएल 2026 के लिए सनराइजर्स हैदराबाद ने किया रिटेन

एजेंसी ▸▸| हुबली

रणजी ट्रॉफी में कर्नाटक के 22 साल के बाएं हाथ के बल्लेबाज आर स्मरण ने दूसरा दोहरा शतक जड़ दिया। उन्होंने हुबली में ग्रुप बी के मुकाबले में चंडीगढ़ के खिलाफ 227 रन की नाबाद पारी खेली। यह आर स्मरण का इस सीजन में दूसरा दोहरा शतक रहा। उनकी इस पारी से कर्नाटक ने आठ विकेट पर 547 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। स्मरण के अलावा करुण नायर ने 95, श्रेयस गोपाल ने 62 और शिखर शेट्टी ने 59 रन बनाए।

बल्लेबाज स्मरण जब बल्लेबाजी को उतरे तब कर्नाटक की टीम तीन विकेट पर 64 रन के स्कोर पर जूझ रही थी। उन्होंने नायर के साथ 119 रन की साझेदारी की। इससे कर्नाटक की टीम मुकाबले में वापसी हुई। नायर के आउट होने के बाद स्मरण ने एक छोर थाम लिया और टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने 343 गेंद में 15 चौकों व एक छक्के की मदद से दोहरा शतक पूरा किया। यह फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनकी कुल तीसरी डबल सेंचुरी रही।




#### स्मरण 12 मैच में ठोक चुके हैं तीन दोहरे शतक

स्मरण ने पिछले सीजन कर्नाटक के लिए फर्स्ट क्लास डेब्यू किया था। अभी तक 12 मैच इस फॉर्मेट में खेले हैं और कुल चार शतक व तीन अर्धशतक उनके नाम हैं। चार शतकों में से तीन तो दोहरे शतक हैं। उन्होंने पहली डबल सेंचुरी पंजाब के खिलाफ जनवरी 2025 में लगाई थी। इसके बाद नवंबर 2025 में वर्तमान सीजन के तीसरे राउंड में केरल के खिलाफ नाबाद 220 रन की पारी खेली। अब चंडीगढ़ के खिलाफ पांचवें राउंड में भी दोहरा शतक बनाया। इसमें उन्होंने 16 चौके व दो छक्के लगाए।

#### स्मरण को सनराइजर्स ने किया था रिटेन

स्मरण को पिछले आईपीएल सीजन के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद ने इंजरी रिप्लेसमेंट को तौर पर लिया था। हालांकि खेलने का मौका नहीं मिला लेकिन उन्हें आईपीएल 2026 के लिए रिटेन किया गया है। फ्रेंचाइज के इस दांव को सही कहा जा रहा है क्योंकि स्मरण को काफी प्रतिभाशाली कहा जा रहा है। उनकी टी20 में स्ट्राइक रेट 170 की है। अभी तक इस फॉर्मेट में उन्होंने छह मैच खेले हैं और एक फिफ्टी से 170 रन बनाए हैं।

### गोवा के खिलाफ सौराष्ट्र ने खड़ा किया पहाड़ जैसा स्कोर

रणजी ट्रॉफी के पांचवें चरण के मुकाबले में गोवा के खिलाफ सौराष्ट्र ने पहली पारी में सात विकेट पर 585 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। सौराष्ट्र को इस स्कोर तक पहुंचाने में टीम के बल्लेबाज प्रेरक मांकड़ और समर गज्जर की शतकीय पारी के अलावा गोवा के ऑलराउंडर अर्जुन तेंदुलकर तथा दर्शन मिसाल का भी बड़ा योगदान रहा। सौराष्ट्र के खिलाफ गोवा के तेज गेंदबाज अर्जुन तेंदुलकर ज्यादा प्रभावी नहीं रहे, जबकि दर्शन मिसाल बल्लेबाजों की रफ्तार पर लगाम लगाने में नाकाम रहे। अर्जुन तेंदुलकर ने जहां 29 ओवर में 145 रन लुटाए। वहीं दर्शन मिसाल ने 46 ओवर में 195 रन दिए। दर्शन मिसाल तो चार बल्लेबाजों को पवेलियन भेजने में भी सफल रहे, जबकि अर्जुन तेंदुलकर सिर्फ एक विकेट ही चटका पाए। गोवा के लिए कौशिक और मोहित रेडकर ने भी एक-एक सफलता हासिल की। सौराष्ट्र के मध्यक्रम के बल्लेबाज प्रेरक ने शानदार पारी खेलते हुए 4 छक्के और 18 चौकों की मदद से 155 रन बनाए। समर गज्जर ने भी 14 चौके और एक छक्के की मदद से 168 गेंद में 116 रन की पारी खेली। हेतविक कोटक 50 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी 119 गेंद की पारी में छह चौके लगाए। पार्थ भट 26 रन बनाकर आउट हुए। धर्मेंद्र सिंह जडेजा ने 15 रन बनाकर नाबाद रहे। टीम का स्कोर जब 150 ओवर में 7 विकेट पर 585 रन था, तभी सौराष्ट्र के कप्तान जयदेव उनादकट ने पारी समाप्ति की घोषणा की।

### निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप

## गोल्ड से चूके गुरप्रीत, जीता रजत तीसरे स्थान पर रहा भारत



एजेंसी ▸▸| काहिरा

ओलंपियन गुरप्रीत सिंह पुरुषों की 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में विश्व चैंपियन बनने के बेहद करीब पहुंच गए थे लेकिन यहां ओलंपिक निशानेबाजी रेंज में यूक्रेन के पावलो कोरोस्टाइलोव से इनर 10 (10 अंक का अंदरुनी हिस्सा) के आधार पर हारने के बाद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। यह विश्व चैंपियनशिप में गुरप्रीत का दूसरा व्यक्तिगत पदक है। उन्होंने इससे पहले 2018 में चांगवोन में 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में ही रजत पदक जीत था। भारत तीन स्वर्ण, छह रजत और चार कांस्य सहित कुल 13 पदक के साथ चीन और दक्षिण कोरिया के बाद तीसरे स्थान पर रहा। चीन ने 12 स्वर्ण, सात रजत और दो कांस्य पदक सहित कुल 21 पदक जीते। दक्षिण कोरिया ने सात स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक से दूसरा स्थान हासिल किया।

#### गुरुप्रीत ने प्रिसिजन और रेपिड चरणों में जुटाए थे कुल 584 अंक

गुरप्रीत ने दो दिन की प्रतियोगिता में प्रिसिजन और रेपिड चरणों में कुल 584 अंक जुटाए, जिसमें 18 निशाने 10 अंक के अंदरुनी हिस्से में रहे। कोरोस्टाइलोव ने 29 निशाने 10 अंक के अंदरुनी हिस्से में मारे। उन्होंने अंतिम रेपिड दौर में 100 का परफेक्ट स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक जीता। गुरप्रीत प्रिसिजन चरण के बाद 288 अंक (95,97,96) के साथ नौवें स्थान पर थे लेकिन दूसरे दिन वापसी करते हुए रेपिड चरण में 296 (98,99,99) का शानदार स्कोर बनाकर रजत पदक जीता। प्रिसिजन चरण के बाद 291 अंक के साथ शीर्ष रह मौजूद रहे यूक्रेन के निशानेबाज ने रेपिड चरण में 293 अंक हासिल करके गुरप्रीत के स्कोर की बराबरी की और 10 अंक के अंदरुनी हिस्से में अधिक निशाने लगाकर खिताब जीता। प्रिसिजन चरण में हरप्रीत सिंह 291 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए पदक की दौड़ में थे लेकिन रेपिड चरण में 286 अंक ही बना पाए और नौवें स्थान पर रहे।

### बधिर ओलंपिक

## अनुया ने जन्मदिन पर विश्व रिकॉर्ड तोड़ा, जीता गोल्ड



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

युवा अनुया प्रसाद और प्रांजलि प्रशांत धूमल ने तोक्यो में चल रहे बधिर ओलंपिक में महिलाओं की दस मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक हासिल किया। अनुया ने अपने जन्मदिन पर बधिर फाइनल विश्व रिकॉर्ड तोड़कर पहला स्थान हासिल किया जबकि प्रांजलि ने क्वालीफिकेशन में विश्व रिकॉर्ड तोड़कर फाइनल में जगह बनाई थी। पुरुषों की दस मीटर एयर पिस्टल में अभिनव देशवाल ने क्वालीफिकेशन विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की और रजत पदक जीता।

#### भारत के निशानेबाजी में सात पदक

भारत के दूसरे दिन निशानेबाजी में सात पदक हो गए हैं। हैदराबाद में ओलंपियन गगन नारंग की अकादमी में प्रशिक्षण लेने वाले धनुष श्रीकांत ने रविवार को 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता था। अनुया ने क्वालीफिकेशन दौर में 564 स्कोर करके तीसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। वहीं प्रांजलि ने क्वालीफिकेशन में नया रिकॉर्ड बनाते हुए 572 स्कोर किया था। उन्नीस वर्ष की अनुया ने फाइनल में 241.1 स्कोर करके पीला तमगा जीता। इससे पहले हनोवर में पिछले साल उन्होंने बधिर विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीता था। ईरान की महला सामी को कांस्य पदक जीता। पुरुष वर्ग में 2022 बधिर ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता अभिनव देशवाल ने 235.2 स्कोर करके रजत पदक जीता। कोरिया के ताए यंग किम वोन ने 238.2 अंक के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। क्रोएशिया के बोरिस ग्रामनियाक को कांस्य पदक मिला।



### लक्ष्य और प्रणय पेश करेंगे चुनौती सात्विक-चिराग पर रहेगी निगाह

**सिडनी।** भारत के एकल खिलाड़ी जब अपने प्रदर्शन में निरंतरता हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं तब एक बार फिर सभी की निगाहें सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष युगल जोड़ी पर टिकी रहेगी, जो 18 नवंबर से शुरू हो रहे आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सत्र का अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन का पहला मुकाबला चीनी ताइपे के चांग को-ची और पो ली-वेई से होगा। वहीं चोटों और खराब फॉर्म से जूझ रहे भारत के एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय अपने प्रदर्शन में निरंतरता लाने की कोशिश करेंगे।



**ली यांग से लक्ष्य का पहला मुकाबला :** लक्ष्य पिछले सप्ताह जापान ओपन के सेमीफाइनल में हार गए थे। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में उनका पहला मुकाबला चीनी ताइपे के सु ली यांग से होगा। प्रणय की इस टूर्नामेंट में पिछले साल उपविजेता रहे थे लेकिन फिलहाल वह भी लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

## राजस्थान रॉयल्स के निदेशक संगकारा को मिली मुख्य कोच की भी जिम्मेदारी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ के मुख्य कोच पद से हटने के बाद राजस्थान रॉयल्स ने श्रीलंका के दिग्गज कुमार संगकारा को 2026 में होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए अपना मुख्य कोच नियुक्त किया। द्रविड़ ने इस साल अगस्त में फ्रेंचाइजी छोड़ दी थी। संगकारा 2021 से फ्रेंचाइजी के क्रिकेट निदेशक रहे हैं। वह 2021 से 2024 तक मुख्य कोच की भूमिका भी निभा रहे थे।

राजस्थान रॉयल्स ने कहा 'क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा आईपीएल 2026 के लिए मुख्य कोच के रूप में भी कार्यभार संभालेंगे।' पूर्व भारतीय कप्तान द्रविड़ का कार्यकाल अचानक समाप्त हो गया, जो 2025 में लंबी अवधि के अनुबंध के साथ फ्रेंचाइजी में लौटे थे। टी20 विश्व कप विजेता पूर्व राष्ट्रीय कोच ने इस साल की शुरुआत में टीम के खराब प्रदर्शन की 'संरचनात्मक समीक्षा' के बाद पद छोड़ दिया। राजस्थान रॉयल्स का पिछले सत्र में प्रदर्शन बेहद खराब रहा था तथा उसकी टीम 10 टीमों के इस टूर्नामेंट में 14 मैचों में से केवल चार जीत के साथ नौवें स्थान पर रही थी। राजस्थान रॉयल्स ने पिछले सत्र तक अपने कप्तान रहे संजू सैमसन को चेन्नई सुपर किंग्स के साथ ट्रेड किया है। इसके बदले में उसने रविंद्र जडेजा को अपनी टीम में शामिल किया है।



### 2026 में अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में होगा फीफा विश्व कप

# हालंद ने दिलाया नॉर्वे को 28 साल बाद विश्व कप का टिकट

एजेंसी ▸▸| लिस्बन

एर्लिंग हालंद के दो शानदार गोलों की बदौलत नॉर्वे ने इटली को 4-1 से हराकर 1998 के बाद पहली बार फुटबॉल विश्व कप में जगह बना ली। दूसरी ओर, अफ्रीका में हुए निर्णायक मुकाबले में कांगो ने नाइजीरिया को पेनल्टी शूटआउट में हराकर 2026 विश्व कप की दौड़ से बाहर कर दिया। फीफा विश्व कप 2026 में 48 टीमें हिस्सा लेंगी।

#### नॉर्वे ने अपने ग्रुप में जीते सभी मैच, हासिल किए 24 अंक

मिलान के मशहूर मैदान में हुए मुकाबले में नॉर्वे को विश्व कप में पहुंचने के लिए भारी हार से बचना था, लेकिन टीम ने इसके बजाय अपने ग्रुप में सभी मैच जीतकर 24 अंक हासिल किए। हालंद ने 78वें और 79वें मिनट में लगातार दो गोल दागे। अब तक पूरे अभियान में हालंद ने 16 गोल किए, जो यूरोप में सबसे अधिक हैं। नॉर्वे के कोच स्टेल सोलबेक्कन ने कहा, 'हमने अपना काम शानदार तरीके से पूरा किया है, अब आगे की रणनीति तय होगी।' बता दें कि 1998 में जब नॉर्वे विश्व कप खेला था, तब हालंद के पिता टीम का हिस्सा थे।



#### इटली को अब प्ले-ऑफ सहारा

इटली के लिए यह हार बेहद निराशाजनक रही। 11वें मिनट में इटली ने गोल किया, लेकिन इसके बाद 63वें मिनट में नुसा ने बराबरी की। उसके बाद हॉलैंड ने दो गोल दागे। इंजरी समय में नॉर्वे के जॉर्गन लार्सन ने चौथा गोल ठोक दिया। इससे इटली लगातार तीसरी बार विश्व कप से बाहर होने के कगार पर खड़ा है। टीम 2018 और 2022 में भी फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई थी।

#### अब तक कुल 32 टीमें कर चुकी हैं क्वालिफाई

**मेजबान देश :** कनाडा, मेक्सिको, संयुक्त राज्य अमेरिका
**एशिया :** ऑस्ट्रेलिया, ईरान, जापान, जॉर्डन, कतर, सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया, उज्बेकिस्तान
**अफ्रीका :** अल्जीरिया, केप वर्ड, मिस्त्र, घाना, आइवरी कोस्ट, मोरक्को, सेनेगल, दक्षिण अफ्रीका, ट्यूनीशिया
**यूरोप :** क्रोएशिया, इंग्लैंड, फ्रांस, नॉर्वे, पुर्तगाल
**ओशिनिया :** न्यूजीलैंड
**दक्षिण अमेरिका :** अर्जेंटीना, ब्राजील, कोलंबिया, इक्वाडोर, पराग्वे, उरुग्वे




# शहर में कड़ाके की सर्दी के बीच झील किनारे लुभा रहा सनसेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में सर्दी के इतिहास में यह पहला अवसर है, जब कड़ाके की सर्दी के बीच बड़ी झील किनारे शाम होते ही सैलानी सनसेट के लिए बड़ी संख्या में उमड़ रहे हैं। शहर में ठंड अब सभी रिकार्ड तोड़ चुकी है। यहां करीब 150 साल में नवंबर के दूसरे सप्ताह में ऐसी सर्दी नहीं महसूस की गई है। इस लिए शहर के इस बेहद ठंडक मौसम का सैलानी अलग अंदाज में लुत्फ उठा रहे हैं। एक तरफ जहां वनविहार, बोट क्लब, सैरसपाटा, मनुआभान, शाहपुरा झील सैलानियों से गुलजार और लोग शाम के डूबते सूरज का इंतजार के साथ दीदार करते दिख रहे हैं, वहीं ठंड से बचने के लिए शाम होते ही सड़क किनारे आग जलाने वालों की संख्या भी बढ़ गई है। फिलहाल ऐसी खून जमाने वाली सर्दी मंगलवार तक जारी रहने की उम्मीद है, इस लिए लोग इसका भरपूर आनंद ले रहे हैं।

### पचमढ़ी छोड़, भोपाल में ठहर रहे सैलानी

सर्दी में आमतौर पर प्रदेश के प्रमुख हिल स्टेशन पचमढ़ी में सैलानियों की संख्या काफी अधिक होती है। लेकिन यह पहला अवसर है कि प्रदेश ही नहीं अन्य स्थानों से पचमढ़ी के लिए आने वाले सैलानी रात का पारा देखते ही पचमढ़ी की जगह भोपाल में होली_डे और आउंटिंग का आनंद लेना अधिक पसंद करने लगे हैं। इसी वजह से एक सप्ताह में भोपाल के रैनबसेरा से लेकर होटल्स में सैलानियों की संख्या आम दिनों से अधिक देखी जा रही है।

### 150 साल के इतिहास में ऐसी सर्दी नहीं

भोपाल में मौसम विज्ञान केंद्र की स्थापना 1976 में हुई थी, जबकि भारत में 1875 में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रूप में हुई थी। इसकी स्थापना का उद्देश्य भारत में मौसम के व्यवस्थित अवलोकन, नियमित रिपोर्टिंग और वैज्ञानिक पूर्वानुमान के लिए एक केंद्रीकृत प्राधिकरण बनाना था। इसका मुख्यालय शुरू में कलकत्ता में था और बाद में इसे शिमला, पुणे और अंततः दिल्ली में स्थानांतरित कर दिया गया। देश में आईएमडी की स्थापना के बाद से अब तक भोपाल में करीब 150 साल में नवंबर के रिकार्ड में ऐसी सर्दी नहीं पड़ी है।



राजधानी में पड़ रही सर्दी के बावजूद बड़ी संख्या में सैलानी बोट क्लब पहुंचे।

### 40 करोड़ से बन रहे हैं संत हिरदाराम नगर और कस्तूरबा नगर में इलेक्ट्रिक बस डिपो

# शहर में 100 ई-बसों के संचालन के लिए दिसंबर तक बनकर तैयार हो जाएंगे इलेक्ट्रिक बस डिपो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में बदहाल परिवहन व्यवस्था को ट्रैक पर लाने के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। आगामी मार्च माह तक शहर के लोगों को ई-बस में यात्रा करने का मौका मिलेगा। केंद्र सरकार की एक योजना के तहत भोपाल नगर निगम को मिलने वाली 100 ई-बसों के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। बसों की चार्जिंग और उनके रखरखाव के लिए 40 करोड़ से की लागत से संत हिरदाराम नगर और कस्तूरबा नगर में इलेक्ट्रिक बस डिपो बनाने का काम शुरू हो गया है।

नगरीय विकास एवं आवास और नगर निगम प्रशासन का तर्क है कि यह काम दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। ताकि बसों के मिलने के साथ ही इनका संचालन शुरू किया जा सके। एमआईसी मेंबर मनोज राठौर ने बताया कि भोपाल नगर निगम के लिए 100 बसों के लिए मंजूरी मिल गई है। ऐसे भी कयास लगाए जा रहे हैं नई बसें भोपाल नगर निगम को जनवरी या फरवरी माह से मिलना शुरू हो जाएं। इस बसों के मिलने के पूर्व डिपो बनाए जा रहे हैं। यहां बसों की चार्जिंग सुविधा के साथ उनकी पार्किंग, देखरेख, रखरखाव की व्यवस्था रहेगी। मार्च-2026 में पूरी तरह से इन बसों का संचालन शहर में शुरू हो जाएगा।



कस्तूरबा नगर में इस स्थान पर बनेगा बस डिपो।

### सौर उर्जा का प्लांट लगाने की भी योजना

महापौर मालती राय ने बताया कि उन्होंने बीते दिनों ई-बसों के लिए बन रहे इलेक्ट्रिक बस डिपो का निरीक्षण किया है। अधिकारियों को सौर उर्जा के लिए प्लांट लगाने की योजना बनाने को कहा गया है ताकि बिजली का उपयोग चार्जिंग के लिए किया जा सके।

### एक-दो दिन में तैयार हो जाएगा डिजाइन

नगर निगम के कार्यपालन यंत्री प्रमोद मालवीय ने बताया कि इलेक्ट्रिक बसों के डिपो के लिए एक-दो दिन में डिजाइन तैयार हो जाएगा। दो जगहों पर इनका निर्माण होगा। प्रारंभिक रूप से निर्माण कार्य शुरू हो गया है।

### एम्स और बोर्ड ऑफिस मेट्रो स्टेशनों पर भूमि चिन्हित, बनेगी पार्किंग, अन्य के लिए जगह की तलाश

## प्रायोरिटी कॉरिडोर के आठ स्टेशनों पर पार्किंग के लिए डिजाइन तैयार करने में जुटा मेट्रो प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में मेट्रो का संचालन शुरू होने की तैयारियों के बीच मेट्रो प्रशासन के सामने पार्किंग की व्यवस्था करने की समस्या सामने आ गई है। हालांकि इसके लिए एम्स और बोर्ड आफिस मेट्रो स्टेशनों पर पार्किंग की तैयारी की जा रही है जबकि अन्य स्टेशनों पर पार्किंग के लिए जगह की तलाश शुरू हो गई है। पार्किंग के लिए डिजाइन तैयार करने का काम शुरू हो गया है, लेकिन केवी मेट्रो स्टेशन पर पार्किंग के लिए जगह जुटाने में दिक्कत आ सकती हैं। प्रायोरिटी कारिडोर के आठ स्टेशनों पर दुपहिया और चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग स्थल की तैयारियों में मेट्रो प्रशासन जुट गया है।

### दो स्टेशनों पर बनेगी पार्किंग

प्रायोरिटी कारिडोर के दो स्टेशनों के लिए मेट्रो प्रबंधन ने जगह तय कर दी है। एमपी नगर बोर्ड आफिस मेट्रो स्टेशन और एम्स मेट्रो स्टेशन पर पार्किंग का निर्माण मेट्रो यात्रियों के लिए जल्द शुरू होगा। बोर्ड आफिस मेट्रो स्टेशन पर दो पहिया वाहनों के लिए पार्किंग बनेगी। यहां पार्किंग के लिए भूमि को समतल करने का काम शुरू हो गया है।

### बीयू की भूमि पर पार्किंग की तैयारी

एम्स मेट्रो स्टेशन के पास बीयू की जमीन पर यात्रियों के लिए पार्किंग बनेगी। इधर सीएमआरएस की विजिट पूरी होने के बाद स्थानीय मेट्रो प्रशासन ओके टू रन रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है। मेट्रो प्रशासन का तर्क है कि कामर्शियल रन के लिए पूरी तैयारी है। रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

### अफसरों की लापरवाही से बढ़ रही पेंडेंसी

## महीने में चार बैठकों में समीक्षा, फिर भी 54 हजार से ज्यादा को सीएम हेल्पलाइन निराकरण का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संभाग कमिश्नर संजीव और कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह सप्ताह में एक बार सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा कर रहे हैं, लेकिन शिकायतों की पेंडेंसी कम नहीं हो रही है। दोनों अफसर टाइम लिमिट बैठक में अफसरों पर कार्रवाई करने के निर्देश देते हैं, लेकिन बैठक खत्म होने के बाद दूसरे हफ्ते फिर निर्देश दे दिए जाते हैं। यही वजह है कि भोपाल संभाग में 54 हजार 909 लोग सीएम से मदद के लिए लाइन में लगे हुए हैं।

- अक्टूबर में आईं 48036 शिकायतों में से 36037 शिकायतें बद

भोपाल संभाग में अब तक 54 हजार 909 शिकायतें लंबित हैं, जबकि 50 दिन से अधिक समय से 22 हजार 977 शिकायतें पेंडिंग बनी हुई हैं। वहीं अक्टूबर महीने में 48 हजार 36 शिकायतें सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज हुई थीं, जिनमें से 36 हजार 37 शिकायतों को बंद किया गया है।

इस तरह अब भी अक्टूबर महीने की 11 हजार 999 शिकायतें लंबित हैं। जिसको लेकर शुक्रवार को संभागायुक्त ने समीक्षा करते हुए निराकरण के निर्देश दिए थे।

इसी तरह सोमवार को हुई समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने भी अधिकारियों को शिकातयों को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए हैं।

### किसानों को समय पर मिले खाद

किसानों को फसल की बोवनी करने के लिए खाद की समस्या का सामना न करना पड़े। इसके लिए विभागों और आपूर्ति एजेंसियों को कलेक्टर ने निर्देश दिए कि खाद का स्टॉक रखा जाए। उन्होंने कृषि, सहकारिता और मार्कफेड अधिकारियों से कहा कि सभी समितियों और विक्रय केंद्रों पर खाद की नियमित आपूर्ति की जाए। अनियमितता या कालाबाजारी को सख्ती से रोका जाए।

### आयुक्त निशक्तजन ने शासन को भेजा पत्र

## मध्यप्रदेश में दिव्यांगजनों को पदोन्नति में आरक्षण देने की अनुशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में दिव्यांग जनों को पदोन्नति में आरक्षण का लाभ दिलाए जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आयुक्त निशक्तजन डॉ. अजय खेमरिया ने सामान्य प्रशासन विभाग जीएडी को औपचारिक अनुशंसा प्रेषित की है।

यह अनुशंसा मप्र दिव्यांग अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा किए गए निवेदन के आधार पर तैयार की गई है। संघ ने राज्य के दिव्यांग अधिकारी कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण उपलब्ध कराने की मांग को लेकर न्यायालयीन आदेशों सहित विस्तृत ज्ञापन आयुक्तालय को प्रस्तुत किया था। आयुक्त द्वारा भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि दिव्यांग अधिनियम 1995 में पदोन्नति में आरक्षण का प्रावधान है, जिसे दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 में भी यथावत रखा गया है।



इसके बावजूद वर्तमान में मप्र में दिव्यांग अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण का लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है।

इस संबंध में हाई कोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित आदेशों के साथ कई दिव्यांग कर्मचारियों ने आयुक्तालय में आवेदन प्रस्तुत किए हैं। आयुक्त निशक्तजन द्वारा की गई इस अनुशंसा के बाद अब राज्य सरकार का निर्णय अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है।

### एनजीटी ने कहा- 7 अक्टूबर के आदेश के बावजूद कोई ठोस प्रगति नहीं

## बड़े तालाब में सीवेज, अतिक्रमण को लेकर बेंच ने जारी किए आदेश, लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में बड़े तालाब में मिल रहे सीवेज और आसपास किए गए अतिक्रमण के मामले पर सुनवाई हुई। इस दौरान भोपाल नगर निगम और भोपाल कलेक्टर को भोपाल वेटलैंड की सुरक्षा में विफल रहने पर फटकार लगी है। पीठ की अध्यक्षता न्यायमूर्ति शिव कुमार सिंह और सुधीर कुमार चतुर्वेदी ने की।

पर्यावरणविद राशिद नूर खान ने पिटीशन दायर की थी, जिनकी ओर से अधिवक्ता हर्षवर्धन तिवारी ने बेंच के सामने पक्ष रखा। बेंच ने दो दिन पहले हुई सुनवाई के दौरान दिए आदेश में कहा कि भोपाल वेटलैंड क्षेत्र में अवैध निर्माण, अतिक्रमण तथा अशोधित जल के प्रवाह जैसी गंभीर पर्यावरणीय उल्लंघन की घटनाएं लगातार जारी हैं, जो न केवल पर्यावरणीय नियमों का उल्लंघन हैं, बल्कि संवैधानिक कर्तव्यों की भी अवहेलना हैं।

### ठोस जवाब प्रस्तुत नहीं कर सका निगम

इस दौरान बेंच ने कहा कि 7 अक्टूबर को दिए गए अपने पूर्व आदेश के बावजूद अतिक्रमण हटाने की दिशा में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है। उक्त आदेश में निगम को सुप्रीम कोर्ट द्वारा 11 दिसम्बर 2024 को पारित आदेश के अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद, क्षेत्र में नए निर्माण और अतिक्रमण जारी हैं। निगम अतिक्रमणों के विवरण पर कोई ठोस जवाब प्रस्तुत नहीं कर सका और समय मांगा। याचिकर्ता के अधिवक्ता ने अधिकरण को सूचित किया कि झील के आसपास अब भी नए निर्माण और अवैध गतिविधियां जारी हैं, जिससे पर्यावरण को गंभीर खतरा है। इस पर बेंच ने भोपाल नगर निगम को आवेदक के साथ संयुक्त स्थल निरीक्षण करने को कहा है। साथ ही सभी अतिक्रमणकारियों तथा लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करनी होगी, जिन्होंने अपने वैधानिक कर्तव्यों का पालन नहीं किया है।







### बाबा महाकाल की अगहन माह में सवारी निकालने की परंपरा, उमड़े श्रद्धालु

मनमहेश रूप में जाना प्रजा का हाल

## 5 किमी लंबे मार्ग पर श्रद्धालुओं की भीड़...राजसी ठाठ-बाट से निकली महाकाल की अंतिम सवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

### सशस्त्र पुलिस बल के जवानों ने राजाधिराज को सलामी दी

श्री महाकालेश्वर मंदिर से कार्तिक-अगहन माह की अंतिम शाही सवारी सोमवार को धूमधाम से निकाली गई। यात्रा का मार्ग 5 किमी का था। सवारी निकलने से पहले शाम 3:30 बजे मंदिर के सभा मंडप में भगवान मनमहेश स्वरूप का पूजन किया गया। इसके बाद उन्हें रजत पालकी में विराजित किया गया। पूजन के समय एसपी प्रदीप शर्मा सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। शाम चार बजे सवारी पूरे लाव लश्कर के साथ नगर भ्रमण के लिए रवाना हुई। मंदिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस बल के जवानों ने राजाधिराज को सलामी दी।



बाबा महाकाल की जगह-जगह पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

### सवारी में दिखा भव्य चल समारोह

चल समारोह में मंदिर का प्रचार वाहन सबसे आगे रहा, जिसके साथ यातायात पुलिस, तोपची दस्ते, श्री महाकालेश्वर का रजत ध्वज, महाकालेश्वर बैंड, घुड़सवार दस्ते और विशेष सशस्त्र बल शामिल हुए। पूरी यात्रा के दौरान भक्तों ने 'महाकाल महाराज की जय' के जयघोष के साथ वातावरण को पूर्णतः आध्यात्मिक रंग से भर दिया।

### मां क्षिप्रा के तट पर मनमहेश की आरती

रामघाट पर मां क्षिप्रा के तट पर भगवान श्री मनमहेश जी का पूजन, अभिषेक और आरती की गई। क्षिप्रा तट पर हुए इस पूजन के दौरान बड़ी संख्या में भक्तों की मौजूदगी देखी गई, जिन्होंने भगवान की दिव्य आरती के दर्शन किए। पूजन के बाद सवारी गंधर्व घाट, गणगौर दरवाजा, मोढ़ की धर्मशाला, कार्तिक चौक, श्री जगदीश मंदिर, श्री सत्यनारायण मंदिर,तेलीवाड़ा चौराहा, कंठाल, सतीगेट और सराफा होते हुए छत्री चौक पहुंची। इसके आगे बाबा की सवारी श्री गोपाल मंदिर पहुंची, जहां भक्तों ने हर्षोल्लास के साथ प्रभु के दर्शन किए।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930